राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

आम जन का आधार

www.jagranmorchadaily@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 04 अंक : 365 | लखनऊ | शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य 05 रूपया



## जल्द होगा मुक्त व्यापार समझौता

# भारत-इजरायल संबंधों को 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का दर्ज़ा : मोदी

एजेंसी



यरूशलम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत-इजरायल संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर स्थापित हैं तथा दोनों देश शीघ्र ही एक पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने यरूशलम में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत और इजरायल के संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर स्थापित हैं तथा समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं। यह ऐतिहासिक निर्णय दोनों देशों के लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

मोदी ने बताया कि दोनों देशों ने 'क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज पार्टनरशिप' स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिससे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिलेगी। उन्होंने इजरायल में यूपीआई के उपयोग के लिए हुए समझौते पर भी प्रसन्नता व्यक्त की तथा डिजिटल हेल्थ सहित अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

रक्षा सहयोग का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच दशकों पुराना विश्वसनीय रक्षा संबंध रहा है और हाल में हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) से इसमें नए आयाम जुड़ेंगे। दोनों देश संयुक्त विकास, संयुक्त उत्पादन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने नागरिक परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की भी बात कही।

कृषि क्षेत्र में सहयोग को 'भविष्य उन्मुख' बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल के सहयोग से भारत में स्थापित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' मित्रता के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इनकी संख्या 100 तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 'विलेजेज ऑफ एक्सीलेंस' और 'इंडिया-इजरायल इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर' की स्थापना से किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

लोगों के बीच संपर्क को संबंधों का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में हुए मैनपावर मोबिलिटी समझौते के तहत भारतीय कामगारों ने इजरायल के निर्माण और केयरगिवर क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अब इस सहयोग का विस्तार वाणिज्य और सेवा क्षेत्रों में भी किया जा रहा है। युवाओं, शोधकर्ताओं और नवोन्मेषकों को जोड़ने के लिए 'इंडिया-इजरायल अकादमिक फोरम' की स्थापना की जा रही है। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आई-मेक़) और भारत-इजरायल-यूएई-अमेरिका पहल (आई2यू2) को नई गति से आगे बढ़ाया जाएगा। आतंकवाद के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने दोहराया कि दुनिया में आतंकवाद का कोई स्थान नहीं है और किसी भी रूप में इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। भारत और इजरायल आतंकवाद तथा उसके समर्थकों के खिलाफ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और आगे भी रहेंगे। पश्चिम एशिया की स्थिति पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता भारत के सुरक्षा हितों से सीधे जुड़ी है। भारत शुरू से संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थक रहा है। ल्लमानवता कभी भी संघर्ष की शिकार नहीं बननी चाहिएल्ल, यह कहते हुए उन्होंने गाजा शांति योजना का समर्थन दोहराया और सभी देशों के साथ संवाद एवं सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### भारत-इजराइल दोस्ती से दुनिया चकित, प्रधानमंत्री का अप्रत्याशित स्वागत

नई दिल्ली । भारत और इजराइल के बीच बढ़ती नजदीकियों और अटूट विश्वास की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने दुनिया भर के देशों को चकित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इजराइल यात्रा इस बात का प्रमाण है कि दोनों देश न केवल व्यापारिक साझेदार हैं, बल्कि सांस्कृतिक जुड़ाव और पारस्परिक भरोसे के आधार पर भी गहराई से जुड़े हुए हैं। यात्रा के पहले दिन बुधवार को तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पत्नी सारा नेतन्याहू के साथ स्वयं उपस्थित रहे। यह एक दुर्लभ सम्मान माना जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को 'मेरा दोस्त' कहकर गले लगाया, जिसे वैश्विक मीडिया ने 'मोदी हग' का नाम दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के दो दिवसीय दौरे पर इजराइल पहुंचने पर उन्हें विशेष गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत ल्लएक खास और दिल को छू लेने वाले अंदाज में किया गया। नौ वर्षों में यह उनका इजराइल का दूसरा दौरा है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर स्वागत की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, ल्लमैं अत्यंत सम्मानित महसूस कर रहा हूं।ङ्क उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह यात्रा और द्विपक्षीय वार्ता भारत-इजराइल मित्रता को और सशक्त बनाएगी। प्रधानमंत्री जब इजराइल की संसद नेस्सेट पहुंचे तो वहां का दृश्य ऐतिहासिक रहा। सदन के सदस्यों ने खड़े होकर तालियों के साथ उनका स्वागत किया। संबोधन के दौरान 'मोदी-मोदी' के नारों से सदन गूंज उठा। नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी को विश्व का एक महान नेता बताते हुए कहा कि भारत और इजराइल की दोस्ती 'स्वर्ग में बनी जोड़ी' जैसी है।

# वैश्विक नेता बनने के लिए राष्ट्र को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति पानी होगी : उपराष्ट्रपति

एजेंसी



श्रीनगर। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नवाचारों के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने के लिए देश को अपनी औपनिवेशिक मानसिकता त्यागनी होगी। उपराष्ट्रपति ने युवाओं को सोशल मीडिया के उपयोग के प्रति सचेत रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस पर नियंत्रण रखना होगा। सोशल मीडिया आपको जीवन में अधिक सफल होने में मदद नहीं करेगा। हर चीज की अपनी सीमा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक स्नातक छात्र के रूप में मैं आप सभी से स्वदेशी नवाचार और भारतीय ज्ञान, संसाधनों और आवश्यकताओं पर आधारित समाधानों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करता हूं। हमें चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है, हमें हीन होने की आवश्यकता नहीं है। हमें सबसे पहले अपनी औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में उद्यमशीलता के माहौल को पहले से कहीं अधिक जीवंत और सहायक बनाया है।

कोविड-19 महामारी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के सभी वैज्ञानिकों से इस महामारी के लिए टीका विकसित करने का आह्वान किया है। हममें से कितने लोगों ने इस पर विश्वास किया था? लेकिन हमने सबसे बेहतरीन टीका खोज लिया है और यह पूरी मानवता के लिए बहुत कारगर साबित हुआ है। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि इसी टीके पर सबसे विकसित पश्चिमी देशों ने भी शोध और विकास किया है, लेकिन वे सभी इसे पेटेंट कराने में पीछे रह गए, ताकि वे इसे ऊंची कीमत पर बेच सकें। उन्होंने कहा कि एक टीका 7,500 अमेरिकी डॉलर में बिक सकता है, लेकिन एक गरीब आदमी इसे कैसे खरीद सकता है? उन्होंने कहा कि भारतीय नवाचारों को पश्चिमी दुनिया में भी व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब पूरी दुनिया आपके लिए खुली है, यह आपकी पहल है, आपकी रुचि है, आपका उत्साह है और आपकी मेहनत आपको दुनिया के शिखर पर पहुंचाएगी। राधाकृष्णन ने बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार ने 1600 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित लागत से श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास और विस्तार को मंजूरी दे दी है।

# भारत मंडपम सार्वजनिक स्थल, विरोध को अपराध बनाना गलत : सिंघवी

एजेंसी



नई दिल्ली। कंग्रेस के राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने भारत मंडपम में युवा कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन मामले में लगाए गए आपराधिक प्रावधानों को कानून का असमान और अनुचित इस्तेमाल बताया है। उन्होंने कहा कि यह एक राजनीतिक विरोध था, जिसे गलत तरीके से संगठित हिंसा और आपराधिक साजिश के रूप में पेश किया जा रहा है। भारत मंडपम सार्वजनिक स्थल है, यहां विरोध को अपराध बनाना गलत है।

सिंघवी ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि इस मामले में ऐसा कोई तत्व नहीं है, जिसे किसी भी तरह से संगठित हिंसा, दुर्भावनापूर्ण इरादा या पूर्व नियोजित अपराध कहा जा सके। उन्होंने कहा कि यह कानून का असमान, अनुचित और गलत इस्तेमाल है। उन्होंने कहा कि भारत मंडपम कोई निजी संपत्ति नहीं है, बल्कि एक सार्वजनिक स्थान है। इसकी तुलना किसी के घर से नहीं की जा सकती। क्या विरोध करने वाले लोग अपने घरों के भीतर विरोध करें या केवल सरकार द्वारा तय किए गए तरीके से ही विरोध करें। सिंघवी ने कहा कि सरकार से जवाब मांगना आतंकवाद नहीं होता। विरोध के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं। विरोध के दौरान टी-शर्ट उतारना या न उतारना अलग-अलग मत का विषय हो सकता है, लेकिन इसे आपराधिक कानून का उल्लंघन नहीं कहा जा सकता। उन्होंने इस मामले में लगाए गए विभिन्न प्रावधानों पर सवाल उठाते हुए कहा कि चोट पहुंचाने, लोक सेवक पर हमले, लोक सेवक के कार्य में बाधा, गैरकानूनी जमावड़ा, दुश्मनी फैलाने और राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप तथ्यहीन हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य आशय और आपराधिक साजिश जैसे प्रावधान भी जोड़े गए हैं, जो पूरी तरह अनुचित है।

### रुड़की वाटर कॉन्क्लेव 2026 का सफल समापन

हरिद्वार। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान(आईआईटी) रुड़की एवं राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय ल्लरुड़की वाटर कॉन्क्लेव 2026ङ्क का समापन बुधवार शाम को आईआईटी परिसर में हुआ। यह त्रिदिवसीय सम्मेलन जल सहयोग, जल गुणवत्ता, सीमा पार नदी प्रबंधन तथा सतत विकास जैसे विषयों पर विचार-विमर्श का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ। समापन सत्र में सम्मेलन के संयोजक प्रो. आशीष पांडेय ने तकनीकी सत्रों, मुख्य व्याख्यानों, विशेष सत्रों तथा समानांतर सत्रों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि देश-विदेश के विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं ने जल संरक्षण एवं प्रबंधन से जुड़े विषयों पर अपने शोध और विचार साझा किए। आईआईटी रुड़की के कार्यवाहक निदेशक प्रो. आर. डी. गर्ग ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन वैज्ञानिक अनुसंधान और व्यावहारिक समाधान के बीच समन्वय स्थापित करते हैं। राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के कार्यवाहक निदेशक ए. आर. सेंथिल ने संस्थागत सहयोग को भविष्य के लिए उपयोगी बताया। जर्मनी से पधारी प्रो. निकोला फोहरर ने वैश्विक जल सहयोग पर बल दिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट मौखिक एवं पोस्टर प्रस्तुतियों को पुरस्कृत किया गया।

### उत्तर बंगाल में फिर भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.6

सिलीगुड़ी। सिलीगुड़ी सहित उत्तर बंगाल के कई इलाकों में गुरुवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। दोपहर से पहले आए इस कंपन से सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग के विस्तृत क्षेत्रों में दहशत फैल गई। झटकों का असर कोलकाता तक महसूस किया गया, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया।
मौसम विभाग के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.6 दर्ज की गई। इसका केंद्र सिक्किम में था और झटके सुबह 11 बजकर 34 मिनट पर महसूस किए गए।
पर्यटन सीजन होने के कारण दार्जिलिंग और सिक्किम के पहाड़ी इलाकों में बड़ी संख्या में पर्यटक मौजूद है। अचानक आए झटकों के बाद कई लोग एहतियातन होटल से बाहर निकल आए।

## पश्चिम बंगाल में कई डाकघरों और कोलकाता के पासपोर्ट सेवा केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल में गुरुवार को कई डाकघरों और कोलकाता स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। धमकी मिलते ही संबंधित परिसरों को तत्काल खाली कराया गया और व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया। इसके साथ ही उत्तर बंगाल के भी 19 पासपोर्ट केंद्र और डाकघरों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कोलकाता के पासपोर्ट सेवा केंद्र में बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों की मदद से सघन तलाशी ली जा रही है। एहतियातन पूरे भवन को खाली करा लिया गया है। इसी तरह महात्मा गांधी रोड स्थित डाकघर, जहां पासपोर्ट सेवाएं भी संचालित होती हैं, को भी एक धमकी भरा ई-मेल मिला। ईमेल में दावा किया गया कि भवन में बम रखा गया है। इसके बाद हावड़ा पुलिस की बड़ी टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेराबंदी कर सील कर दिया। कर्मचारियों और आम लोगों को तत्काल बाहर निकाला गया। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने परिसर की गहन जांच शुरू की। डाकघर के एक कर्मचारी ने बताया कि हम काम कर रहे थे, तभी धमकी वाले ई-मेल की सूचना मिली। तुरंत सभी को बाहर जाने को कहा गया। इसी प्रकार आसनसोल (पश्चिम बर्धमान) और कटवा (पूर्व बर्धमान) के डाकघरों में भी इसी तरह की बम धमकी मिली। ई-मेल में कर्मचारियों को संभावित विस्फोट से पहले परिसर खाली करने को कहा गया था। धमकी के बाद सेवाएं तत्काल निलंबित कर दी गईं और कर्मचारी व आवेदक घबराकर बाहर निकल आए।

आसनसोल डाकघर के एक कर्मचारी ने बताया कि विभाग की ओर से ई-मेल में बम धमकी का जिक्र होने के बाद तुरंत बाहर निकलने को कहा गया। हम फिलहाल पुलिस और विशेष टीमों के आने का इंतजार कर रहे हैं।


पुलिस का कहना है कि सभी प्रभावित स्थानों पर तलाशी अभियान जारी है। अब तक किसी विस्फोटक सामग्री के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, एहतियातन राज्यभर के प्रमुख सरकारी दफ्तरों और डाक केंद्रों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे ई-मेल के स्रोत का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि क्या इन धमकियों का हाल ही में राज्य की सिविल अदालतों को मिली फर्जी बम धमकियों से कोई संबंध है।

## आज से भगवान जगन्नाथ हो गए हैं जमशेदपुर बिहारी : द्रौपदी मुर्मू

जमशेदपुर । 'श्री श्री जगन्नाथ मंदिर की जमशेदपुर में स्थापना का यह सही समय है। भगवान जगन्नाथ जल्दी नहीं आते, उनके आने का इंतजार करना पड़ता है। 'आज से भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर बिहारी हो गए हैं।' यह बातें भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कदमा स्थित मरीन ड्राइव में श्री श्री जगन्नाथ मंदिर एवं जगन्नाथ आध्यात्मिक धर्मार्थ केंद्र की आधारशिला रखने के अवसर पर कहीं।

भूमि पूजन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भावनात्मक अंदाज में कहा कि अब भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर में विराजमान होने जा रहे हैं और 'आज से भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर बिहारी हो गए हैं।'राष्ट्रपति ने रांची में स्थापित जगन्नाथ मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां मंदिर बनने के बाद भगवान 'निड़ाचढ़ बिहारी' कहलाए और अब झारखंड में व्यापक रूप से पूजे जा रहे हैं। जमशेदपुर में मंदिर निर्माण के साथ उनकी कृपा इस शहर पर भी बरसेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह आध्यात्मिक एवं धर्मार्थ केंद्र न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा,बल्कि समाज सेवा और सांस्कृतिक चेतना का भी महत्वपूर्ण स्थल सिद्ध होगा।

# कार में आग लगने से महिला सिपाही बेटे के साथ जिंदा जली, मौत



मृतक आबांश



मृतक लता

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर । कार में डंपर के टक्कर मारने के बाद आग लग गई। जिसके चलते श्रावस्ती में तैनात महिला सिपाही और उनका दो साल का बेटा जल गया। जिससे दोनों की मौत हो गई। जबकि महिला के पति और रिश्तेदार ने कूदकर जान बचाई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिलक क्षेत्र के बेहटरा गांव में दान सिंह का परिवार रहता है। वह किराए पर गाड़ियां चलवाने का काम करते हैं। इनकी पहली पत्नी की भी चार साल पहले सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। उसके बाद दान सिंह ने सीतापुर निवासी लता से शादी की थी,जोकि डायल 1090 में श्रावस्ती में तैनात थीं। दान सिंह अपनी पत्नी लता बेटे आबांश और बरेली निवासी ममेरे भाई रवि के साथ नैनीताल से घर लौट कर आ रहे थे। कि गंज थाना क्षेत्र में काशीपुर आगा गांव के पास डंपर ने कार में टक्कर मार दी थी। जिसके बाद पेट्रोल की टंकी फट जाने के कारण कार में आग लग गई थी। कार में सवार दान सिंह और रवि ने किसी तरह से अपनी जान बचा ली थी जबकि लता और उसका दो साल का बेटा कार में आग में फंस गए थे। पति ने कार से दोनों को निकालने का प्रयास किया। कार में आग लगने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड को बुलाया और आग बुझाई गई। इसके बाद कार से महिला सिपाही और उसके बेटे को निकाला गया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सिपाही ने अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिया। पुलिस ने पति और देवर को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।तहरीर के आधार पर गंज पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एएसपी अनुराग सिंह ने बताया कि कार में आग लग जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गई है। अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीसीटीवी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



## पति और रिश्तेदार ने कूदकर बचाई जान, मची अफरा-तफरी

### दान सिंह चला रहा था कार

बताया जाता है कि दान सिंह कार को चला रहा था जबकि कार पिता इंगल सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है। रात 11 बजे के बाद काशीपुर के आंगा गांव के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आए डंपर ने कार को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर से पेट्रोल टंकी फट गई, इससे कार में आग लग गई। हादसे के बाद लोग एकत्रित हो गए थे। जबकि पास में स्थित पेट्रोल पंप पर काम करने वाले कर्मचारी भी लोगों को बचाने के लिए मौके पर दौड़ पड़े थे।

### लता ने रास्ते में तोड़ा दम

बताया जाता है कि लता आग में बुरी तरह से जल गई थी। आनन फानन में उसको हायर सेटर के लिए रेफर कर दिया गया था।जानकारी मिलते ही एसपी अनुराग सिंह भी मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने महिला सिपाही लता, उनके पति और देवर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां लता की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाते वक्त लता की भी मौत हो गई। हादसे के बाद काशीपुर के पास जाम भी लगा रहा। पुलिस ने कार को साइड में हटवाकर जाम खुलवाया।

### घायल रवि ने पुलिस को बताई आप बीती

रामपुर । घायल रिश्तेदार रवि ने पुलिस को रोते हुए बताया कि कार को करीब दो सप्ताह पहले ही नई खरीदी थी। दो दिन पहले मथुरा घूमकर आए थे। वहां से मंगलवार रात करीब 4 बजे घर लौटे और सो गए। बुधवार सुबह दान सिंह का फोन आया। उसने कहा कि नैनीताल चलना है। मैंने पहले मना कर दिया कि मैं गाड़ी नहीं चला सकता, लेकिन फिर भी मैं चला गया। रवि का कहना है कि मिलक से बिलासपुर तक दान सिंह ने गाड़ी चलाई और बिलासपुर से नैनीताल तक मैंने गाड़ी चलाई। पहाड़ पर पहुंचने के बाद गाड़ी फिर दान सिंह को दे दी। नैनीताल घूमने के बाद वहां से रामपुर की तरफ लौटते समय मेरी तबीयत खराब हो गई। मैं कार में सो गया था, तभी अचानक जोर की आवाज आई। नजारा देखकर मेरे होश उड़ गए थे।

### घटनास्थल से लेकर मिलक तक मचा कोहराम

बुधवार रात को कार में आग लगने के बाद लोग मौके पर दौड़ पड़े थे। उसके बाद आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा था,लेकिन आग की लपटों में मां बेटे की जिन्दगी खत्म हो गई। जानकारी मिलने के बाद महिला सिपाही और दान सिंह के घर में कोहराम मच गया। सुबह को पोस्टमार्टम हो जाने के बाद जब शव गांव पहुंचा तो चीख पुकार मच गई। एक साथ मां बेटे का शव घर से निकलने के बाद हर व्यक्ति की आंखे नम हो गई थी। देर शाम तक घर पर लोगों का तांता लगा रहा।

### 10 दिन के अवकाश पर थी लता

महिला सिपाही लता ने दस दिन का अवकाश ले रखा था। वह पति और बेटे के साथ घूमने के लिए गई थी। नैनीताल से पहले वह मथुरा घूमने गए थे।अब बुधवार को बच्चे के साथ नैनीताल घूमने के बाद घर को आने के दौरान हादसा हो गया। जहां सभी का रो रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद मौके पर अधिकारी तक पहुंच गए थे। रोड पर घूम रहे वाहन लोगों के लिए हादसे का कारण बन रहे हैं।

# दबंगई कर राइस मिल पर कब्जे की कोशिश दंपती से मारपीट व जान से मारने की धमकी

- जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधिपति पर गंभीर आरोप

**जागरण मोर्चा कार्यालय**





**पूरनपुर।** राइस मिल को लेकर चल रहे करोड़ों रुपये के विवाद में गुरुवार को जमकर हंगामा हो गया। राइस मिल स्वामी ने कुछ लोगों पर गुंडागर्दी कर जबरन कब्जा करने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि पति पर गंभीर आरोप लगाये है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के अशोक कॉलोनी, निवासी संजीव अग्रवाल के अनुसार उनकी ह्लशिरडी राइस इंडस्ट्रीजह्व ग्राम रामपुर ता. महाराजपुर, में खंड रोड पर स्थित है। उन्होंने बताया कि बैंक का करीब 2.60 करोड़ रुपये बकाया होने के कारण उन्होंने ग्राम कुंडपुर ता. घुंघचाई निवासी दलजीत कौर पत्नी गुरमांग सिंह व भजन सिंह पुत्र पाल सिंह के साथ राइस मिल का 5 करोड़ रुपये में सौदा किया था। आरोप है कि संबंधित पक्ष ने 4 करोड़ रुपये की बिक्री दर्शाकर 24 नवंबर 2024 को इकरारनामा पंजीकृत कराया और एक वर्ष में रजिस्ट्री कराने की बात तय हुई थी।

पीड़ित का कहना है कि कई बार कहने के बावजूद आरोपियों ने तय धनराशि का भुगतान नहीं किया और न ही रजिस्ट्री कराई। समय सीमा समाप्त होने के बाद दोबारा 6 करोड़ रुपये में सौदा तय होने की बात कही गई, लेकिन भुगतान फिर भी नहीं किया गया। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने मिल के ताले तोड़कर परिसर में अपनी बसें खड़ी कर दीं और एक सुरक्षा गार्ड को भी तैनात कर दिया।

गुरुवार दोपहर करीब दो बजे जब संजीव अग्रवाल अपनी पत्नी प्रीति अग्रवाल के साथ मिल परिसर में पेंटर से नाम लिखवा रहे थे, जिपं अध्यक्ष के पति गुरभाग सिंह, भजन सिंह व उनका सुरक्षा गार्ड अन्य लोगों के साथ एक वाहन से पहुंचे। पीड़ित के अनुसार उतरते ही आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए दंपती से मारपीट की। उनकी पत्नी को बाल पकड़कर गिरा दिया गया और अभद्रता की गई। आरोप है कि सुरक्षा गार्ड ने सर्विस पिस्टल तथा एक अन्य व्यक्ति ने राइफल तानकर गोली मारने की धमकी दी। पेंटर को भी पीटकर भगा दिया गया।

पीड़ित का आरोप है कि बिना भुगतान किए उनकी राइस मिल पर दबंगई के बल पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है, जिससे उन्हें जान-माल का खतरा है और बैंक का ब्याज लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई तथा संपत्ति में हस्तक्षेप रोकने की मांग की है।

इधर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरूभाग सिंह का कहना है कि हमने मिल बैंक से नीलामी में खरीदा है । मेरा को विवाद नही है। और मिल मालिक पर किसानों का काफी बकाया है। मामले को तूल दिया जा रहा है।

उधर कोतवाल पवन पाण्डेय ने बताया कि 112 की सूचना पर पुलिस फोर्स भेजी थी, और दोनो पक्षो का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मौके पर दोनों को शांत करा दिया गया है।

## डा. अभिमन्यु ने पहले ही प्रयास में नीट की परीक्षा में पायी सफलता



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** एक होनहार छात्र ने नीट पीजी की परीक्षा में प्रथम ही प्रयास में सफलता पायी है। डाक्टर अभिमन्यु को इस सफलता के लिए आई सी एम सी शिमला में प्रवेश के लिए चुना गया है।उन्होंने नीट व्रह्न की भी परीक्षा को भी प्रथम प्रयास में ही क्रेक किया था। उन्होंने कानपुर के ऋह्रश्ट कॉलेज से एम. बी. बी. एस.किया है। उनकी इस सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है।उनकी इस सफलता से उनके एवं उनके पिता के मित्रों की भी बधाईओं का ताता लगा है। उनके पिता का शहर के लक्ष्मी टाकीज के सामने परीलोक के नाम से सडियों का शोरूम है। उनकी माताजी शहर के जीजीआइसी गर्ल्स इंटर कालेज में अंग्रेजी प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं।

## नेशनल एक्शन फॉर मेकेनाईज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम अयोजित



**पीलीभीत।** भारत सरकार ने नेशनल एक्शन फॉर मेकेनाईज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय बी0एल0वर्मा की अध्यक्षता में गांधी प्रेक्षागृह में मॉ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंत्री ने सफाई कर्मचारियों को सम्मान व सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित नेशनल एक्शन फॉर मेकेनाईज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) योजना की जानकारी देते हुये योजना के तहत अब तक 89248 सीवर सेप्टिक टैंक वर्कर्स का सत्यापन किया जा चुका है तथा 87037 सीवर सेप्टिक टैंक वर्कर्स को पी0पी0ई0 किट्स प्रदान किए जा चुके हैं तथा 74647 वर्कस को आयुष्मान कार्ड के तहत स्वास्थ्य बीमा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त देश में 187120 वेस्टपिकर की प्राफाईलिंग हुई है। उन्होंने बताया कि जनपद पीलीभीत में कुल 92 सीवर एवं सेप्टिक टैंक कर्मी तथा 452 वेस्ट पिकर्स प्रोफाइलिंग में मान्य हो चुके हैं। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल को आधुनिक सफाई मशीनें खरीदने हेतु प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने 452 लाभार्थियों को पीपीई किट, 30 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं कौशल विकास प्रशिक्षण पाने वाले 20 लाभार्थियों को सिलाई मशीन वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, पूर्व विधायक रामसरन वर्मा, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डॉ0 आस्था अग्रवाल, वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार योगिता स्वरूप, प्रबन्ध निदेशक, नेशनल सफाई कर्मचारी फाईनेंस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन व अन्य पार्टी के पदाधिकारी जनप्रनिधि जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम, अपर जिलाधिकारी प्रसून द्विवेदी, उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में दी गई जानकारियां

**पूरनपुर।** नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के षष्ठम दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं सक्रिय सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। यह विशेष शिविर उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित विषयवस्तु कौशल विकास हेतु युवाह्व के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। गुरुवार को दिवस की थीम ह्लस्वास्थ्य जागरूकता अभियानह्व रही। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि ह्लराष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उन्नति नहीं, बल्कि युवाओं में सामाजिक संवेदनशीलता, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है। ह्यकौशल विकास हेतु युवाह्न की थीम के अंतर्गत ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सशक्त और जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।ह्व कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता सैनी मुख्य चिकित्साधिकारी ने किशोरियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस सत्र के मुख्य वक्ता प्रदीप सिंह (टी.एस.आई) रहे। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नशे में वाहन न चलाने तथा सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जागरूकता एवं नियमों का पालन ही सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का प्रभावी उपाय है।कार्यक्रम अधिकारी एन.एस.एस डा.मृदुला शर्मा स्वास्थ्य जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा जैसे विषय आज की आवश्यकता हैं। एन.एस.एस. के स्वयंसेवी न केवल स्वयं जागरूक बनें, बल्कि समाज में भी सकारात्मक संदेश पहुंचाकर जन-जन को जागरूक करने का कार्य करें।इस अवसर पर डा.अर्निका दीक्षित शाहिद खान,डा.अंशिका शर्मा डा.राजिया शकील, आराध्या, खुशबू,,सोनी प्रजापति,शिवानी,अनुष्का आदि उपस्थित रहीं।

## घुंघचाई क्षेत्र में आबकारी का छापा, चार गिरफ्तार

**पूरनपुर।** होली पर शराब से होने वाले विवादों को लेकर आबाकारी बिभाग ने पुलिस के साथ कच्ची शराब को लेकर अभियान चलाया। अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने गुरुवार तड़के घुंघचाई क्षेत्र के गांवो में छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया। मौके से भारी मात्रा में कच्ची शराब, लहन और उपकरण बरामद कर नष्ट किए गए, आबकारी निरीक्षक और घुंघचाई पुलिस ने संयुक्त रुप से दबिश दी। जिससे खलवली मच गई। चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। मौके से शराब बरामद कर लहन को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया है। उपकरण भी बरामद किए गए है। गिरफ्तार आरोपी राधे श्याम,अन्नपूर्णा, मंसाराम व राजेंद्र के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। फरार आरोपितों की तलाश जारी है। अचानक हुई कार्रवाई से दोनों गांवों में हड़कंप की स्थिति रही। अधिकारियों का कहना है कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने भाई पर लगाया संपत्ति हडपने का आरोप

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव बिलंदपुर निवासी नरेंद्र ने बताया कि उसका भाई उसके हिस्से की जगह जीमन को छीनकर घर से निकाल कर हडपना चाहते है। गुरुवार को इसी बात को लेकर उसका अपने भाई और भतीजे से विवाद हो गया। गाली गलौज की विरोध करने पर उसको मारा पीटा।जिससे बह घायल हो गया। आस पड़ोस के लोगों ने बमुश्किल उसको बचाया। पीड़ित ने बलरामपुर चैकी पर तहरीर दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।जिस पर पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस में बताया मामले की तहरीर मिली है। जिस पर जांच कराई जा रही है।

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने ट्रेन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार जितिन प्रसाद ने मझोला रेलवे स्टेशन पर पूर्णागिरि एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज कराने के बाद आज विशाल जनसमूह के सामने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा की पीलीभीत संसदीय क्षेत्र को विकसित बनाने को वह संकल्पित हैं। मझोला में चारों तरफ सड़कों को चैड़ीकरण कराकर निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह की मांग पर मझोला में सांसद निधि से बड़ा बारात घर बनवाने की घोषणा की। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा की टनकपुर से नांदेड तक चार राज्यों से होकर जाने वाली ट्रेन की स्वीकृत कराई गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से जल्द संचालन करने की अनुमति भी प्रदान हो जाएगी।



मझोला रेलवे स्टेशन पर पूर्णागिरि एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार जितिन प्रसाद

नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने मझोला टाउन एरिया में विकास कार्य कराने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री का आभार व्यक्त किया किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने कहा कि इसी क्षेत्र के टांडा विजेसी में बासमती आयात निर्यात उत्पादन केंद्र वाडिज्य उद्योग मंत्रालय से जितिन प्रसाद जी ने स्वीकृत कराया है। जिसका निर्माण कार्य भी उनके द्वारा जल्द शुरू कराया जाएगा।

मझोला में ट्रेन शुभारंभ के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता मिश्रा, भाजपा उपाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, न्यूरिया मंडल अध्यक्ष महेंद्र राजपूत, रेखा सिंह परिहार, डीके पटेल ,महादेव गायन, आयुष मिश्रा, सरोज बाजपेई एडवोकेट, दीपक अग्रवाल, रेनूराज, संजीव मिश्रा, कमलेश वर्मा, सतीश पांडे ,महीप सिंह आदि भाजपा नेता उपस्थित रहे।

## स्वच्छता मिशन अभियान को नही लग रहे पंख

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** प्रधानमंत्री के स्वच्छता मिशन अभियान को पंख नहीं लग पा रहे है। मिशन साकार होते नजर नहीं आ रहा है।सच्चाई यह है कि नगर से लेकर देहात क्षेत्रों में जगह-जगह कूड़े के अंबार लगे हुए हैं। नालियां कूड़ा करकट से पटी पडी हुई हैं। गली मोहल्ले में जगह-जगह कूड़ो का अंबार लगा हुआ है।


देहात क्षेत्र के गांवों में इन दिनों सफाई व्यवस्था बदहाल है। देखा जाए तो जमीनी स्तर पर कुछ नहीं हो रहा है।गली मोहल्लों में कूड़े से पटी नालियां उसमे बजबजाती गंदगी की दुर्गंध लोगों को परेशानी और बीमारी बढा रही है।इसके चलते लोगों का जीना मुहाल हो गया है।साफ सफाई न होने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं।जिसके चलते मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है।सफाई न होने से रोग के फैलने की भी आशंका बनी हुई है। कई गांव तो पूरी तरह से गंदगी से घिरे हुए है। कंही महीनों तो कंही सालों से तैनात सफाईकर्मी नदारद चल रहे हैं। विना डियूटी के ही घर बैठे सफाईकर्मी वेतन पा रहे है। वताया जा रहा है कि सफाईकर्मियों ने अपने अपने क्षेत्र में साफ सफाई कराने के लिए प्राईवेट लडकों को लगा रखा है जो कभी कभार ही गांवों में सफाई करने आते हैं फिर महीनों तक गायब रहते है। नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी सडकों पर भरा हुआ है।

जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। कईबार शिकायतें करने के वावजूद सफाई व्यवस्था की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे तैनात सफाईकर्मी मनमाने ढंग से काम कर रहे है।

## रोटरी क्लब ने मनाई गुलाल और फूलों की होली

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जेपी होटल में रोटरी क्लब के पदाधिकारिओं और सदस्यों ने होली उत्सव का आयोजन किया। रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ अनिल सक्सेना एवं आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ मनोज गुप्ता ने सभी सदस्यों का गुलाल के साथ तथा महिलाओं को गजरा लगाकर स्वागत किया। होली उत्सव में स्टेज पर रैपिड फायर ,सिनेमा की गीतों की पहचान ,रंग बिरंगी हॉऊजी, एवं फूलों की होली खेली गयी।कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष रो.डॉ मनोज गुप्ता तथा समिति सदस्य अंशुल अग्रवाल ,कोमल अग्रवाल, उमेश गुप्ता ,पूनम गुप्ता, रचित अग्रवाल, रेनू अग्रवाल ,रचित अग्रवाल, शीतल अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया।ढोल नगाड़ों के बीच फूलों की होली खेली गई।



रोटरी क्लब के पदाधिकारिओं और सदस्य होली का उत्सव मनाते हुये

कार्यक्रम में रो. एसपीएस संधू ,हरमेश संधू ,डॉ. एस के अग्रवाल ,डॉ. भारत कंचन, डॉ. आस्था कंचन, डॉ.पी एन सक्सैना, डॉ.ममता सक्सेना ,डॉ राकेश गुप्ता, मलिक मित्तल ,गौरव अरोड़ा, राकेश अग्रवाल, विश्वनाथ चंद्र, अनिल अग्रवाल, डॉ. राहुल शर्मा ,संदीप पुरी ,राजीव मल्होत्रा ,नीना मेंहहोत्रा, राजीव अग्रवाल, रितु अग्रवाल , सरदार सिंह चावला,राजेंद्र सिंह छाबड़। , डॉ प्रांजल अग्वाल, डॉ नेहा अग्रवाल डॉक्टर सौरव अग्रवाल आदि अनेकों रोटेरियन उपस्थित थे।

## केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का राज्य गन्ना मंत्री के प्रतिनिधि ने किया स्वागत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का मझोला आगमन पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने जनसहयोग कार्यालय पर स्वागत किया। स्वागत करने बालों में उनके साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे । केंद्रिय मंत्री का पूर्व चेयरमैन अजय गोयल, डालचंद्र वर्मा ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल और आर्यांश अग्रवाल ने राधा कृष्ण का चित्र भेंट किया। गुरुदेव लहरिया लक्खा सिंह, दारा सिंह सुलेंद्र सिंह, हरभजन सिंह ने उनको सरोपा डाल कर सम्मानित किया।

जिला पंचायत सदस्य प्रेम सागर और डांडिया के प्रधान ज्ञानी वर्मा ने शॉल ओढ़ाकर मंत्री को सम्मानित किया। राजेंद्र सिंह सोलंकी ने उनसे वार्ड संख्या 6 में बिजली घर कर पास बसे गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना दिलवाये जाने की मांग की। केंद्रीय मंत्री से टांडा के लोगों ने रेलवे द्वारा रास्ता बंद कर देने के चलते अंडर पास बनबाने,मझोला में तहसील में कार्यों हेतु एक दिन उपजिलाधिकारी के बैठाने,मझोला



केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का मझोला आगमन स्वागत करते हुये भाजपा के कार्यकर्ता

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उच्चीकृत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने,और नियमित चिकित्सक की नियुक्ति का भी आग्रह किया गया। आगामी सत्र में शुरू हो रहे भरा पचपेड़ा औद्योगिक आस्थान की जरूरत को ध्यान में रखते हुए मझोला रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण और टनकपुर से हरमंदिर साहब, वैष्णों देवी, काशीविश्वनाथ तक ट्रेनों को शुरू करने, मझोला में दुरई एक्सप्रेस के ठहराव की मांग, दियौनीडाम पुल के पुनर्निमाण, मझोला अमरिया मार्ग चैड़ीकरण की मांग की गई। केंद्रीय मंत्री ने सभी ज्ञापनों को लेते हुए उन पर गम्भीरता से कार्य करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे और उनकी पूरी टीम क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु पूर्णतया समर्पित हैं।

इस अवसर पर कपिल अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन अजय गोयल, सूरज सागर, धीरज वर्मा, प्रेम सागर, गुरदेव सिंह लाहौरिया, सूर्य वर्मा, रवींद्र सिंह नहीं, प्रमोद कुमार, सार्थक पटेल, अमृता मंडल अध्यक्ष प्रमोद कश्यप, अखिलेश गुप्ता, जसवंत मौर्य, अमरजीत सिंह, प्रवीण बंसल, राकेश बंसल, नितेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, गुलशन स्वर्णकार, मनजिंदर सिंह, कारज सिंह, अवनीत सिंह, सतनाम ब्लॉगन, पंकज कुमार, विश्वनाथ, बरहा मझोला मंडल अध्यक्ष अनीता कश्यप समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# 43 गैरहाजिर डॉक्टरों को अंतिम चेतावनी, नहीं लौटे तो सेवा समाप्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने गुरुवार को मंडल स्तरीय विकास योजनाओं और शासन की प्राथमिकताओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे 43 डॉक्टरों पर विशेष रूप से सख्ती दिखाई गई और उन्हें अंतिम चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गए।

विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के विभिन्न मानकों की समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने सभी जिलों को अपनी रैंकिंग सुधारने और बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। बताया गया कि बरेली को कई मानकों पर 'डी' ग्रेड मिला है, जिसे सुधारने के लिए विभागवार कार्ययोजना तैयार की जाएगी। डिजिटल क्रॉप सर्वे शत-प्रतिशत पूरा होने की जानकारी भी दी गई। पीएम कुसुम योजना की प्रगति पर संतोष जताया गया। बरेली में लक्ष्य पूरा हो चुका है, जबकि बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर को 28 फरवरी तक शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए गए। फार्मर रजिस्ट्री और छात्रवृत्ति योजनाओं की भी समीक्षा हुई।

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत बरेली के 20, बदायूं के 9, पीलीभीत के 9 और शाहजहांपुर के 5 डॉक्टर लंबे समय से अनुपस्थित पाए गए। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि संबंधित चिकित्सकों से संपर्क कर समाचार पत्रों के माध्यम से सूचना प्रकाशित की जाए। इसके बाद भी ड्यूटी पर न आने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में डीएम बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर सहित मंडल स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गौरव गोस्वामी हत्याकांड: आठ आरोपी पर गैंगस्टर

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** बारादरी के ईसाइयों की पुलिया पर हुई गौरव गोस्वामी की सरेआम हत्या ने जिस दहशत की लकीर खींची थी, अब उसी पर पुलिस ने कड़ा प्रहार कर दिया है। कुख्यात गैंग के आठ आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट ठोंक दिया गया है। करीब पांच महीने तक चली पड़ताल के बाद आई यह कार्रवाई सीधे तौर पर संगठित अपराध के ढांचे पर वार मानी जा रही है।

11 सितंबर 2025 को दोपहर का वक्त था, भीड़भाड़ वाला इलाका और अचानक तड़तड़ाती गोलियों की आवाज से सब सहम गए। गोली लगते ही गौरव गोस्वामी लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। चीख-पुकार मची, दुकानों के शटर गिरे और इलाके में भगदड़ का माहौल बन गया। उसी दिन हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन पुलिस की जांच ने साफ कर दिया कि यह कोई तात्कालिक झगड़ा नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश थी।

### मोहल्ले से खड़ा किया गैंग, निशांत बना सरगना

जांच में सामने आया कि खुर्रम गौटिया निवासी निशांत सोनकर उर्फ बिहारीलाल इस गैंग का लीडर है। आरोप है कि उसी के इशारे पर वारदात को अंजाम दिया गया। गैंग में चंदन मौर्य, अभय यादव, राजा उर्फ कपिल, समीर, शेखर, नैतिक सोनकर और अनस उर्फ मुलायम शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड खंगाले गए तो कई सदस्यों के खिलाफ पहले से मारपीट, धमकी, अवैध असलहा और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज मिले। गौरव हत्याकांड को उनके आपराधिक इतिहास का सबसे बड़ा अपराध माना जा रहा है। पुलिस ने पूरे गिरोह को डी-275/25 के रूप में पंजीकृत कर गैंगस्टर एक्ट के तहत शिकंजा कसा है। यह कदम महज एक मुकदमा नहीं, बल्कि गिरोह की जड़ें काटने की रणनीति का हिस्सा बताया जा रहा है।

### वैध कमाई का हिसाब-किताब शुरू

गैंगस्टर एक्ट लगते ही पुलिस ने आरोपियों की चल-अचल संपत्तियों का ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है। जमीन, मकान, वाहन और बैंक खातों की पड़ताल की जा रही है। अफसरों का संकेत साफ है कि यदि संपत्ति अवैध कमाई से अर्जित पाई गई तो कुर्की की कार्रवाई तय है। यानी अब सिर्फ जेल नहीं, बल्कि जायदाद पर भी सीधा वार होगा। एसएसपी अनुराग आर्य ने सख्त लहजे में कहा है कि शहर में संगठित अपराध बर्दाश्त नहीं होगा। भीड़ के बीच गोलियां चलाकर कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वालों के खिलाफ कठोर से कठोर कदम उठाए जाएंगे। पुलिस की इस कार्रवाई को इलाके में बड़ा कानूनी झटका माना जा रहा है।

# डीआईजी की सख्त समीक्षा, अपराध पर कड़ा रुख, त्योहार सुरक्षा प्लान तैयार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** होली से पहले बरेली रेंज में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस महकमे की बड़ी बैठक हुई। क्षेत्रीय कार्यालय में डीआईजी अजय कुमार साहनी ने चार जिलों के पुलिस कप्तानों के साथ मैराथन समीक्षा की और साफ कहा अपराध पर जीरो टॉलरेंस होगा। बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के अफसरों से सीधे जवाब-तलब किया गया।

बैठक में हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, गोकशी, धर्मांतरण और साम्प्रदायिक संघर्ष जैसे गंभीर मामलों की एक-एक कर समीक्षा हुई। लंबित विवेचनाओं को जल्द निपटाने, माफियाओं पर सख्त कार्रवाई और निरोधात्मक कदम तेज करने के निर्देश दिए गए। साफ संदेश दिया गया कि बड़े अपराधों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी।

चल रहे अभियानों, ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन क्लीन और ऑपरेशन त्रिनेत्र की प्रगति भी जांची गई। मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रयासों की समीक्षा हुई। महिला बीट प्रणाली को और प्रभावी बनाने तथा मिशन शक्ति केंद्रों की सक्रियता पर जोर दिया गया। साइबर हेल्प डेस्क की कार्यशैली और ऑनलाइन ठगी के मामलों पर विशेष चर्चा हुई। अफसरों को साफ निर्देश दिए गए कि साइबर अपराध में तेजी से कार्रवाई हो। आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और उच्चाधिकारियों से आने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अनिवार्य किया गया। लंबित विभागीय जांचों को भी जल्द पूरा करने को कहा गया।

आगामी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर सुरक्षा और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी, चेकिंग और निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि कोई गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। वहीं आगामी त्योहार होली को लेकर पुलिस ने अभी से कमर कस ली है। सभी होलिका दहन स्थलों का चिन्हांकन, विवादित जगहों का भ्रमण और पीस कमेटी की बैठकें कराने के निर्देश दिए गए। जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर सुरक्षा घेरा मजबूत करने, संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और रंग खेलते समय पेट्रोलिंग बढ़ाने को कहा गया।

### शराब माफियाओं पर होगी कड़ी कार्रवाई

अवैध और जहरीली शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाने, आबकारी विभाग से तालमेल बनाकर कार्रवाई करने और अराजक तत्वों को पहले से चिन्हित कर सख्ती बरतने के आदेश दिए गए। साफ संकेत दिया गया है कि त्योहार पर खलल डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक के आखिर में डीआईजी ने दो टूक कहा कि अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन में किसी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। आने वाले दिनों में मैदान में काम दिखना चाहिए, सिर्फ आंकड़े नहीं।

# प्लाई फैक्टरी में आयकर की रेड कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** फरीदपुर के भगवानपुर फुलवा गांव में गुरुवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब पांचजन्य प्लाई बोर्ड फैक्टरी के गेट पर अचानक आयकर विभाग की गाड़ियों का काफिला आकर रुका। सुबह करीब पांच बजे टीम ने फैक्टरी के अंदर घुसते ही कार्रवाई शुरू कर दी। नींद में डूबा इलाका कुछ ही मिनटों में सायरनों और हलचल से गूंज उठा।

सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग की करीब 10 टीमें अलग-अलग स्थानों पर एक साथ सक्रिय हुईं। फैक्टरी मालिक रवि नोमानी के आवास से लेकर उनकी अन्य औद्योगिक इकाइयों पर भी दबिश दी गई। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि उत्तराखंड तक फैले कारोबारी ठिकाने जांच के घेरे में हैं। टैक्स चोरी की आशंका को लेकर की गई इस बड़ी कार्रवाई ने कारोबार जगत में खलबली मचा दी है। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है। फैक्टरी के भीतर आयकर अधिकारी खातों, कंप्यूटर डाटा और जरूरी दस्तावेजों की गहन जांच कर रहे हैं। बाहर सुरक्षा घेरा कस दिया गया है और किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर जाने की इजाजत नहीं है।

### दिनभर ठप रहा कामकाज

सुबह की शिफ्ट में पहुंचे मजदूरों को फैक्टरी गेट से ही वापस लौटा दिया गया। छापेमारी के चलते फैक्टरी का संचालन पूरी तरह ठप रहा। हालांकि मौके पर मौजूद एक जवान ने साफ किया कि मजदूरों के प्रवेश पर उनकी ओर से कोई रोक नहीं थी, बल्कि प्रबंधन ने ही फिलहाल काम बंद रखा है। इस हाईप्रोफाइल छापेमारी ने पूरे औद्योगिक क्षेत्र में हलचल मचा दी है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच में क्या निकलकर सामने आता है और आयकर विभाग आगे क्या कदम उठाता है। फिलहाल फरीदपुर की यह फैक्टरी जांच के साए में है और कारोबारियों में बेचैनी साफ देखी जा रही है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शाही कस्बे में हुई 25 लाख रुपये की बड़ी चोरी का पुलिस ने सनसनीखेज अंदाज में खुलासा कर दिया। देर रात चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद दोनों को दबोच लिया गया। मौके से तमंचे और तीन लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। चोरी के जेवर खरीदने के आरोप में एक सुनार को भी गिरफ्तार किया गया है।

थाना प्रभारी राजेश कुमार बैंसला के मुताबिक पुलिस टीम रात में इलाके में गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि शातिर चोर इमरान अपने साथी के साथ चोरी के जेवर बेचकर मिली रकम लेकर मोटरसाइकिल से दिल्ली भागने की तैयारी में है। सूचना मिलते ही पुलिस ने बीएसएनएल चौराहे के पास जाल बिछा दिया।

पुलिस ने मोटरसाइकिल सवारों को रुकने का इशारा किया तो दोनों भाग खड़े हुए। शाही-मिर्जापुर रोड पर श्मशान के पास कच्चे रास्ते में उनकी बाइक फिसलकर गिर गई। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से गोलियां चला दीं। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें इमरान के दाहिने पैर में गोली लग गई। जेब से निकली नोटों की गड्डियां, तीन लाख बरामद मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। घायल इमरान को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। तलाशी में आरोपियों की जेब से नोटों की गड्डियां बरामद हुईं। कुल तीन लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में दोनों ने शाही कस्बे में हुई 25 लाख रुपये की चोरी कबूल कर ली है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है

# ट्रेनों में लंबी वेटिंग, यात्री परेशान, स्पेशल गाड़ियां खाली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रेलवे की अजब कहानी सामने आई है। एक तरफ नियमित ट्रेनों में टिकट के लिए अफरा-तफरी मची है, वेटिंग लिस्ट सैकड़ों पार कर रही है और यात्री मजबूरन तत्काल में मोटी रकम खर्च कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ बरेली होकर गुजरने वाली आठ लंबी दूरी की विशेष गाड़ियों में हजारों सीटें खाली पड़ी हैं। 26 फरवरी से 5 मार्च के बीच इन ट्रेनों में आराम से कन्फर्म टिकट मिल रहे हैं।

इन दिनों दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़ और कोलकाता रूट की नियमित ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। टिकट काउंटर से लेकर ऑनलाइन बुकिंग तक यात्री जूझ रहे हैं। कई लोग महंगा तत्काल टिकट लेने को मजबूर हैं। लेकिन यही यात्री अगर विशेष ट्रेनों की ओर रुख करें तो उन्हें कन्फर्म सीट मिल सकती है।



### 48 से ज्यादा विशेष गाड़ियों की टाइम टेबल जारी

इस बार रेलवे ने बरेली रूट पर 48 से अधिक विशेष गाड़ियों की समय सारिणी जारी की है। आठ विशेष ट्रेनों के फेरों में बढ़ोतरी की गई है। 12 विशेष गाड़ियां पहले से चल रही हैं, जबकि बाकी का संचालन 26 फरवरी से अलग-अलग तारीखों में शुरू होगा। हालांकि सच यह भी है कि स्पेशल गाड़ियां अक्सर लेटलतीफी का शिकार हो जाती हैं और इनमें किराया भी नियमित ट्रेनों से ज्यादा लिया जाता है। यही वजह है कि सीटें खाली रहने के बावजूद यात्री पहले नियमित ट्रेन में भागदौड़ करते हैं।

### इन खास ट्रेनों में खाली हैं सीटें

रेलवे सूत्रों के अनुसार जिन विशेष ट्रेनों में अभी सीटें उपलब्ध हैं, उनमें 04021 गोरखपुर-नई दिल्ली, 04513 गोरखपुर-चंडीगढ़, 09076 काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल, 05045 लालकुआं-राजकोट, 05301 मऊ-अंबाला, 05005 बढ़नी-अमृतसर विशेष, 05023 गोमतीनगर-खातीपुरा विशेष, 05060 लालकुआं-कोलकाता विशेष शामिल हैं। इन गाड़ियों में बड़ी संख्या में बर्थ खाली हैं, जिससे यात्रियों को तत्काल राहत मिल सकती है।

### पूर्णागिरि जनशताब्दी को नया ठहराव

इसी बीच रेलवे ने टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस (12035/12036) को 26 फरवरी से मझोला पकड़िया स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दो मिनट का ठहराव देने का फैसला किया है। सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा के मुताबिक केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद स्टेशन पर गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। 12035 टनकपुर-दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस सुबह 11:59 बजे पहुंचेगी और 12:01 बजे रवाना होगी। 12036 दिल्ली-टनकपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस दोपहर 2:50 बजे पहुंचेगी और 2:52 बजे प्रस्थान करेगी। अन्य स्टेशनों पर समय पूर्ववत रहेगा।

## ऑयल यूनिट की ऑनलाइन बुकिंग शुरू, 10 मार्च तक मौका

# बरेली में योगी सरकार लगवाएगी मिनी ऑयल फैक्ट्री

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्योगोन्मुखी विजन को जमीनी स्तर पर मजबूती देने की दिशा में बरेली में बड़ा कदम उठाया गया है। नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीड्स) योजना के तहत जिले में ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट और मिनी यूनिट की ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी गई है। इसका उद्देश्य किसानों को केवल फसल उत्पादन तक सीमित न रखकर उन्हें प्रसंस्करण और उद्यमिता से जोड़ना है, ताकि गांवों में ही रोजगार के अवसर बढ़ सकें। उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए तय लक्ष्य के मुकाबले आवेदन कम प्राप्त हुए थे। इस पर कृषि निदेशालय के निर्देश पर विभागीय पोर्टल [httpsÑ//agridar-shan.up.gov.in] httpsÑ//agridarshan.up.gov.in) को दोबारा खोल दिया गया है, ताकि पात्र आवेदक दोबारा आवेदन कर सकें। जिले में 10 टन क्षमता की एक ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट, दो मिनी यूनिट और 69 तिरपाल का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभाग को उम्मीद है कि अब अधिक संख्या में किसान और युवा आगे आएंगे।

### ई-लॉटरी से होगा चयन, 5 हजार टोकन मनी

10 टन क्षमता की ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट के लिए 5,000 रुपये की टोकन मनी निर्धारित की गई है। लाभार्थियों का चयन पूरी तरह पारदर्शी ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। मिनी ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट की बुकिंग भी ऑनलाइन होगी। वहीं तिरपाल के लिए निःशुल्क टोकन मनी रखी गई है और इसका आवंटन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट और मिनी यूनिट के लिए आवेदन 10 मार्च तक किए जा सकेंगे। तिरपाल की बुकिंग 15 मार्च की रात 12 बजे तक मान्य रहेगी।

### खेती से फैक्ट्री तक मॉडल को मिल रही रफ्तार

योगी सरकार का फोकस अब खेती से फैक्ट्री तक मॉडल को मजबूत करने पर है। तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय स्तर पर तेल निष्कर्षण इकाइयों की स्थापना से किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा और परिवहन लागत भी कम होगी। यह पहल ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने के साथ-साथ गांवों में छोटे कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देगी। इससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी और प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर मजबूत कदम बढ़ाएगा।

# मदरसों को आतंक से जोड़ना गलत इतिहास पढ़ें मंत्री: मौलाना रजवी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, महाराष्ट्र के मंत्री नीतीश राणे और उत्तर प्रदेश के मंत्री रविंद्र जायसवाल के हालिया बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। मौलाना ने कहा कि मदरसों और उनसे जुड़े उलेमा का देश की आजादी में बड़ा योगदान रहा है, ऐसे में उन्हें कटघरे में खड़ा करना इतिहास से नाइंसाफी है।

मौलाना रजवी ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ चले आंदोलनों में मदरसों से जुड़े उलेमा और छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने दावा किया कि भारत छोड़ो आंदोलन से लेकर अन्य स्वतंत्रता आंदोलनों में धार्मिक शिक्षण संस्थानों से जुड़े लोगों ने अहम भूमिका निभाई। उनका कहना है कि दिल्ली की जामा मस्जिद से अंग्रेजों के खिलाफ जारी फतवों ने आंदोलन में जोश भरा। इंकलाब जिंदाबाद के नारों के साथ आजादी की जंग में रूह फूंकने वालों को आज गलत नजर से देखा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

मौलाना ने कहा कि आज जिन मदरसों को बंद करने और आतंकवाद से जोड़ने की बातें की जा रही हैं, वे कभी राष्ट्र निर्माण की बुनियाद रहे हैं। अगर मदरसे न होते तो देश को आजादी मिलने में और ज्यादा समय लग सकता था। उन्होंने इसे अफसोसनाक बताया कि एक पूरे समुदाय को शक की निगाह से देखा जा रहा है। मौलाना ने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को संतुलित और न्यायपूर्ण बयान देने चाहिए। समाज को तोड़ने या किसी खास वर्ग को निशाना बनाने वाले बयान देश के सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हर कोई किसी न किसी समुदाय को कटघरे में खड़ा करेगा तो इससे अराजकता का माहौल बन सकता है।

# टीईटी के विरोध में बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों ने दिया धरना

● प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गुरुवार को टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले एक धरना प्रदर्शन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय एवं जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के सहयोग से किया गया।

धरने को संबोधित करते हुए डॉ. राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम - 2009 दिनांक 27 जुलाई 2011 से लागू किया गया है जिसके अनुसार अधिनियम के प्रभावी होने की तिथि से अथवा उसके बाद नियुक्त होने वाले शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया है। जबकि उससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों को (टी. ई. टी ) की अनिवार्यता से मुक्त रखा गया है सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के निर्णय द्वारा देश में सभी राज्यों में अधिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व शिक्षकों को भी सेवा में बने रहने के लिए और पदोंउन्नति हेतु टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है, जो की पूर्व शिक्षकों के साथ धोखा है सरासर अन्याय है, धरने को संबोधित करते हुए प्रेम सिंह चौहान जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता का आदेश आने के बाद शिक्षकों में डर का माहौल बढ़ता जा रहा है, कई शिक्षक अपनी जान तक गबा चुके हैं लगातार भबिष्य की चिंता से अनेक बीमारियों की गिरफ्त में आ रहे हैं शिक्षक परिवार बहुत आहत हैं पूरा शिक्षक समाज उम्मीद की किरण की टकटकी लगाए बैठा है डॉ अंजुम स्नेही सक्सेना जिला महामंत्री जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने कहा कि इस नियम को बापस लिया जाये और उन्हें टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त किया जाये लेकिन कही से भी उम्मीद की ये किरण नजर नहीं आ रही है चरन सिंह जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ ने कहा कि आज शिक्षक गरिमा में रहते हुए टीईटी अनिवार्यता से मुक्ति हेतु उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ एवं उत्तर प्रदेशीय महिला शिक्षक ने एक जुट होते हुए टीचर फेडरेशन ऑफ इण्डिया के बैनर तले आकर धरने प्रदर्शन के माध्यम से अपनी न्याय के लिए आवाज को प्रधान मंत्री भारत सरकार तक पहुंचाने के एकत्रित हुए हैं। जिसमे डॉ दिनेश चंद्र शर्मा राष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ,टी एफआई योगेश त्यागी राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, प्रेम सिंह चौहान जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ, डॉ राजवीर सिंह जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल (पूर्व मा0) शिक्षक संघ,चरन सिंह जिला मंत्री उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ, डॉ अंजुम स्नक्सेना जिला महामंत्री उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल के नेतृत्व में समय 1 बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर पूरा शिक्षक परिवार धरने में शामिल हुआ। सभी ने आगामी रणनीति बनाई तथा हर पहलु पर हो रहे अनैतिक फैसले पर अपना विरोध जाहिर किया। तत्पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए जिला कलेक्ट्रेट तक पहुंच कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते शिक्षक

### यह लोग रहे मौजूद

इस मौके पर महेंद्र कुमार हल्दिया,,अय्यूब खान, इंद्रेश चौहान ,विजयपाल, रूप सिंह सिंह,देवेंद्र पाल गंगवार, संजय सिंह, मोहित सक्सेना, अनीसा लतीफ, इंदुबाला मौर्य, ममता, सरदीप गौतम, सक्सेना ,जुल्फिकार अली,नफासत अली, चिंतामणि गंगवार, अनुपम पटेल, देवेंद्र गंगवार ,मुल्कराज सिंह ,जितेंद्र गंगवार, भूपेंद्र राव ,संदीप शर्मा ,कपिल दोहन ,नईम अहमद, इफ़्तेखार अली, शिव कुमार ,गुरदेव सिंह ,अंजुला प्रभाकर ,मोहित कुमार सक्सेना इंद्रा उप्रेती,सुभाष पांडेय, कुशल राना,हिमेन्द्र प्रताप, नरेंद्र सैनी, अलोक सक्सेना, विनीत श्रीवास्तव,हेमा सक्सेना ,शिखा सक्सेना, रेखा रानी, तनवीर अहमद, सईदफर रहमानी, डॉ.सरफराज अहमद, महेश लोधी, ओमप्रकाश सिंह ,सईद सागर, ऋषिपाल,शमा परवीन उपस्थित रहे।

## आंबेडकर पार्क की कराई जाए रंगाई–पुताई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** डीएम आवास के सामने बनी आंबेडकर पार्क में रंगाई-पुताई कराए जाने को लेकर अखिल भारतीय अंबेडकर संघ रजि. के संयुक्त मंत्री सत्यपाल सिंह बादल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। जिसमें उनका कहना है कि हर वर्ष 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मदिन दिवस की अवसर पर शोभा यात्रा एवं विशाल जनसभा का आयोजन आंबेडकर पार्क में किया जाता है। पार्क में रंगाई-पुताई पेंट कराई जाए। बच्चों के लिए लगाए गए झूले टूट चुके हैं उनके स्थान पर नए झूले लगाए जाए। बैठने के लिए नई बैंच टूट चुकी है उनके स्थान पर नई स्टील बेंच लगाएं जाए। बाबा साहब डॉक्टर की प्रतिमा जहां स्थापित है वहां पर गुमद सहित लाइट- सीमेंट मरम्मत करके पेंट से पुताई की जाए।

## यादव महासभा ने नारेबाजी करके किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** फिल्म 'यादव जी की लवस्टोरी' की रिलीज को रोकने के लिए यादव महासभा ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।साथ ही राज्यमंत्री के पुत्र की मार्फत अपना ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को कार्यकर्ता महासभा के जिला प्रभारी हेमंत यादव के कैम्प कार्यालय पर एकत्रित हुए।

इसके पश्चात सभी जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए हाईवे स्थित कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के कैम्प कार्यालय पहुंचे और वह सभी राज्यमंत्री की अनुपस्थिति में उनके पुत्र और भाजपा नेता गुरकीरत सिंह औलख से मिलें।जहां आक्रोशित समाज ने उन्हें अपना ज्ञापन सौंपा जोकि मुख्यमंत्री को संबोधित था। आक्रोशित कार्यकताओं ने बताया कि आगामी 27 फरवरी को एक फिल्म 'यादव जी की लवस्टोरी' के नाम से रिलीज होने वाली है।जिससे यादव समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई,जबकि वह सनातन धर्म को मानने वाले हैं।उन्होंने कहा फिल्म जातिविशेष को टारगेट करते हुए, लव-जिहाद जैसे मामलों को बढ़ावा दिया गया है,इससे समाज में भारी रोष व्याप्त है।उनकी मांग है कि फिल्म की रिलीज रोका जाए वरना यादव समाज सड़कों पर आने के बाद बड़ा आंदोलन करेगा।इस मौकें पर युवा जिलाध्यक्ष बृजपाल यादव,हरिशंकर यादव,लक्ष्य यादव,अमित यादव, अंकुर यादव,आकाश यादव, भीमसैन यादव,ओमप्रकाश यादव,विक्रम यादव आदि मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

## ९६ परीक्षार्थियों ने छोड़ी यूपी बोर्ड की परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड की परीक्षा कड़ी सुरक्षा में हुई। पहली पाली सुबह 8:30 से पूर्वान्ह 11:45 बजे, दूसरी पाली अपरान्ह 2 से 5 बजे तक हुई। दोनों पालियों में 2827 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। पहली पाली में हाईस्कूल की पंजाबी की परीक्षा में 15 के सापेक्ष 13 ने परीक्षा दी। यानि 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसके अलावा दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की विषय भूगोल की परीक्षा हुई।

इसमें 1332 के सापेक्ष 1238 ने परीक्षा दी। यानि 94 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि गुरूवार को यूपी बोर्ड की परीक्षा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण रूप से हुई। दोनों पालियों में 96 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

## 148 लोगों की हुई एचआईवी, हेपेटाइटिस की जांच

● टांडा के मोहल्ला पड़ाव में हुआ शिविर का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** चेतना सेवा संस्थान द्वारा उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसायटी के निदेर्शानुसार टांडा क्षेत्र के मोहल्ला पड़ाव में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एचआईवी, सिफलिस तथा हेपेटाइटिस-बी एवं सी की निःशुल्क जांच की गई।

शिविर का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के चेयरमैन सरफराज आलम, वार्ड नंबर 3 के सभासद मेराज भूरा की उपस्थिति में हुआ। शिविर में कुल 148 व्यक्तियों की एचआईवी, सिफलिस, हेपेटाइटिस-बी एवं सी की जांच की गई। टीबी के 4 संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग भी की गई। साथ ही नागरिकों को जांच के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि एचआईवी व हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों की समय पर जांच और उपचार से इन्हें नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा संक्रामक रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर चेतना सेवा संस्थान के परियोजना निदेशक अंकित गुलाटी, फैजान कुरैशी, ,टीबी वार्ड स्टाफ, आईसीटीसी से काउंसलर प्रदीप एवं हिमांशु, डीएसआरसी से शकील सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



टांडा में आयोजित शिविर में लोगों की जांच करते विशेषज्ञ।

## कार चालक ने ई–रिक्शा को मारी टक्कर,एक घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** हाईवे के जीरो प्वाइंट पर तेज रफ्तार कार ने एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी।इससे अनियंत्रित रिक्शा डिवाइडर से टकराकर पलट गया। लहुलुहान अवस्था में चालक को एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां से उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।हालांकि दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बाजार कलां निवासी रिक्शा चालक शाहिद अली गुरुवार की पूर्वाह्न साढ़े बजे वह हाईवे पर नवीन मंडी से आगे एक दुकान पर सामान उतारने के बाद वापिस लौट रहा था।बताया जाता है कि जीरो प्वॉइंट पर रूद्रपुर दिशा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने रिक्शा को जबरदस्त टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि रिक्शा अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकराकर पलट गया।दुर्घटना में कार का भी अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जानकारी के मुताबिक कार में दंपती सवार थें और वह उत्तराखंड के हल्द्वानी से दिल्ली जा रहे थें।दुर्घटना में रिक्शा चालक की चीख-पुकार मच गई,और दुर्घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और हाईवे पर यातायात व्यवस्था बाधित हो गया।साथ ही घायल को आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाया।उधर पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।प्राइवेट हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ केबी सिंह ने बताया कि दुर्घटना में व्यक्ति को सीने में गंभीर चोटें आई हैं,इसलिए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

## बिलासपुर में सीओ से मिले ई-रिक्शा चालक

● अवैध रूप से दौड़ रहे रिक्शा और नाबालिगों पर शिकंजा कसने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शाओं पर रोक लगाने और नियमों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर ई-रिक्शा चालकों ने प्रदर्शन करने के बाद सीओ को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ के बैनर तले बृहस्पतिवार को तमाम ई-रिक्शा चालक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक प्रेमनरेश वाल्मीकि के नेतृत्व में एकत्र होने के बाद जुलूस की शक्ल में पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय पहुंचें और सीओ हर्षिता सिंह से मिलें।

इस दौरान चालकों ने ज्ञापन सौंपने के बाद कहा कि नगर क्षेत्र में बहुत से ऐसे रिक्शा चालक है,जिनके लाइसेंस नही बने हैं,और अवैध रूप से दौड़ रहे,जबकि नाबालिग रिक्शा चलाने के बाद दुर्घटनाओं का सबब बन रहे।ज्ञापन में यह भी बताया कि नगर के केमरी तिराहा,मुख्य चौराहे पर कुछ रिक्शा चालक जाम की वजह भी बन जाते हैं,इससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस समस्या का खामियाजा संघ से जुड़े रिक्शा चालकों को भुगतना पड़ता है।उनकी मांग है कि अवैध रूप से दौड़ रहे रिक्शा चालकों और नाबालिगों पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान सीओ ने सभी को आश्वासन दिया। इस मौकें पर इस मौके पर जितेन्द्र राजभर,मित्र पाल,सुनील,शाहिद खां,राम स्वरूप चौहान,शाहवेज,राहुल,अमानत खां,कुलदीप वाल्मीकि,आदिल,मुकेश आदि मौजूद रहे।



सीओ बिलासपुर को ज्ञापन सौंपते ई-रिक्शा चालक

## एसडीएम न्यायिक की अधिवक्ताओं ने उठाई स्थानांतरण की मांग

● अधिवक्ताओं ने डीएम को ज्ञापन सौंप खोला मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** एसडीएम न्यायिक की कार्यप्रणाली को लेकर अधिवक्ताओं में गहरा रोष व्याप्त है। भ्रष्टाचार और न्यायिक प्रक्रियाओं में अनियमितता के गंभीर आरोप लगाते हुए लायर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया है।बृहस्पतिवार को अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि एसडीएम न्यायिक कार्यालय में कई ऐसी पत्रावलियां हैं, जिनमें तीन-तीन माह पूर्व बहस पूरी हो चुकी है, लेकिन आज तक उनमें अंतिम आदेश पारित नहीं किए गए हैं।

अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर पक्षकारों से व्यक्तिगत रूप से वार्ता करते हैं और पत्रावलियों पर उपलब्ध साक्ष्यों के विपरीत आदेश पारित कर रहे हैं। एसडीएम के मोबाइल फोन में विचाराधीन वादों से जुड़े पक्षकारों के नंबर सुरक्षित हैं। दावा है कि इन नंबरों के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से बात कर मुकदमे को विपक्ष में करने का भय दिखाकर अवैध धनराशि की मांग की जाती है। यह कृत्य न्याय और न्यायालय की गरिमा के विरुद्ध है। ऐसे कृत्यों से सरकार की शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय' की नीति पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि वर्तमान परिस्थितियों में उनसे न्याय की कोई उम्मीद नहीं रह गई है। अधिवक्ताओं और वादकारियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि तहसील की न्यायिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के लिए एसडीएम न्यायिक का स्थानांतरण किया जाए। चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही इस पर संज्ञान नहीं लिया गया, तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों संतोख सिंह खैरा, शिव कुमार गुप्ता, अमान खान अधिवक्ता मौजूद रहे।

## सागरपुर गांव में गंदगी से परेशान होकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के सागरपुर गांव में होली के पास सड़क पर करीब डेढ़ साल से पसरी गंदगी को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी करते हुए साफ सफाई की मांग की है। गुरुवार को जाटवान मोहल्ला की होली चौक पर इकट्ठा होकर ग्राम प्रधान द्वारा की जा रही अनदेखी को लेकर ग्राम वासियों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की ग्रामीणों का कहना है, गांव में गांव के ही लोगों ने कचरा डालकर कूड़े का ढेर लगा दिया है। गंदगी से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा है। वहीं पास बने एक स्कूल के छात्र-छात्र भी उसी रास्ते से होकर गुजरते मजबूर हैं। कचरे से नाली बंद हो गई है। जिससे गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। चारों ओर फैली गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे डेंगू और मलेरिया गंभीर बीमारियों आशंका बनी रहती है। जिससे कूड़े के पास के घरों में रहने वाले लोगों का रहना दुश्वार हो गया है। लोगों का आरोप है कि कई बार प्रधान से कहा गया लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। इस दौरान आकाश, करतार सिंह, अनवर अली,सूरज सिंह,जाकिर मुनव्वर, विनोद, इमरान, दानिश, निजामुद्दीन जमील अहमद, अख्तरी बेगम समेत आदि लोग शामिल रहे।

## दहेज में पांच लाख रुपये व कार न मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भोट।** दहेज में पांच लाख रुपये व कार न मिलने पर दहेज लोभी पति ने परिजनों संग मिलकर मासूम बच्ची के साथ पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत नौ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र केगांव निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसकी शादी वर्ष छह वर्ष पूर्व अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक से हुई थी। शादी के बाद से ही पति तथा परिजन दहेज में कर व पांच लाख रुपए मांग कर उसका उत्पीड़न करने लगे थे।

इस दौरान उसकी दो पुत्रियां पैदा होने पर भी उत्पीड़न बंद नहीं हुआ और पुत्र न होने का ताने देते हुए दहेज की मांग कर उसका और अधिक उत्पीड़न किया जाने लगा। तीन जनवरी 2026 को उसका देवर कमरे में घुस गया और जबरन उसके साथ गलत काम किया तथा आये दिन छेड़छाड़ करता रहता था। पीड़िता द्वारा शिकायत करने पर पति,सास,ससुर,जेठ व जिठानी मारपीट कर धमकाने लगे।जिसके बाद पति तथा अन्य परिजनों ने उसे उसकी छोटी पुत्री के साथ घर से निकाल दिया। तभी से वह अपने मायके में रह रही थी। फरवरी को दिन में उसका पति व जेठ तीन अन्य लोगों को लेकर पीड़िता के घर में घुस गए तथा पीड़िता गले में पहना सोने का मंगलसूत्र छीन लिया। उसके माता पिता के साथ भी मारपीट कर पिता की सोने की चैन व पचास हजार रुपए की नगदी भी निकाल ली।चीख पुकार पर पड़ौसियों को मौके की ओर आता देख आरोपी भाग गए।

थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर सभी नौ आरोपियों के खिलाफ मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## पोर्टल बंद होने पर लोनिवि कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



फोटो 14 डायमंड रोड स्थित कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करते लोनिवि कर्मचारी।

● पोर्टल बंद होने पर कर्मचारी दर्ज नहीं करा पा रहे विवरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मानव सम्पदा पोर्टल पर राज्य कर्मचारियों द्वारा नियमानुसार चल-अचल सम्पत्ति का विवरण दर्ज कराए जाने के लिए आदेश जारी किए गए थे। पोर्टल खुलवाने के लिए कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया था। लेकिन उसके बाद भी पोर्टल नहीं खुलने पर कर्मचारियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के परिसर में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ने पोर्टल खुलवाने के लिए प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि आगामी माह में होली-ईद का त्योहार होने के कारण प्रदेश में कार्यरत कर्मचारियों के सामने वेतन न मिलने के कारण कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए मानव सम्पदा पोर्टल को खुलवाया जाए। प्रदर्शन करने वालों में खान शुऐब यूनुस, लववीर सिंह, मोहम्मद कासिम खां, मुजतबा अली, सुरेश चंद्र सिंह, शुभम सिंह, मोहित चौहान, इंदर सिंह, विनोद कुमार, संजय कुमार, रामौतार, मोहम्मद यासीन, संजय कुमार, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया

**रामपुर।** मिशन शक्ति पांच अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति केंद्र की टीमों एवं जनपदस्तरीय टीम द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। थाना-स्तरीय टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र बाजारों, शॉपिंग मॉल, पार्क एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया।महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया की। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं,बालिकाओ को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की। ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें। आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी उपयोग कर सकें।

# बेबसी को मिली रफ्तार और बीमारी को संजीवनी

- जनता दर्शन में लौटी चेहरों पर मुस्कान
- हाथ-पैर नहीं दे रहे थे साथ प्रशासन ने रेडिको खेतान के सहयोग से 3 दिव्यांगों को दी मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल


दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिलें सौंपने के दौरान मौजूद डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जनता दर्शन बेबसों के लिए उम्मीद की एक नई किरण बनकर उभरा है। यहां सिर्फ शिकायतें कागजों में दर्ज नहीं हो रहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को सर्वोपरि रखते हुए उनका ऐसा त्वरित समाधान हो रहा है, जो सीधे लोगों की जिंदगी बदल रहा है।

कलेक्ट्रेट प्रांगण में एक तरफ उन दिव्यांगों के चेहरों पर नई रफ्तार मिलने की खुशी थी जिनके हाथ-पैर साधारण ट्राई साइकिल चलाने में भी अक्षम थे, तो दूसरी तरफ उन बेटियों की आंखों में सुकून था, जिनका इलाज पैसों और कागजी पेंच के अभाव में अटका था।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक चलने वाले जनता दर्शन में कुछ दिनों पहले एक मार्मिक स्थिति सामने आई थी। आलिया निवासी घेर आजम, नैपाल सिंह निवासी मोवीनपुर अहमदाबाद और ओमपाल निवासी सिरसा, तहसील मिलक ने जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी से मिलकर अपना दर्द साझा किया था। इन दिव्यांगजनों की शारीरिक स्थिति ऐसी थी कि वे विभाग द्वारा दी जाने वाली सामान्य (हाथ से चलाने वाली) ट्राईसाइकिल का उपयोग नहीं कर सकते थे, क्योंकि उनके अंगों में उसे चलाने की ताकत नहीं थी।जिलाधिकारी ने इस समस्या को बेहद संवेदनशीलता से लिया। उन्होंने स्थानीय कंपनी रेडिको खेतान लिमिटेड से संपर्क किया। सीएसआर फंड के माध्यम से रेडिको खेतान ने 10 मोटराइज्ड (इलेक्ट्रिक) ट्राइसाइकिल प्रशासन को उपलब्ध कराईं। गुरुवार को कलेक्ट्रेट प्रांगण में रेडिको खेतान की चेयरपर्सन (सीएसआर) अनीता चौहान, डायरेक्टर अमर सिंह और वाइस प्रेसिडेंट अजय प्रताप सिंह की मौजूदगी में इन तीनों पात्र दिव्यांगजनों को यह मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल सौंपी गईं, जिससे अब वे बिना किसी के सहारे अपना सफर तय कर सकेंगे। शेष 7 ट्राईसाइकिल भी जल्द ही अन्य पात्रों को दी जाएंगी।

### जब नियम बने बाधा, तो प्रशासन ने निकाला मानवीय रास्ता

जनता दर्शन में ही एक और मार्मिक मामला रेखा कश्यप ग्राम नरखेड़ा, तहसील स्वार और काजल निवासी सोहना, तहसील शाहबाद का आया। दोनों गंभीर असाध्य बीमारियों से पीड़ित हैं और परिवार आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है। उनका आयुष्मान कार्ड इसलिए नहीं बन पा रहा था क्योंकि वर्ष 2011 की एसईसीसी सूची में उनका नाम नहीं था। बीमारी से जूझती इन बेटियों के लिए जिलाधिकारी ने नियमों के दायरे में रहकर एक मानवीय रास्ता निकाला। पहले प्रशासन ने इनकी पात्रता की जांच कर इनका अंत्योदय राशन कार्ड बनवाया। अंत्योदय कार्ड बनते ही ये स्वतः आयुष्मान योजना के लिए पात्र हो गईं और फिर उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज वाला आयुष्मान कार्ड सौंप दिया गया। डीएम ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत अब तक 200 से अधिक ऐसे जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनवाकर उन्हें जीवनदान देने का प्रयास किया गया है।जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी का स्पष्ट निर्देश है कि जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण हो। जनता दर्शन का मुख्य उद्देश्य ही यही है कि आम जनमानस की पीड़ा का न सिर्फ त्वरित बल्कि पारदर्शी और मानवीय तरीके से समाधान किया जाए, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## कार्यशाला में ब्रॉडबैंड, मोबाइल प्लान की ग्राहकों को दी जानकारी



जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारत संचार निगम लिमिटेड के सिविल लाइन स्थित कार्यालय परिसर में उपभोक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यालय का मुख्य विषय दूरसंचार सेवाओं की क्वालिटी था। जनपद में बीएसएनएल द्वारा प्रदत सेवाओं एवं उपलब्ध ब्रॉडबैंड, मोबाइल के प्लान की भी जानकारी दी।

इसके अतिरिक्त साइबर क्राइम तथा डिजिटल फ्रॉड के तरीके तथा उनसे बचाव के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ट्राई की ओर से उपभोक्ता महासंघ जागो ग्राहक जागो के प्रेम शंकर गुप्ता, पायल वर्मा, नरेंद्र कुमार, अमन सिंह, मनोज कुमार गुप्ता ने उपभोक्ताओं को जागरूक किया। बीएसएनएल की ओर से सहायक महाप्रबंधक त्रिनेत्र सिंह पांगती, मैनेजर विनय कुमार श्रीवास्तव, उप मंडलीय अभियंता राजेंद्र कुमार, विकास कुमार, जेटीओ सत्यवीर सिंह, जेई फरहान मलिक आदि मौजूद रहे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पटवाई शाहबाद का सीडीओ ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) पटवाई शाहबाद का मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद द्वारा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में नामांकित 100 छात्राओं के सापेक्ष 88 बालिकाएं उपस्थित पाई। सभी शैक्षिक स्टाफ भी निर्धारित समय पर उपस्थित मिला।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कक्षा 6 एवं 7 की बालिकाओं से भूगोल, विज्ञान, गणित एवं अन्य विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे। छात्राओं को विषयों को रटने के बजाय समझकर अध्ययन करने की प्रेरणा दी तथा कठिन विषयों को सरल तरीकों से सीखने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की स्थिति का भी अवलोकन किया तथा शिक्षिकाओं को निर्देशित किया कि बालिकाओं की शैक्षिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासन, स्वच्छता और नियमित अध्ययन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी राजीव कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी शाहाबाद अशोक कुमार, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा जानिसार अख्तर एवं प्रभारी वार्डन किरण बाला उपस्थित रहे।


स्कूल में बालिकाओं से जानकारी लेते सीडीओ

# सामाजिक ज्ञान की आधारशिला विज्ञानः संजय

- हमें टाइम मैनेजमेंट का भी ध्यान रखना चाहिए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सेंट पॉल्स स्कूल के सामाजिक विज्ञान के अध्यापक संजय भारद्वाज ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10 का सामाजिक विज्ञान विषय विद्यार्थियों के जीवन की नींव का आधार स्तंभ है।यह महत्वपूर्ण विषय है जो किसी भी विद्यार्थी के जीवन में सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता प्रदान करते हुए विद्यार्थी के जीवन का निर्माण करता है। जितना जरूरी यह विषय है उतनी ही जरूरी इस विषय की परीक्षा की तैयारी है। सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा की तैयारी के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश है जिनका हम अनुसरण करके सब प्रतिशत सफलता प्राप्त कर सकते हैं ।


संजय भारद्वाज

विद्यार्थी को तैयारी करते समय प्रत्येक अध्याय के मुख्य बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए एवं मानसिक मानचित्र तथा फ्लोचार्ट से उन्हें याद करने का प्रयास करना चाहिए।अपनी उत्तर पुस्तिका को प्रश्न पत्र के अनुसार चार भागों में इतिहास,भूगोल, राजनीति शास्त्र एवं अर्थशास्त्र में वर्गीकृत करना चाहिए। एक भाग के सभी प्रश्नों को उसी भाग के लिए प्रयुक्त स्थान पर ही हल करना चाहिए । एक भाग के उत्तरों को दूसरे भाग के उत्तरों के साथ मिलना नहीं चाहिए क्योंकि बोर्ड के निर्देशों के अनुसार मिक्स किए गए उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जाता है । अपने उत्तर के प्रस्तुतीकरण पर विशेष ध्यान देना चाहिए । प्रश्न के अनुसार हेडिंग एवं महत्वपूर्ण तथ्यों को रेखांकित अवश्य करना चाहिए।अपने उत्तर को प्रश्न पत्र में दी गई निश्चित शब्द सीमा के भीतर ही लिखने का प्रयास करना चाहिए। प्रश्नों के उत्तर यथासंभव पॉइंट्स में ही देने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि इससे उत्तर में अधिक स्पष्टता आती है और अनेक प्रकारों से हम अधिक सारगर्भित उत्तर लिख सकते हैं। बहुविकल्पीय प्रश्नों को हल करने के लिए हमें प्रत्येक अध्याय का गहन अध्ययन करना चाहिए। उत्तर को रटने की बजाय उन्हें बिंदुओं के आधार पर याद करना चाहिए । केस स्टडी के प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व केस स्टडी को अच्छी तरह से पढ़ना चाहिए तथा उत्तर को लिखते समय हमें सटीक भाषा एवं उत्तर की प्रासंगिकता का भी ध्यान रखना चाहिए । अनावश्यक विस्तार हमें उत्तर में नहीं करना चाहिए। लघु उत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर के लिए समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है इसलिए इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए हमें शब्द सीमा एवं समय सीमा का प्रमुखता से ध्यान रखना चाहिए तथा महत्वपूर्ण तथ्यों को रेखांकित अवश्य करना चाहिए ।मानचित्र की तैयारी के लिए एक बार में एक ही प्रकार के मानचित्र को हमें हल करना चाहिए यदि हम एक से अधिक प्रकार के मानचित्र को एक साथ हाल करेंगे तो यह विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न करेगा ।भूगोल में औद्योगिक इकाइयों एवं कृषि से संबंधित अध्यायों पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि दीर्घ उत्तरीय प्रश्न इन्हीं प्रमुख अध्यायों से लिए जाते हैं । हमें टाइम मैनेजमेंट का भी ध्यान रखना चाहिए और बोर्ड द्वारा दिए गए समय से पूर्व हमें प्रश्न पत्र हल करने का प्रयास करना चाहिए । ताकि अंत में हम अपनी पूरी उत्तर पुस्तिका का एक अवलोकन यदि हम इन प्रमुख बिंदुओं को अपनी तैयारी के समय में ध्यान रखें एवं उत्तर पुस्तिका के लेखन में ध्यान रखें तो निश्चित रूप से प्रत्येक विद्यार्थी को सामाजिक विज्ञान विषय की न केवल महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होगी अपितु वह है अच्छे अंकों से परीक्षा को उत्तीर्ण भी करेगा।

### 6 बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराया

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के निर्देशन में थाना एएचटीयू, श्रम विभाग एवं जिला चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम द्वारा बालश्रम उन्मूलन अभियान, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह तथा महिलाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देने के साथ-साथ जन जागरूकता अभियान चलाया।

चेकिंग अभियान थाना सिविल लाइन व थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोटरसाइकिल शोरूम, होटल ढाबों एवं दुकानों आदि स्थानो से 6 बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराकर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई गई।इसी क्रम में भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवायोजकों को बाल श्रम अधिनियम के बारे बताया। एवं बाल श्रम रोकथाम के लिए मेडिकल स्टोर, मुख्य चौराहों, होटल, ढाबा मालिक को हिदायत किया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है।

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने की दिशा में सर्वेक्षण अभियान

**रामपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा राज्य की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नियोजन विभाग के जनपद में जुलाई से दिसंबर तक विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण कराए जा रहे हैं।जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सूर्य प्रकाश ने बताया कि यह सर्वे भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं। ये अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध हैं, जिनका उद्देश्य राज्य की आर्थिक, सामाजिक एवं श्रम संबंधी स्थितियों का सटीक आकलन करना है। मार्च 2026 में नगर पंचायत केमरी में सर्वेक्षण प्रस्तावित हैं।

उन्होंने बताया कि आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अंतर्गत सर्वेयर सुनेपाल द्वारा नगर पंचायत केमरी में 12 17 मार्च 2026 तक सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) सर्वे कार्य किया जाएगा।जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने सर्वेक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु संबंधित क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे सर्वे टीम को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करें, जिससे राज्य की विकास योजनाओं के लिए सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें।

### शाहबाद की राणा शुगर मिल का पेराई सत्र खत्म, अब तक 87 प्रतिशत किया भुगतान

**शाहबाद।** गुरुवार सुबह शाहबाद की राणा शुगर मिल का पेराई सत्र 2025-26 का समापन किया गया। इस मौके पर राणा शुगर मिल के उपाध्यक्ष अमर शर्मा और जीएम गन्ना विकास खेवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राणा शुगर मिल का पेराई सत्र 25-26 की शुरूआत 10 नवंबर को हुई थी, पेराई सत्र के दौरान मिल द्वारा किसानों के गन्ने का 14 दिन के अंदर भुगतान किया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की 31 जनवरी 2026 तक का भुगतान किसानों के खाते में कर दिया गया है। केवल 26 दिन का भुगतान शेष रह गया है। यह भी जानकारी दी की 10 नवंबर 2026 से 26 फरवरी 2026 तक खरीदे गए गन्ने का 87% भुगतान कर दिया गया है,मात्र 13 प्रतिशत भुगतान बाकी है,जो जल्द ही किसानों के खाते में भेज दिया जाएगा। मिल के उपाध्यक्ष अमर शर्मा एवं महाप्रबंधक गन्ना विकास खेवाल ने पेराई सत्र के दौरान दिए गए सहयोग के लिए समस्त शासन, प्रशासन,पत्रकार बंधुओं,एवं क्षेत्र के सभी किसानों,मिल के सभी विभागों का अधिकारियों,कर्मचारियों का आभार जताया।

### मृत गोवंश का कराया अंतिम संस्कार

**शाहबाद।** गौ रक्षा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने शाहबाद नगर क्षेत्र में मृत गोवंश का अंतिम संस्कार कराया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने गौसेवा का संकल्प लिया। इस मौके कर गौ रक्षा सेवा समिति के युवा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल के साथ तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जनगणना-2027 प्रथम चरण के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

- चार्ज अधिकारियों एवं उनके सदस्यों को गहन प्रशिक्षण प्रदान किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में जनगणना-2027 के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला गणना अधिकारी संदीप कुमार वर्मा द्वारा संत शिरोमणि सर्किट हाउस सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

जिला गणना अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके दायित्वों के महत्व से अवगत कराना है। उन्होंने निर्देशित किया कि जनगणना का कार्य पूर्णतः सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं निर्धारित समयसीमा में किया जाए। जिससे आंकड़ों की शुद्धता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना निदेशालय उत्तर प्रदेश के नामित जनगणना अधिकारी मोहम्मद इल्यास द्वारा चार्ज अधिकारियों एवं उनके सदस्यों को विस्तृत एवं गहन प्रशिक्षण प्रदान किया।जानकारी दी कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में 7 मई से 20 जून तक स्वगणना एसई पोर्टल के माध्यम से जनपद के नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।इसके बाद 22 मई से 20 जून तक एचओएल के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इस प्रक्रिया में नागरिकों द्वारा दी जानकारी प्रगणकों को उपलब्ध कराई जाएगी।प्रशिक्षण के दौरान गणना अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों को मकान सूचीकरण, भवनों की गणना की तकनीक, डेटा संकलन प्रक्रिया एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी।कार्यक्रम में जनपद के नगर क्षेत्रों के चार्ज अधिकारी (अधिशासी अधिकारी) तथा ग्रामीण क्षेत्रों के चार्ज अधिकारी (तहसीलदार) सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


प्रशिक्षण में मौजूद अधिकारी

## बहुजन समाज पार्टी की बैठक का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** क्षेत्र के गांव अब्बास नगर में डॉक्टर चंदन सिंह के निवास पर बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक का आयोजन किया।बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष हबीबुल रहमान ने की।बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और सर्वसमाज को संगठन से जोड़ने पर विचार विमर्श किया गया।

जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की बार मुख्यमंत्री रहीं बहन मायावती के दिशा निर्देश अनुसार गांव चलो अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में बूथ कमेटियों का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन में समस्त बहुजन समाज एवं एससी, एसटी, ओबीसी, माइनॉरिटी तथा समस्त समाज के लोगों को जोड़ने पर जोर दिया।बैठक में पांचवीं बार 2027 में बहन जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने के लिए अभी पूरे जी जान से जुटने पर जोर दिया गया। इस मौके पर समाज सेवी सतीश गौतम, बख्तावर अली, विनय, राफात अली, हरफूल सिंह,राजेश, वीर सिंह सैनी, डॉक्टर चंदन सिंह, चमन सिंह, मुन्नू सिंह, बलवंत सिंह, मोहम्मद फैयाज, बुद्ध सेन, अभय और राकेश आदि मौजूद रहे।

### चार लीटर देसी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**शाहबाद।** गुरुवार को थाना शाहबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को चार लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। शाहबाद पुलिस ने ढकिया गांव निवासी मनोज कुमार को 20 फ्रूटी पाउच देशी शराब के साथ गदमर पट्टी रोड स्थित श्मशान गेट के पास से गिरफ्तार किया। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

## २.53 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार होंगी दो सड़कें

- शहर विधायक आकाश सक्सेना ने किया शिलान्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग की ओर से नगर विधानसभा क्षेत्र में 2.53 करोड़ रुपए की लागत से दो सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने दोनों सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के बनने से सिर्फ आवागमन ही सुगम नहीं होगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने में दोनों सड़कें सहायक सिद्ध होंगी।

चिकना से चिकटी रामनगर मार्ग तक सड़क कच्ची थी, जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतें होती थीं। लोगों की यह मुश्किल बरसात के दिनों में और अधिक हो जाती थी। कुछ इसी तरह के हालात लक्ष्मीनगर मार्ग के थे। गहरे गहरे गडढे होने की वजह से आएदिन हादसे होते रहते थे। ऐसे में क्षेत्रीय लोगों ने शहर विधायक आकाश सक्सेना से सड़क का निर्माण कराने की मांग की थी, जिसके बाद विधायक ने लोक निर्माण विभाग के माध्यम से प्रस्ताव शासन को भेज दिया था। शासन ने दोनों सड़कों के निर्माण को मंजूरी दे दी। गुरूवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने दोनों सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। गांव हो या शहर सभी जगह न सिर्फ अच्छी सड़कें बन रही हैं, बल्कि लोगों का आवागमन भी सुलभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कें विकास की रीढ़ होती हैं और इससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। लोगों की स्कूल, अस्पताल, बाजार और अन्य सार्वजनिक स्थलों तक पहुंच आसान होगी। बरसात के मौसम में जलभराव और कीचड़ की समस्या से भी लोगों को राहत मिलेगी। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, जगपाल यादव, अशोक विश्नोई, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, अवधेश शर्मा, अन्नू सक्सेना, विक्की सक्सेना आदि उपस्थित रहे।


सड़क का शिलान्यास करते विधायक

# घर लौट रहे युवकों की कार गंगनहर में गिरी, दो की मौत

- चार गंभीर रूप से घायल, मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नजीबाबाद।** शादी समारोह से लौट रहे युवकों की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब उनकी कार अनियंत्रित होकर गंगनहर में जा गिरी। दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।



हादसे के बार गंगनहर में गिरी कार

हादसा थाना नजीबाबाद क्षेत्र में गंगनहर मार्ग पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज रफ्तार में थी।वाहन अनियंत्रित हुआ और सीधा नहर में जा गिरा। पानी में गिरते ही अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने शोर सुनकर मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। हादसे में सतीश और सचिन की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दोनों को बाहर निकालने तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हादसे में विशाल, मोहित, अंकित सहित कुल चार युवक घायल हुए हैं।स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को पहले नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उनकी हालत गंभीर देखते हुए सभी को एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही थाना नजीबाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। वाहन को नहर से निकालने के प्रयास किये।

प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और संतुलन बिगड़ना हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार के खतरों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस घर में शादी की शहनाइयां गूंज रही थीं, वहां अब मातम का सन्नाटा पसरा है।

# मालन की तर्ज पर बान नदी का होगा जीर्णोद्धार

- डीएम ने प्रवाह मार्ग के सर्वे व कब्जा मुक्त कराने के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिजनौर।** जिले की बान नदी को भी अब नई जिंदगी मिलने जा रही है। मालन नदी की तर्ज पर बान नदी के जीर्णोद्धार की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति तथा मानव-गुलदार संघर्ष न्यूनीकरण समिति की संयुक्त बैठक हुई।

बैठक में डीएम ने स्पष्ट कहा कि बान नदी के प्रवाह मार्ग का चिन्हांकन कर उसे अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने सिंचाई विभाग के नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि नदी के प्रवाह क्षेत्र का विस्तृत सर्वे कर शीघ्र आख्या प्रस्तुत करें, ताकि जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ किया जा सके।गंगा समिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ब्लॉक मोहम्मदपुर देवमल क्षेत्र के ग्राम बादशाहपुर, दयालपुर सहित अन्य गांवों के किसी भी नाले का पानी गंगा में प्रवाहित न होने पाए। उन्होंने स्वच्छता मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।पर्यावरण समिति की बैठक में डीएम ने वायु प्रदूषण के मानकों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जुमार्ने और चालानों में बढ़ोतरी करने के आदेश भी दिये। बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्पतालों में शत-प्रतिशत बारकोडिंग तय की जाए।बारकोड आधारित प्रणाली से ही मेडिकल वेस्ट का निस्तारण कराया जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता के लिये मानव-गुलदार संघर्ष न्यूनीकरण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में गुलदार की घटनाएं सामने आ रही हैं, वहां जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने वन विभाग को निर्देश दिए कि अति संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष टीमों का गठन किया जाए। टीम सदस्यों को नियमित प्रशिक्षण दिया जाए। स्वयंसेवी वन मित्रों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उपलब्ध कराए जा रहे पिंजरों में सभी मानकों का पालन सुनिश्चित हो। साथ ही ग्रामीणों को गन्ने की कटाई के समय विशेष सावधानी बरतने के लिए प्रेरित करने को कहा गया, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी, डीएफओ, अपर पुलिस अधीक्षक, डीसी मनरेगा सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं धर्मगुरु उपस्थित रहे।

# 9 से 23 मार्च तक चलेगा घर-घर कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलेगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** कुष्ठ रोग की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 9 मार्च से 23 मार्च 2026 तक घर-घर कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में आशा कार्यकताओं का संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बैठक में आशा कार्यकताओं को अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की जांच करें और कुष्ठ रोग के संदिग्ध लक्षण मिलने पर उन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच के लिए भेजें। पैरा मेडिकल वर्कर कुलवंत सिंह ने बताया कि अभियान के तहत कुल 272 टीमें गठित की गई हैं, जिनमें महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कर्मी शामिल हैं। ये टीमें घर-घर सर्वे कर संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा भेजेंगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी द्वारा जांच के उपरांत यदि कुष्ठ रोग की पुष्टि होती है तो मरीज को मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) के माध्यम से निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। समय पर इलाज से रोगी पूर्णतः स्वस्थ होकर सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है।इस अवसर पर बीसीपीएम लीलावती, पैरा मेडिकल वर्कर अरुण कुमार, संगिनी राजेश्वरी, कमलेश देवी, कनीज जहां, सुमन, अंजू सहित अन्य आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अभियान में सहयोग करें और जांच टीम को सही जानकारी उपलब्ध कराएं।

# माधव गौ सेवा समिति का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरकोट।** क्षेत्र के गांव नसीर दिवाली में माधव गौ सेवा समिति द्वारा वार्षिक सम्मेलन का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया। कार्यक्रम में समिति द्वारा वर्ष भर में कराए गए गौ सेवा, पशु संरक्षण एवं जन जागरूकता से जुड़े कार्यों का विस्तार से लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बीते वर्ष घायल, बीमार एवं बेसहारा गौवंश की सेवा के लिए कई महत्वपूर्ण अभियान चलाए गए, जिनमें स्थानीय ग्रामीणों का भी सराहनीय सहयोग मिला।

सम्मेलन के दौरान उत्कर्ष गौ सेवा करने वाले गौ सेवकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉक्टर नवनीत, डॉक्टर कैलाश, गौतम गिरी, डॉक्टर दिनेश भारद्वाज सहित अन्य गौ सेवकों को उनके सेवा कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि समाज में गौ सेवा के लिए समर्पित ऐसे लोगों का सम्मान अन्य लोगों को भी सेवा कार्यों के लिए प्रेरित करता है।कार्यक्रम में समिति द्वारा बच्चों के खान-पान एवं स्वास्थ्य विषय पर भी



सम्मेलन में मौजूद लोग

विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव बच्चों के उचित पोषण और बेहतर स्वास्थ्य पर निर्भर करती है।

इस विषय पर विशेषज्ञों द्वारा उपयोगी सुझाव दिए गए, जिनमें संतुलित आहार, स्वच्छता एवं नियमित स्वास्थ्य जांच पर विशेष जोर दिया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता शरदचन्द्र शर्मा ने की, जबकि संचालन मोहन सिंह द्वारा किया गया। विभाग प्रचारक क्रांति कुमार मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने गौ सेवा को भारतीय संस्कृति की मूल भावना से जोड़ते हुए कहा कि गौ माता की सेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है।कार्यक्रम में धामपुर विधानसभा के विधायक अशोक कुमार राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के सेवा कार्य समाज को नई दिशा देते हैं और सरकार भी ऐसे सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर पशु संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रही है। सम्मेलन में डॉक्टर मंजू चौधरी, अनिल कुमार गोयल, हरपाल सिंह, रेखा रानी, सतीश कुमार, पुनीत कुमार, राकेश अग्रवाल, दीपक गोयल, शरद पाल अपर जिला न्यायिक, डॉक्टर पीके कोहली, शूरवीर सिंह (डायरेक्टर), धर्मवीर, नीरज चौहान, डॉक्टर अमित चौहान, संजीव राजपूत, डॉक्टर लोकेश चौहान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, रामवीर, रंजीत सिंह दारा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं गौ सेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समिति द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। भविष्य में गौ सेवा के कार्यों को और अधिक व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

## इलाज में लापरवाही से महिला की मौत

**हसनपुर।** नगर करनखाल मार्ग स्थित आत्माराम कुंड के निकट क्लीनिक में गलत इलाज के कारण दम तोड़ने वाली 30 वर्षीय संगीता पत्नी जबर सिंह निवासी बाई खेड़ा मिलक की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। एक ओर जहाँ पांच मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है, वहीं दूसरी ओर अब मामले को दबाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। मृतका के मायके और ससुराल पक्ष के बीच कथित तौर पर समझौते की बातचीत के बाद, अब बिना किसी कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम के ही शव के अंतिम संस्कार कर दिया गया। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी रोष है कि नगर के ग्राम करनखाल मार्ग स्थित आत्माराम कुंड के निकट झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई के बजाय मामले को रफा-दफा किया जा रहा है।अवैध रूप से संचालित ऐसे क्लीनिकों पर लगाम न कसने और बिना जांच के शव का अंतिम संस्कार होने से क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है। यदि पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया, तो एक और मौत का इंसाफ फाइलों में दफन होकर रह जाएगा। मृतका अपने पीछे तीन बेटी एक बेटा वह नवजात मासूम बच्ची को रोटी-सुलाते छोड़ गई है।

## औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध किसानों ने दिया धरना

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा द्वारा औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध चल रहा धरना गुरुवार को जारी रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने 20 फरवरी को नमामि गंगे, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड समेत अन्य संबंधित विभागों की टीम ने बगद नदी समेत गजरौला के नाईपुरा इलाके में प्रदूषित जल का निरीक्षण कर सैंपल लिए थे, उसकी रिपोर्ट भी अभी तक सार्वजनिक नहीं की गयी है। उसे जल्द ही सार्वजनिक किया जाये। हाइवे स्थित शहबाजपुर डोर में चल रहे धरने में नरेश चौधरी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों के प्रदूषण से लोगों का बीमारियां हो रही हैं। मृदा और भूजल प्रदूषण की मार झेल रहा है। कहा कि डिप्टी कलेक्टर चंद्रकांता ने फोन पर आश्वस्त किया है कि रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजनैतिक दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि राजनेता किसानों को सिर्फ वोट बैंक समझते हैं। बिना आंदोलन के कोई समस्या हल नहीं होती, क्योंकि वोट बैंक का खतरा नहीं दिखता। दिल्ली का किसान आंदोलन इसका जीता- जागता उदाहरण है। इस अवसर पर मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, राष्ट्रीय सचिव चंद्रपाल सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष अहसान अली, जिला अध्यक्ष राशिद, पदाधिकारी सुरेंद्र सिंह, दिलशाद, जैद, नाज़िम, फुरकान, अब्दुल रशीद, मंसूर अली, विजय सिंह, गंगाराम, रामसरन, राम प्रसाद, पृथ्वी सिंह, होमपाल सिंह, सोमपाल सिंह, अशद अली आदि किसान मौजूद रहे।

## चेयरपर्सन ने लिया जायजा

**गजरौला।** नगर पालिका की अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने इंदिरा चौक पर निमार्णाधीन पुलिया का किया स्थलीय निरीक्षण करके ठेकेदार को कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिए।गुरुवार को नगर पालिका परिषद गजरौला की अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने इंदिरा चौक पर निमार्णाधीन पुलिया का सघन स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री उच्चतम मानकों के अनुरूप ही होनी चाहिए। जनहित को सर्वोपरि र5ते हुए पुलिया का निर्माण निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। यह पुलिया क्षेत्र की जल निकासी और सुगम यातायात के लिए लाइफलाइन साबित होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक व नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह जी, रवि सैनी, दीपक कुमार, अशोक शर्मा, अचित शर्मा आदि मौजूद रहे।

## महाराजा शुरसेन द्वार का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया शिलान्यास

**हसनपुर।** नगर के ब्लॉक तिराहे पर 28 लाख की लागत से बनने वाले भव्य 'महाराजा शुरसेन द्वार' का चेयरमैन राजपाल सैनी ने शिलान्यास किया। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के सौंदर्य करण और पहचान को नया आयाम देने के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना का आगाज किया गया है। नगर के ब्लॉक तिराहे पर अब 28 लाख रुपये की लागत से भव्य 'महाराजा शुरसेन द्वार का निर्माण कराया जाएगा ,गुरुवार को पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने सभासदों और पालिका कर्मचारियों की मौजूदगी में इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास किया। इस दौरान पंडित महेश द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई, जिसके बाद चेयरमैन राजपाल सैनी ने नींव की ईंट रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। चेयरमैन ने संबोधित करते हुए कहा कि हसनपुर नगर के प्रवेश मार्ग पर किसी भव्य स्वागत द्वार की कमी लंबे समय से खल रही थी। इसी अभाव को दूर करने के लिए 'महाराजा शुरसेन द्वार' बनाने का निर्णय लिया गया है, जो नगर की गरिमा बढ़ाएगा और आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।इस अवसर पर मुकेश गुप्ता .राहुल सैनी, गिरधारी लाल सैनी , धर्मपाल सिंह, देवेंद्र सैनी,हमजा अली, नौशाद, जावेद, शाहनवाज, शकील मलिक, राजकुमार सैनी, रविशंकर सैनी, पूरन सिंह, जेई तेजपाल सिंह, बाबू करन सिंह अरशद अली सहित भारी संख्या में पालिका कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के तहत आने वाले परिषदीय विद्यालयों की दशा सुधारने और शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से गुरुवार को एक ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

हाकमपुर स्थित अवध फार्म हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य एजेंडा ग्राम पंचायतों और विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक पुत्र एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। संबोधन में उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि एक आदर्श विद्यालय के निर्माण में ग्राम प्रधान और शिक्षकों का आपसी तालमेल रीढ़ की हड्डी के समान है।उन्होंने कहा ग्राम प्रधान गांव के विकास के ध्वजवाहक हैं, जबकि शिक्षक भविष्य के निमार्ता। जब ये दोनों पक्ष एक मंच पर आकर कार्य करेंगे, तभी हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे आधुनिक सुविधाओं और बेहतर शिक्षा का लाभ उठा पाएंगे।₹ उन्होंने प्रधानों को विद्यालयों



मां शारदा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्य अतिथि एवं अन्य

में चल रहे कायाकल्प कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने और शिक्षकों को एक प्रेरक वातावरण तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया।खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की 'ऑपरेशन कायाकल्प' योजना तभी सफल हो सकती है जब ग्राम प्रधान इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में चहारदीवारी, टाइलीकरण, शुद्ध पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए ग्राम निधि का सदुपयोग शिक्षा के स्तर को सुधारने में क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। इस अवसर पर उन ग्राम प्रधानों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने ग्राम सभा के विद्यालयों की सूरत बदलने में अनुकरणीय योगदान दिया है। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व एआरपी विकास राहुल ने किया। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, जिला मंत्री जगवीर सिंह, और प्रधान संघ अध्यक्ष यशपाल सिंह ने भी अपने विचार रखे।कार्यक्रम में भाजपा नेत्री सरोज गूर्जर, वरिष्ठ शिक्षक महेश ठाकुर, एआरपी संजीव मौर्य, मौहम्मद असलम,कमल दीपेन्द्र,महीपाल सिंह, जयवीर सिंह, हरिओम सिंह, प्रमोद कुमार, बिजेंद्र सिंह,गौतम सिंह,संजय सिंह, महताबउद्दीन, राघवेन्द्र सिंह, करणवीर सिंह, धर्मेंद्र शर्मा,कुलदीप त्यागी,रीना गौड़, पारूल, प्रियंका, मोनिका राहुल सागर, जयपाल सिंह, फैजान हस्मत, नरेश कुमार, यतीश शर्मा, नाजिर अली आदि शिक्षक एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# नहर का नाला पाटकर कब्जाई भूमि पर खड़ी गेहूं की फसल कटवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निर्मलपुर में नहर विभाग के नाले को पाटकर की कथित कब्जेदारी पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। नाले की भूमि पर खड़ी गेहूं व लाही की कच्ची फसल को राजस्व विभाग की टीम ने कटवाकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया।

शिकायतकर्ता वेद प्रकाश सिंह ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आरोप लगाया था कि अर्जुन सिंह ने नहर विभाग के नाले और ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर कानूनगो सर्वेश सिंह और लेखपाल कु. बुसरा की टीम ने गुरुवार को मौके पर पहुंचकर पैमाइश कराई। जांच में खेत के बीच से गुजर रहे नहर के नाले की चौड़ाई लगभग 6 फीट और लंबाई करीब 130 मीटर पाई गई। टीम ने नाले की भूमि पर खड़ी गेहूं और लाही की फसल को कटवाते हुए नाले को दोबारा खुलवाया और भूमि को मुक्त कराया। बताया जाता है कि अर्जुन सिंह और वेदप्रकाश सिंह के बीच काफी समय से आपसी रंजिश चली आ रही है। कुछ दिन पूर्व अर्जुन सिंह ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी कि वेद प्रकाश सिंह सहित नौ लोगों ने ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर लिया है। इस शिकायत पर चार दिन पहले राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराया था। इसी क्रम में वेदप्रकाश सिंह ने नहर की भूमि पर कब्जे की शिकायत जिलाधिकारी से की, जिस पर यह कार्रवाई की गई। वहीं अर्जुन सिंह का कहना है कि वर्ष 2018 में उनके पिता स्वर्गीय मुरारी सिंह की मौजूदगी में ग्रामीणों के साथ समझौता हुआ था। समझौते के तहत उन्होंने अपने निजी खेत में नया नाला खुदवाकर तालाब तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की थी और बदले में पुराने नहर नाले को जोतने की सहमति दी गई थी। उनका दावा है कि समझौते के तहत ही उन्होंने भूमि का उपयोग किया। उन्होंने राजस्व टीम को संबंधित अभिलेख भी दिखाए और निष्पक्ष जांच की मांग की है।फिलहाल प्रशासनिक कार्रवाई के बाद नाले को पुनः चालू करा दिया गया है। गांव में दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है।

# होली-ईद पर मिलावटखोरी के खिलाफ सख्ती, 27 नमूनों की जांच में दो फेल

- रंग बिरंगी कचरी व खाद्य सामग्री न खरीदे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** होली और ईद पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने नगर में मिलावटखोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। गुरुवार को विभाग की चलित प्रयोगशाला टीम ने बाजार पहुंचकर मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों के नमूनों की मौके पर जांच की।

अभियान के दौरान बर्फी, सोनपापड़ी, बालूशाही, गुजिया और सरसों के तेल समेत कुल 27 नमूनों की जांच की गई। इनमें से 25 नमूने मानक के अनुरूप पाए गए, जबकि दो नमूने फेल हो गए। विभाग ने संबंधित व्यापारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए गुणवत्ता मानकों का कड़ाई



ठाकुरद्वारा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर बीपी सिंह व्यापारियों के साथ बैठक करते

से पालन करने की चेतावनी दी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. बी.पी. सिंह ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि रंग-बिरंगी कचरी जैसी संदिग्ध सामग्री का भंडारण एवं बिक्री न करें। साथ ही सभी व्यापारी अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराएं और प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।राजीव मार्केट में आयोजित बैठक में व्यापार मंडल पदाधिकारियों से भी सहयोग की अपील की गई। व्यापारियों ने भरोसा दिलाया कि वे गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखेंगे और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थों की बिक्री नहीं करेंगे। व्यापार मंडल की ओर से कहा गया कि वे उचित कार्रवाई में प्रशासन का सहयोग करते रहेंगे, लेकिन बिना कारण किसी भी व्यापारी को परेशान न किया जाए।बैठक में पिछले वर्ष होली के दौरान हुए विवाद का भी उल्लेख किया गया, जिस पर अधिकारियों ने निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल सहित अनिल अग्रवाल, सुरेश कुमार, विनीत कुमार, हाजी पप्पू, सलीम अहमद, रईस चक्की वाले, मोहम्मद वसीम, फरजान अहमद, मोहम्मद मुस्तकीम, कुशाग्र सिंघल, मोहित सिंगला, अंशुल अग्रवाल, पंकज कुमार, सत्य प्रकाश, रितिक कुमार, अनिल कुमार, मोहम्मद हारुन, लियाकत हुसैन, राजीव कुमार समेत अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

चिंतन

# सबसे विवादित राष्ट्रपति बनते दिखते ट्रम्प

न्याय तो न्याय होता है फिर वो अपनों के लिए हो या गैरों के लिए। लेकिन ट्रम्प को यह भी नागवार गुजरा जब वहां के सुप्रीम कोर्ट ने कानून की हद और जद में वो फैसला सुनाया, जो उनके खिलाफ था। दरअसल, अमरीका में सुप्रीम कोर्ट में अदालतों की नियुक्ति वहां के राष्ट्रपति करते हैं जो कि आजीवन या जबतक जज सक्षम, स्वस्थ और सक्रिय रहें तब तक के लिए होती है। अमरीकी सुप्रीम कोर्ट में ट्रम्प के पहले कार्यकाल के नियुक्त तीन जज थे जिनसे ट्रम्प पूरे भरोसे में थे और उन्हें अपनी जागीर समझ बैठे। फैसला उनके खिलाफ भला कैसे जाएगा? लेकिन वो ये भूल गए कि जजों ने न्याय करने की शपथ ली थी न ट्रम्प के हितों की रक्षा की। फैसला आते ही उन्होंने जिन शब्दों में सुप्रीम कोर्ट और खिलाफ फैसला देने वाले जजों पर आरोप लगाए वह निश्चित रूप से अमेरिका की पूरी न्याय प्रणाली पर कटाक्ष था जो बेहद निंदनीय है। इसी तरह हालिया भारत-पाक युध्द को रोकने को लेकर अनगिनत बार एकतरफा बोलने वाले ट्रम्प इस बार तो इतना कह गए यदि वो दोनों का परमाणु युध्द नहीं रुकवाते तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की हत्या हो जाती।

दुनिया भर में इस फैसले की चर्चा इसलिए भी हो रही है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से इसे असंवैधानिक करार दिया। इसमें ट्रम्प के नियुक्त जजों ने भी अहम भूमिका निभाई। 6ऽ3 के बहुमत से ट्रम्प टैरिफ को असंवैधानिक करार देते हुए 1977 के आईईईपीए कानून यानी ''अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम''(इण्टरनेशनल इमरजेंसी इकॉनामिक पॉवर ऐक्ट) का हवाला दिया। यह वो अमेरिकी कानून है जो राष्ट्रपति को राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान विदेशी खतरों से निपटने के लिए आर्थिक लेनदेन, आयात-निर्यात और संपत्ति को विनियमित करने का अधिकार देता है। जबकि अमरीका में ऐसी स्थिति नहीं है। बिना कांग्रेस की सहमति लिए जिद्दी ट्रम्प ने दुनिया भर में मनमाने टैरिफ ठोंक दिया, भारत भी अछूता नहीं रहा। फैसला आते ही कुछ देर में ट्रम्प ने प्रेस कांफ्रेंस की जिसमें फैसले की न केवल आलोचना की बल्कि विरोध में फैसला देने वाले खुद के नियुक्त जजों को जमकर कोसा, लताड़ा भी। कोर्ट पर मनमाने आरोप भी लगाए और कहा कि अदालत विदेशी हितों और ऐसे राजनीतिक आंदोलनों से प्रभावित है, जो लोगों की सोच से छोटे हैं। फैसले को अपने चुनाव परिणाम से जोड़ते हुए कहा कि मैं लाखों वोटों से जीता फिर भी धोखाधड़ी हुई नहीं तो अंतर और बढ़ता बावजूद इसके भारी मतों से जीता। उन्होंने यहां तक कहा कि जो लोग बुरे, अनजान और शोर मचाने वाले हैं, वो चिल्लाकर बोलते हैं। ऐसा लगता है कि कुछ जज इससे डर गए और सही काम नहीं करना चाहते। जस्टिस गोरसच और जस्टिस बैरेट जो ट्रम्प के द्वारा नियुक्त थे, ने भी खिलाफ में फैसला दिया जबकि ब्रेट कैवनॉघ ट्रंप द्वारा नियुक्त वो जज थे जिन्होंने पक्ष में फैसला सुनाया। मुख्य न्यायधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा लिखे गए फैसले के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने बौखलाहट भरी प्रतिक्रियाएं दीं कि टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद निराशाजनक है, कोर्ट के कुछ सदस्यों पर शर्म आ रही है जो देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं कर पाए। निश्चित रूप इससे ट्रम्प की साख गिरी है न कि अमरीकी सुप्रीम अदालत की।

मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स के साथ बहुमत में न्यायाधीश नील गोरसच और एमी कोनी बैरेट भी शामिल थे। इनकी नियुक्ति ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में की थी। सहमति जताने वालों में न्यायाधीश क्लेरेंस थामस, सैमुअल एलिटो और ब्रेट कैवना थे जिनमें कैवना को ट्रंप ने नियुक्त किया था। इन्होंने असहमति मत में लिखा कि वास्तव में टैरिफ आयात को नियंत्रित करने का पारंपरिक और सामान्य उपकरण है तथा आइईईपीए का पाठ, इतिहास तथा पूर्व की तमाम मिसालें प्रशासन के पक्ष का समर्थन करती हैं। जज कैवना ने चेतावनी दी कि इस निर्णय से चीन, ब्रिटेन और जापान जैसे देशों के साथ हुए व्यापार समझौतों पर अनिश्चितता पैदा हो सकती है। हालांकि फैसले में यह साफ नहीं है कि कंपनियों को उन अरबों डॉलर का रिफंड मिलेगा या नहीं, जो दिसंबर 2025 तक ही अमरीकी खजाने में करीब 133 अरब डॉलर से अधिक जमा हो चुके हैं। इनमें कुछ कंपनियां पहले ही निचली अदालतों में रिफंड का दावा पेश कर चुकी हैं। निश्चित रूप से ट्रम्प की स्थिति बहुत मजाक वाली हो गई है। कहीं न कहीं वो हाशिए पर भी हैं। ट्रम्प की खिसियाहट इसी से समझ आती है कि एक तो उन्होंने अदालत को भला-बुरा कह कर दुनिया को चौंकाया और यहां तक कि उनके द्वारा नियुक्त विरोध में फैसले देने वाले न्यायाधीशों को देशद्रोही तक कह दिया।

लगता है कि ट्रम्प को न्याय में विश्वास नहीं है और देर-सबेर अमरीका में यह मांग भी उठेगी कि भारत सहित तमाम देशों की न्यायपालिका के समान निष्पक्ष व्यवस्था अमरीका में भी हो जिससे नियुक्त न्यायाधीश बिना किसी के दबाव में न्याय हित में काम कर सकें। हाँ, ट्रम्प का सुन्दर सपना टूट जरूर गया है लेकिन ट्रम्प और विवादों का चोली-दामन का रिश्ता कब क्या, कैसा कुछ नया कर दे, कोई नहीं जानता।

> ताज महोत्सव की सबसे बड़ी पूंजी इसकी वह विविधता ही है, जो उत्तर के हिमालयी अंचल से लेकर दक्षिण के कन्याकुमारी तक और सुदूर पूर्वोत्तर की पहाड़ियों से लेकर पश्चिम के रेगिस्तानों तक की कला को एक सूत्र में पिरोती है। यहां कश्मीर की पश्मीना शॉल की मखमली कोमलता और वाराणसी की रेशमी साड़ियों की राजसी चमक एक साथ देखी जा सकती है। लखनऊ की बारीक चिकनकारी की नजाकत हो या सहारनपुर की लकड़ी पर की गई सूक्ष्म नक्काशी, मुरादाबाद के पीतल शिल्प की सुनहरी दमक हो या खुर्ज़ा की सिरेमिक कला की चटक रंगीन छटा, ये सभी तत्व मिलकर भारत की हस्तकला परंपरा का एक ऐसा जीवंत संग्रहालय रच देते हैं, जिसे देख दुनिया दांतों तले उंगली दबा लेती है। भदोही के हस्तनिर्मित कालीनों की जटिल बुनावट, दक्षिण भारत की पाषाण और काष्ठ मूर्तियां, पूर्वोत्तर के बांस-बेंत की लाकृतियां और गुजरात के पटोला व बांधनी कार्य की विविधता दर्शकों को एक अनूठी सांस्कृतिक यात्रा पर ले जाती है। यह महोत्सव केवल वस्तुओं के क्रय-विक्रय का बाजार नहीं है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' की धड़कन और स्थानीय प्रतिभा के स्वाभिमान का एक जीवंत दस्तावेज है। इस वर्ष सरकार की 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' पहल के अंतर्गत प्रदेश के 50 जनपदों की विशिष्ट पहचान को जिस प्रकार एक ही मंच पर प्रतिष्ठित किया गया है, वह अद्भुत है। लगभग 500 सुसज्जित स्टॉल भारतीय उद्यमिता की उस रचनात्मक ऊर्ज़ा का परिचय दे रहे हैं, जो परंपरा और आधुनिकता के सूक्ष्म समन्वय से नए भारत के भविष्य का निर्माण कर रही है। यहां प्रदर्शित खादी की सादगी, जूट की पर्यावरण-मित्र आत्मा और हथकरघा की सूक्ष्म बुनावट केवल व्यापारिक उत्पाद नहीं बल्कि स्वदेशी स्वाभिमान, सतत विकास और सांस्कृतिक निरंतरता के उन सशक्त प्रतीकों के रूप में उभरते हैं, जो वैश्विक बाजार में भारत की श्रेष्ठता सिद्ध करते हैं। कला और शिल्प के इस महाकुंभ में संगीत और नृत्य की धाराएं आत्मा के स्पंदन की भांति प्रवाहित होती हैं।

# ताज महोत्सव: संस्कृति का विराट उत्सव

**उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक नगर आगरा में 18 से 27 फरवरी तक आयोजित हो रहा यह दस दिवसीय सांस्कृतिक पर्व केवल एक साधारण मेले का विस्तार नहीं है बल्कि यह भारत की बहुरंगी परंपराओं, लोक-स्मृतियों, लुप्तप्राय शिल्प-कौशल और उस विराट पाक-वैभव का उत्सव है, जहां राष्ट्र की विविधता वैश्विक मंच पर एक साथ स्पंदित होती हैं। इस वर्ष अपने 34वें गौरवशाली संस्करण में प्रवेश कर रहे इस महोत्सव की थीम 'वंदे मातरमः परंपरा एवं राष्ट्र गौरव' हमारी सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय चेतना का एक सशक्त उद्घोष है, जो आगंतुकों के भीतर स्वदेश प्रेम और अपनी जड़ों के प्रति सम्मान की भावना को प्रगाढ़ करता है। सन् 1992 के वसंत में जब इस महोत्सव का बीजारोपण हुआ था, तब शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि यह आयोजन आने वाले समय में भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रतीक्षित सांस्कृतिक आयोजनों में शुमार हो जाएगा। इसका मूल दर्शन भारतीय हस्तशिल्प, लुप्त होती लोक कलाओं और सदियों पुराने पारंपरिक कौशलों को एक ऐसा मंच प्रदान करना रहा है, जहां वे अपनी आधुनिक प्रासंगिकता सिद्ध कर सकें। ताजमहल की जादुई पृष्ठभूमि में सजे सैंकड़ों स्टॉल, चटख और पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित लोक कलाकार, शास्त्रीय संगीत की गंभीर तान और लोकनृत्यों की लयात्मक थिरकन मिलकर एक ऐसा जादुई वातावरण रचते हैं, मानो पूरा लघु भारत एक ही परिसर में सिमट आया हो। ताज महोत्सव की सबसे बड़ी पूंजी इसकी वह विविधता ही है, जो उत्तर के हिमालयी अंचल से लेकर दक्षिण के कन्याकुमारी तक और सुदूर पूर्वोत्तर की पहाड़ियों से लेकर पश्चिम के रेगिस्तानों तक की कला को एक सूत्र में पिरोती है। यहां कश्मीर की पश्मीना शॉल की मखमली कोमलता और वाराणसी की रेशमी साड़ियों की राजसी चमक एक साथ देखी जा सकती है। लखनऊ की बारीक चिकनकारी की नजाकत हो या सहारनपुर की लकड़ी पर की गई सूक्ष्म नक्काशी, मुरादाबाद के पीतल शिल्प की सुनहरी दमक हो या खुर्ज़ा की सिरेमिक कला की चटक रंगीन छटा, ये सभी तत्व मिलकर भारत की हस्तकला परंपरा का एक ऐसा जीवंत संग्रहालय रच देते हैं ।**

योगेश कुमार गोयल

यमुना के पावन तट पर स्थित धवल संगमरमर की वह अलौकिक कृति, जिसे दुनिया ताजमहल के नाम से जानती है, केवल ईंट-पत्थरों और नक्काशी का मेल नहीं है बल्कि भारतीय संवेदनाओं, स्थापत्य-कौशल और सौंदर्य-चेतना का एक शाश्वत महाकाव्य है। जब इस विश्वप्रसिद्ध स्मारक की शीतल और भव्य छाया में रंगों की चटक आभा, रागों की मधुर लहरियां और रसों की सजीव अनुभूति एक साथ साकार होती है, तब वह दृश्य 'ताज महोत्सव' के रूप में भारतीय संस्कृति का एक अनुपम उत्सव बन जाता है।

उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक नगर आगरा में 18 से 27 फरवरी तक आयोजित हो रहा यह दस दिवसीय सांस्कृतिक पर्व केवल एक साधारण मेले का विस्तार नहीं है बल्कि यह भारत की बहुरंगी परंपराओं, लोक-स्मृतियों, लुप्तप्राय शिल्प-कौशल और उस विराट पाक-वैभव का उत्सव है, जहां राष्ट्र की विविधता वैश्विक मंच पर एक साथ स्पंदित होती हैं। इस वर्ष अपने 34वें गौरवशाली संस्करण में प्रवेश कर रहे इस महोत्सव की थीम 'वंदे मातरमः परंपरा एवं राष्ट्र गौरव' हमारी सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय चेतना का एक सशक्त उद्घोष है, जो आगंतुकों के भीतर स्वदेश प्रेम और अपनी जड़ों के प्रति सम्मान की भावना को प्रगाढ़ करता है।

सन् 1992 के वसंत में जब इस महोत्सव का बीजारोपण हुआ था, तब शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि यह आयोजन आने वाले समय में भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रतीक्षित सांस्कृतिक आयोजनों में शुमार हो जाएगा। इसका मूल दर्शन भारतीय हस्तशिल्प, लुप्त होती लोक कलाओं और सदियों पुराने पारंपरिक कौशलों को एक ऐसा मंच प्रदान करना रहा है, जहां वे अपनी आधुनिक प्रासंगिकता सिद्ध कर सकें। ताजमहल की जादुई पृष्ठभूमि में सजे सैंकड़ों स्टॉल, चटख और पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित लोक कलाकार, शास्त्रीय संगीत की गंभीर तान और लोकनृत्यों की लयात्मक थिरकन मिलकर एक ऐसा जादुई वातावरण रचते हैं, मानो पूरा लघु भारत एक ही परिसर में सिमट आया हो। ताज महोत्सव की सबसे बड़ी पूंजी इसकी वह विविधता ही है, जो उत्तर के हिमालयी अंचल से लेकर दक्षिण के कन्याकुमारी तक और सुदूर पूर्वोत्तर की पहाड़ियों से लेकर पश्चिम के रेगिस्तानों तक की कला को एक सूत्र में पिरोती है। यहां कश्मीर की पश्मीना शॉल की मखमली कोमलता और वाराणसी की रेशमी साड़ियों की राजसी चमक एक साथ देखी जा सकती है। लखनऊ की बारीक चिकनकारी की नजाकत हो या सहारनपुर की लकड़ी पर की गई सूक्ष्म नक्काशी, मुरादाबाद के पीतल शिल्प की सुनहरी दमक हो या खुर्ज़ा की सिरेमिक कला की चटक रंगीन छटा, ये सभी तत्व मिलकर भारत की हस्तकला परंपरा का एक ऐसा जीवंत संग्रहालय रच देते हैं, जिसे देख दुनिया दांतों तले उंगली दबा लेती है। भदोही के हस्तनिर्मित कालीनों की जटिल बुनावट, दक्षिण भारत की पाषाण और काष्ठ मूर्तियां, पूर्वोत्तर के

## ताज महोत्सव (18 से 27 फरवरी) पर विशेष

बांस-बेंत की कलाकृतियां और गुजरात के पटोला व बांधनी कार्य की विविधता दर्शकों को एक अनूठी सांस्कृतिक यात्रा पर ले जाती है। यह महोत्सव केवल वस्तुओं के क्रय-विक्रय का बाजार नहीं है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' की धड़कन और स्थानीय प्रतिभा के स्वाभिमान का एक जीवंत दस्तावेज है। इस वर्ष सरकार की 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' पहल के अंतर्गत प्रदेश के 50 जनपदों की विशिष्ट पहचान को जिस प्रकार एक ही मंच पर प्रतिष्ठित किया गया है, वह अद्भुत है। लगभग 500 सुसज्जित स्टॉल भारतीय उद्यमिता की उस रचनात्मक ऊर्ज़ा का परिचय दे रहे हैं, जो परंपरा और आधुनिकता के सूक्ष्म समन्वय से नए भारत के भविष्य का निर्माण कर रही है। यहां प्रदर्शित खादी की सादगी, जूट की पर्यावरण-मित्र आत्मा और हथकरघा की सूक्ष्म बुनावट केवल व्यापारिक उत्पाद नहीं बल्कि स्वदेशी स्वाभिमान, सतत विकास और सांस्कृतिक निरंतरता के उन सशक्त प्रतीकों के रूप में उभरते हैं, जो वैश्विक बाजार में भारत की श्रेष्ठता सिद्ध करते हैं। कला और शिल्प के इस महाकुंभ में संगीत और नृत्य की धाराएं आत्मा के स्पंदन की भांति प्रवाहित होती हैं। ताजमहल की मुगलई वास्तुकला की छाया में गूंजते शास्त्रीय, अर्ध-शास्त्रीय और लोक राग एक ऐसे सांगीतिक वातावरण का सृजन करते हैं, जो श्रोताओं को अलौकिक आनंद की अनुभूति कराता है। ब्रज के उल्लासपूर्ण लोकनृत्य, जिनमें होली की मस्ती और राधा-कृष्ण के प्रेम की महक होती है, कथक की भावप्रवण मुद्राएं, जिनमें इतिहास बोलता है और सूफी गायकी की वह रूहानी लहरियां, जो सीधे खुदा से संवाद करती प्रतीत होती हैं, दर्शकों को एक आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान करती हैं। इस वर्ष के विशाल डिजिटल मुक्ताकाशीय मंच पर आधुनिकता का भी समावेश है ।

# होली: जाति, पंथ, उम्र से परे जीवंत महाउल्लास

हृदयनारायण दीक्षित

> यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति सदाबहार नायिका है। नदियां हंसती-नृत्य करती बहती हैं, मनुष्य आनंदित होता है। सो नदियों के तट पर उत्सव नृत्य और संकीर्तन। प्रकृति जहां-जहां जब-जब आनंदित करती है तब-तब वहां-वहां उत्सव। लेकिन काल सबका नियंता है। अथर्ववेद के ऋषि भृगु ने गाया है कि काल में ही सुख-दुख और आनंद है। काल में ही ऋक यजुष और सामगान हैं। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और काल-मुहूर्त की जुगुलबन्दी है। बसंत ऐसी ही मनभावन उपस्थिति है। बसंत में प्रकृति और काल की गलमिलौवल है। प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिन्दास है यह। लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं लेकिन बसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाये, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढ़क गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं ।

रंग पर्व होली को नमस्कार। कृत्रिम मेधा, असली मेधा व ऑनलाइन बुद्धिमत्ता को नमस्कार। सत्व, रज और तम की त्रिगुणी को नमस्कार। ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिदेवों को नमस्कार। धर्म, अर्थ और काम की पुरुषार्थ त्रयी को नमस्कार। गीता, ब्रह्मसूत्र व उपनिषद की प्रस्थान त्रयी को नमस्कार। शब्द, अपशब्द व संसदीय मर्यादाहीनता को नमस्कार। प्रकृति चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इसी स्रोत का नाम है-उत्स। आनंद का यह स्रोत मधुमय है। उत्सव इसी आनंद रस का अतिरेक आपूरण है।

यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति सदाबहार नायिका है। नदियां हंसती-नृत्य करती बहती हैं, मनुष्य आनंदित होता है। सो नदियों के तट पर उत्सव नृत्य और संकीर्तन। प्रकृति जहां-जहां जब-जब आनंदित करती है तब-तब वहां-वहां उत्सव। लेकिन काल सबका नियंता है। अथर्ववेद के ऋषि भृगु ने गाया है कि काल में ही सुख-दुख और आनंद है। काल में ही ऋक यजुष और सामगान हैं। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और काल-मुहूर्त की जुगुलबन्दी है। बसंत ऐसी ही मनभावन उपस्थिति है। बसंत में प्रकृति और काल की गलमिलौवल है।

प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिन्दास है यह। लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं लेकिन बसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाये, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढ़क गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं पर बसंत के संवेदन की बात ही दूसरी है।

बसंती पवन भारतीय काव्य का उत्प्रेरण रही है। आखिरकार क्या हो जाता है? वायु देव को बसंत में। वे जिसे छूकर आगे बढ़ते हैं, वही मदमस्त हो जाता है। वे कलियों की चोली उड़ा ले जाते हैं, तरूणों को सहलाते हैं, तरूणियों को तब तक गुदगुदाते हैं, जब तक वे खिलखिलाकर पूरी खिल नहीं जाती। तरूण तो तरूण हैं। मनतरंग में झूमना उनकी स्वाभाविकता है। लेकिन बूढ़े-बुजुर्ग भी बासंती पवन में मदमस्त हो जाते हैं। नदी, तालाब और खेत-ऊसर भी बसंत की मौज में होते हैं। हमारे गांव से बहने वाली सई नदी भी आनंद मगन हो जाती है। उसके तट पर खड़े बनबबूल के पेड़ों पर गीत उगते हैं। पक्षी प्रेमगीत गाते हैं, गायें उछलती हैं। न शीत की जकड़न और न गर्मी की उमस और बेचैनी। बसंत का प्रभाव सब पर एक जैसा। बूढ़े मनुष्य ही नहीं बूढ़े वृक्ष भी फूलों से लद जाते हैं। फागुन सबको लहालोट करता है। मनतरंग के देव 'काम' भीतर से कुलाचें मारते हैं। बसंत इसीलिए ऋतुराज है।

पृथ्वी सगंधा है। फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती-आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया की पौध हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलबहियां डालकर मिलते हैं। पक्षी मस्त-मस्त गीत गाते हैं। वे ऋत बंधन में रहते हैं। लेकिन बसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। यह बसंत दो दिन के लिए नहीं आता। पूरे तीन-चार माह तक विहंसता है, समूची प्रकृति को रस आपूरित करता है। प्रकृति का हरेक अंश उत्सव मनाता है। हरेक वृक्ष, हरेक फूल, कीट, पतिंग, पशु, पक्षी और मनुष्य मधु उत्सव में होता है। होली इन्हीं मधु उत्सवों का महोत्सव है।

होली आनंद का अतिरेक है और अतिरेक कभी शास्त्रीय नहीं होता। होली का लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। लोक में अतिरिक्त ऊर्ज़ा है, उफनाती ऊर्ज़ा आनंद का अतिरेक है यहां। ऊर्ज़ा का अतिरेक ही उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। समाज का आनंदमगन समवेत ही उत्सव हैं। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति की चरम अभिव्यक्ति है। होली भारत के मन का उल्लास है। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। होली का उल्लास प्रायोजित नहीं होता। भारतीय उत्सव प्रकृति का प्रसाद है। होली महाप्रसाद है।

होली मधु अनुभूति का मधु प्रसाद है। प्रकृति का यह मधु प्रसाद अखण्ड है। सूर्य उगते हैं, अस्त होते हैं। मास आते हैं, विदा होते हैं। सम्वत्सर, युग और मन्वन्तर आते हैं पर मधु उत्सवों का मधु प्रसाद कोष रीता नहीं होता। बसंत ऐसा ही मधुकोष लेकर हर साल आता है। होली के अवसर पर बांटता है। होली का यह मधु पूरे साल चलता है। होली भारत का मन मधुमय करती है। इसीलिए यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। तमाम असम्भवों का संगम है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा भारतीय संस्कृति का मनआनंद है। होली गीत गाता नृत्य मगन उन्मुक्त अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन का गीत-संगीत है। होली जाति, पंथ, उम्र से परे जीवन्त महामुक्ति और महाउल्लास है।

कुछ विद्वानों ने होली को मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई0) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक बसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है।

सेहत

# विदेश भेजने की होड़ और बदलती मानसिकता

डॉ. प्रियंका सौरभ

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय समाज में नई प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है, बेटे-बेटियों को विदेश भेजने की होड़। कभी पढ़ाई के नाम पर, कभी नौकरी के नाम पर, तो कभी बेहतर जीवन के सपने के साथ। कई परिवारों में यह उपलब्धि की तरह प्रस्तुत किया जाता है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। किसी का कनाडा जाना, किसी का ऑस्ट्रेलिया या यूरोप जाना-यह सब मानो सफलता की पहचान बन गया है। धीरे-धीरे यह धारणा बनती जा रही है कि यदि भविष्य बनाना है तो विदेश जाना पड़ेगा। लेकिन यह सवाल गंभीरता से पूछने की जरूरत है कि क्या वास्तव में भारत में अवसरों की कमी है? क्या इस देश में प्रतिभा के लिए जगह नहीं बची? या फिर हम स्वयं अपने देश की संभावनाओं को कम आंकने लगे हैं?

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है। तकनीक, उद्योग, सेवा क्षेत्र, स्टार्टअप, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में लगातार नए अवसर पैदा हो रहे हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ भारत में निवेश कर रही हैं। लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। छोटे शहरों और कस्बों से निकल कर युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। ऐसे में यह मान लेना कि भविष्य केवल विदेश में ही है, एक अधूरी और जल्दबाजी वाली सोच लगती है।

विदेश जाने की एक बड़ी वजह शिक्षा भी है। कई छात्र यह सोचकर विदेश जाते हैं कि वहाँ की पढ़ाई बेहतर है या वहाँ अवसर अधिक हैं। कुछ मामलों में यह सही भी हो सकता है। लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि कई छात्र केवल इसलिए विदेश चले जाते हैं क्योंकि उन्हें भारत में मनचाहे कॉलेज या कोर्स में प्रवेश नहीं मिल पाता। प्रतियोगिता कठिन है, सीटें सीमित हैं और हर किसी को प्रतिष्ठित संस्थानों में जगह नहीं मिल पाती। ऐसे में विदेश जाना विकल्प बन जाता है। लेकिन इस विकल्प को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बना देना चिंताजनक है।

आज स्थिति यह हो गई है कि कई जगहों पर माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने को लेकर एक तरह का दबाव महसूस करते हैं। रिश्तेदारों, परिचितों और समाज के बीच यह दिखाने की कोशिश होती है कि उनका बच्चा विदेश में पढ़ रहा है या काम कर रहा है। कई बार परिवार अपनी आर्थिक स्थिति से ज्यादा खर्च उठाकर भी बच्चों को विदेश भेज देते हैं। शिक्षा ऋण, कर्ज और आर्थिक बोझ के बावजूद यह निर्णय केवल इसलिए लिया जाता है क्योंकि इसे सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ दिया गया है।

सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ाया है। इंटरनेट पर विदेश में रहने वाले युवाओं की चमकदार तस्वीरें दिखाई देती हैं- खूबसूरत शहर, शानदार जीवनशैली, घूमना-फिरना, नए अनुभव। लेकिन इन तस्वीरों के पीछे का संघर्ष अक्सर दिखाई नहीं देता। विदेश में जीवन आसान नहीं होता। वहाँ भी कठिन परिश्रम करना पड़ता है, अकेलेपन का सामना करना पड़ता है और कई बार ऐसे काम भी करने पड़ते हैं जिनकी कल्पना भारत में रहते हुए नहीं की जाती। लेकिन यह सच्चाई अक्सर तस्वीरों और वीडियो के पीछे छिप जाती है।

समस्या विदेश जाने में नहीं है। समस्या उस मानसिकता में है जिसमें विदेश को सफलता का पर्याय बना दिया गया है। दुनिया को देखने, नई शिक्षा और अनुभव प्राप्त करने के लिए विदेश जाना अच्छा अवसर हो सकता है। कई भारतीय छात्र विदेश में उच्च शिक्षा लेकर नई तकनीक और ज्ञान प्राप्त करते हैं और बाद में देश के विकास में योगदान भी देते हैं। लेकिन जब यह निर्णय समझदारी के बजाय भीड़ का हिस्सा बनकर लिया जाता है, तब कई बार परिणाम निराशाजनक भी हो सकते हैं।

भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका युवा वर्ग है। आज का युवा पहले से अधिक जागरूक, शिक्षित और तकनीक से जुड़ा हुआ है। स्टार्टअप संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। छोटे शहरों के युवा भी बड़े सपने देख रहे हैं और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। डिजिटल युग में अवसरों की सीमाएँ पहले जैसी नहीं रहीं। आज भारत में बैठकर भी दुनिया के साथ काम किया जा सकता है। जरूरत इस बात की है कि हम अपने बच्चों को सक्षम बनाएं। उन्हें ऐसी शिक्षा दें जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाए, उनमें कौशल विकसित करे और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति दे। अगर युवा योग्य होंगे तो उन्हें अवसर कहीं भी मिल सकते हैं- भारत में भी और विदेश में भी। लेकिन यदि केवल स्थान बदलने से सफलता की उम्मीद की जाएगी, तो यह सोच लंबे समय तक टिक नहीं पाएगी।

# कटरा नगर पंचायत का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

● अभिलेख दुरुस्त करने व विकास कार्य तेज करने के निर्देश



जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। जनपद के जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने नगर पंचायत कटरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की व्यवस्था, अभिलेखों के रखरखाव तथा चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सबसे पहले जिलाधिकारी ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर जन्म और मृत्यु रजिस्टरों की जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि जन्म-मृत्यु से जुड़े प्रतिदिन आने वाले प्रार्थना पत्रों के लिए अलग से दैनिक रजिस्टर बनाया जाए, ताकि रिकॉर्ड व्यवस्थित और अद्यतन रखा जा सके। इसके बाद उन्होंने 15वें वित्त आयोग से बन रहे मीटिंग हॉल का निरीक्षण किया। अधिकारियों से निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने आवश्यक मरम्मत और रिनोवेशन कार्य भी समय से पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की बैठकों के लिए बेहतर व्यवस्था हो सके। जिलाधिकारी ने जल निगम द्वारा बनाए जा रहे ओवरहेड टैंक का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि टैंक का निर्माण जून 2026 तक पूरा हो जाएगा। इस पर डीएम ने गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे क्षेत्रवासियों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यालय के पास स्थित जर्जर कृषि रक्षा इकाई भवन को गिराकर वहां पार्क और अन्य जनसुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही गाटा संख्या 1406 और 1403 की अतिक्रमण मुक्त भूमि का निरीक्षण कर वहां दुकानों का निर्माण शुरू कराने को कहा, ताकि नगर पंचायत की आय बढ़ाई जा सके और स्थानीय लोगों को सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान नगर पंचायत कटरा के प्रशासक अध्यक्ष रजनीश मिश्रा, उपजिलाधिकारी तिलहर सदानंद सरोज, अधिशासी अधिकारी शिवलाल राम, अवर अभियंता पीयूष मिश्रा, लेखा लिपिक सुरेन्द्र कुमार गंगवार सहित सभासद और कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसी भी शिक्षक के साथ अन्याय या प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं करेगा संगठन



जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। प्रांतीय अनुसूचित जातिध्जनजाति बेसिक शिक्षक संघ जनपद शाहजहांपुर की कार्य समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय वर्मा ने की और संचालन जिला महामंत्री विनोद कुमार ने किया।

बैठक में प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मगरे लाल ने कहा कि सभी शिक्षकों को टीईटी परीक्षा पास करने की अनिवार्यता न्याय संगत नहीं है और इसे असंवैधानिक मानते हुए 26 फरवरी को राजकीय इंटर कॉलेज, खिरनीबाग में दोपहर 2 से 4 बजे धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रांतीय महामंत्री विश्राम सिंह ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक ब्लॉक से अध्यक्ष और मंत्री की बैठक में उपस्थिति आवश्यक होने पर जोर दिया। प्रदेश कोषाध्यक्ष सियाराम दिनकर और कमलेश निगम ने सदस्यता शुल्क समय पर जमा करने की आवश्यकता बताई और कहा कि बिना धन के संगठन का काम प्रभावित होगा।

प्रांतीय मीडिया प्रभारी ब्रजेश कुमार ने अनुशासन और समयबद्धता को संगठन की सफलता के लिए अनिवार्य बताया। संरक्षक अमर सिंह और जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सम्राट ने ब्लॉक स्तर पर मासिक बैठक आयोजित करने और अवशेष इकाइयों के पुनर्गठन पर बल दिया। बैठक में लालमन गौतम, दिनेशपाल सिंह, अशोक कुमार, ब्लॉक मंत्री नीरज वर्मा, अखिलेश गौरव, अरविंद वर्मा, सुधीर कुमार, अतुल कुमार, महेंद्रपाल कठेरिया आदि ने भी अपने विचार रखे। जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने कहा कि संगठन अपने सभी सदस्यों के हित में खड़ा है और किसी भी शिक्षक के साथ अन्याय या प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं करेगा। बैठक सकुशल समाप्त हुई।

## होली नजदीक आते ही क्षेत्र में धधकने लगी शराब की अवैध भट्ठियां

मिजार्पुर-शाहजहांपुर। होली का पर्व नजदीक आते ही कस्बा और कटरी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अवैध कच्ची शराब की भट्टियों ने रफ्तार पकड़ ली है। बाहरिया, हरसीपुर, मधुरा, कीलापुर, हरिहरपुर, टेढा, पहरुआ, अत्री निजामपुर, मौजमपुर, वीघापुर, सिठौली, जरियनपुर, प्रथ्वीपुर, ढाई और सिंगहा गौटिया समेत कई गांवों में शराब बनाने और बेचने का कारोबार चल रहा है। जानकारों का कहना है कि अवैध कच्ची शराब को जल्दी और अधिक नशीला बनाने के लिए इसमें जानलेवा पदार्थ मिलाए जाते हैं, जिससे इसे पीने वाले लोग शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो सकते हैं। त्योहारों के समय शराब का यह अवैध कारोबार तेजी से बढ़ जाता है और स्थानीय लोग भी इससे परेशान हैं। ब्लॉक क्षेत्र के क्षेत्र पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सिंह ने भी बीते तहसील समाधान दिवस पर इस समस्या को लेकर प्रार्थना पत्र दिया था। वहीं नागरिकों का कहना है कि प्रशासनिक कार्रवाई समय पर नहीं हुई तो इस अवैध कारोबार से लोगों की जान को बड़ा खतरा हो सकता है।

# नगर निगम कार्यालय, कन्वेंशन सेंटर और अर्बन हाट का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण

● प्रभारी मंत्री ने कार्यों में तेजी लाने और समय से पूर्ण कराने के दिए निर्देश



जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने ककरा, कॉकर कुण्ड में निमार्णाधीन नगर निगम कार्यालय भवन, कन्वेंशन सेंटर और अर्बन हाट-प्लाजा का स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह सिनसिनवार, नगर आयुक्त बिपिन कुमार मिश्र, परियोजना प्रबंधक रघुवंश राम और अन्य अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कार्यालय भवन में भूतल और प्रथम तल का अधिकांश कार्य पूर्ण पाया गया। द्वितीय और तृतीय तल पर निर्माण कार्य प्रगति पर था। छत और डोम की ढलाई का कार्य भी पूरा हो चुका है। कन्वेंशन सेंटर में मुख्य भवन का प्लिंथ स्तर तक काम पूरा था, जबकि कॉलम और स्लैब का काम प्रगति पर था। अर्बन हाट-प्लाजा में भी प्लिंथ स्तर तक निर्माण कार्य पूर्ण और अन्य कार्य प्रगति पर थे। एम्फीथिएटर, घण्टाघर और ट्वायलेट ब्लॉक में भी काम जारी था। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने परियोजना प्रबंधक को निर्देश दिए कि तीनों निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए और उन्हें निर्धारित समय में पूरा कराया जाए, ताकि जनता को इन सुविधाओं का लाभ जल्द मिल सके।

# एसडीएम का नगर निगम में औचक निरीक्षण जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की 100 फाइलें साथ ले गए



जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। एसडीएम सदर संजय कुमार पांडेय ने देर शाम नगर निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र से जुड़ी फाइलों की जांच की। बताया जा रहा है कि कर्मचारियों की शिकायत मिलने के बाद एसडीएम खुद मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान कई फाइलों में कमी पाई गई, जिस पर उन्होंने संबंधित बाबू को फटकार लगाई।

करीब दो घंटे तक चली जांच के बाद एसडीएम 100 फाइलें अपने साथ ले गए। उस समय नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा भी कार्यालय में मौजूद थे। जानकारी के अनुसार नगर निगम में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे थे। धीरे-धीरे करीब 400 फाइलें लंबित हो गई थीं। कर्मचारियों का कहना था कि एसडीएम कार्यालय में फाइलें रिसीव नहीं की जा रही थीं, जिससे काम अटक रहा था। नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा ने बताया कि सभी फाइलें पूरी थीं और मामले को लेकर उनकी एसडीएम से बात भी हुई थी। अब तय किया गया है कि प्रतिदिन 50 फाइलें एसडीएम कार्यालय भेजी जाएंगी, ताकि लंबित मामलों का जल्द निस्तारण हो सके। एसडीएम से इस संबंध में संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

## जमीनी विवाद ने लिया हिंसक रूप, युवक पर चाचा-चचेरे भाइयों का ईट-पत्थर हमला

जैतीपुर-शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र मकरंदपुर गांव में दोपहर जमीनी विवाद हिंसक रूप ले गया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रेम कुमार ने अपने चाचा और दो चचेरे भाइयों पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे अपने घर की छत पर चढ़कर गाली-गलौज करते हुए उनके घर पर ईंट-पत्थर फेंकने लगे। एक ईंट सीधे उसके सिर पर लगी, जिससे सिर फट गया और युवक को गंभीर चोट आई। युवक ने बताया कि उसके चाचा और चचेरे भाई लंबे समय से जमीनी विवाद को लेकर उससे रंजिश रखते हैं और पहले भी कई बार धमकी दे चुके हैं। घटना के समय वह अपने घर पर ही था, लेकिन अचानक ऊपर से पत्थर गिरने से वह बुरी तरह घायल हो गया। प्रेम कुमार ने पुलिस में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल परीक्षण कराया और मामले की गंभीरता को देखते हुए जाँच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान कर उनसे पूछताछ की जाएगी और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शादी से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

शाहजहांपुर। जनपद के पुवायां क्षेत्र में बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान दिव्यांशु गौतम (25) पुत्र प्रमोद कुमार गौतम, निवासी ग्राम चक्क झाऊ, पुवायां के रूप में हुई है। बताया गया कि दिव्यांशु छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। वह लौकी खेड़ा गांव में अपने मित्र की बहन की शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जानकारी के अनुसार, बुधवार देर रात करीब एक बजे शादी समारोह से साथियों के साथ लौटते समय सुखबीर एग्रो एनर्जी के पास उनकी बाइक की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में दिव्यांशु गंभीर रूप से घायल हो गए। साथियों ने तत्काल 102 एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी रवि करन सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## होली के दौरान किसी पर रंग, कीचड़ या पेंट डालने पर विशेष पाबंदी

शाहजहांपुर। जनपद में होली, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं और अन्य धार्मिक एवं सामाजिक पर्वों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत 26 फरवरी से 15 अप्रैल तक निषेधाज्ञा जारी की है। आदेश के अनुसार, बिना अनुमति आग्नेयास्त्र, धारदार हथियार, लाठी या विस्फोटक सामग्री रखने पर रोक रहेगी, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा, और किसी भी सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुँचाने वाले पर कड़ी कार्रवाई होगी। एक स्थान पर 5 से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक होगी, सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री फैलाना प्रतिबंधित होगा और होली के दौरान किसी पर रंग, कीचड़ या पेंट डालने पर विशेष पाबंदी रहेगी, साथ ही संवेदनशील धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, परीक्षा केंद्रों के आसपास 500 मीटर की दूरी में मोबाइल, इंटरनेट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने कहा है कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी और सभी थाना प्रभारी एवं अधिकारी आदेश का पालन सुनिश्चित करेंगे।

## परीक्षा देने जा रहे छात्र की बाइक ई रिक्शा से टकराने से छात्र गम्भीर घायल

तिलहर-शाहजहांपुर। हाई स्कूल परीक्षा देने जा रहा छात्र ई-रिक्शा की टक्कर से घायल हो गया। जिसे गंभीरावस्था में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



बुधवार सुबह आठ बजे नगर के मोहल्ला कुंवरगंज में उस समय एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार युवक ई रिक्शा में पीछे से जा टकराया। लोगों ने घायल छात्र को एक दुकान के चबूतरे पर लिटा दिया। लेकिन इस दौरान छात्र बेहोशी की हालत में चला गया। सूचना पर पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस से घायल छात्र को सीएचसी भिजवाया। घायल छात्र की पहचान बृजेश कुमार पुत्र सुवालाल निवासी ग्राम बरखेड़ा हवेली थाना मीरानपुर कटरा के रूप में हुई। सीएचसी पर डॉ कमर उज्मा ने घायल छात्र को प्राथमिक उपचार देकर हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। खबर मिलने पर पहुंचे परिजन उसे बंथरा स्थित रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां छात्र की हालत में सुधार होना बताया गया रहा है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे कचरे में मिला व्यक्ति का शव, 11 दिन से था लापता



जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। मीरानपुर कटरा इलाके में गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग के सियूरा मोड़ के पास कचरे में एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान कटरा कस्बे के मोहल्ला आतिशबाजन निवासी हशमत अली उर्फ मुन्ना (42) पुत्र रहमत अली के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव और थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने शव के पास से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए और घटना की जांच शुरू की।

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों के अनुसार, हशमत अली कटरा कस्बे के मवेशी अस्पताल में चपरासी के पद पर कार्यरत थे। वह 16 फरवरी की सुबह ड्यूटी पर गए थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद 18 फरवरी को कटरा थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परिजनों और पुलिस की लगातार खोजबीन के बावजूद उनकी कोई सूचना नहीं मिली। लगभग 11 दिन बाद, 26 फरवरी को राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे कचरे में उनका शव पाया गया। क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शव की पहचान हशमत अली के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृतक की मृत्यु के कारणों का स्पष्ट विवरण दिया जा सकेगा। हशमत अली के परिवार में उनकी पत्नी नाजिश उर्फ गुड्डी और एक पुत्र अलफैज हैं। पुलिस ने घटना को संदिग्ध मानते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से हत्यारों या घटनास्थल तक पहुंच का पता लगाया जा रहा है।

# 614 ग्राम अफीम के साथ दो युवक गिरफ्तार, बाइक व मोबाइल बरामद



जागरण मोर्चा कार्यालय


शाहजहांपुर। जनपद में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खुटार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवकों को 614 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सौफरी पेट्रोल पंप फ्लाईओवर के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 614 ग्राम अफीम, दो मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान लखीमपुर खीरी जनपद के थाना उचैलिया क्षेत्र निवासी आशीष गुप्ता पुत्र रामकृष्ण तथा थाना कटरा क्षेत्र के सहजना निवासी ज्ञानेंद्र शर्मा पुत्र विपिन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गुरुवार को दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

# ध्यान से विकसित होती है सहनशक्ति और सही समझः दाजी

श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम में ह्यबसंत उत्सव के चैथे चरण के तीसरे दिन, देश विदेश से आए हजारों अभ्यासियों ने की ध्यान साधना

● केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद और महापौर अर्चना वर्मा ने दाजी से की मुलाकात





जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक पूज्य कमलेश डी. पटेल ह्यदाजीह्न के सान्निध्य में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव के चैथे चरण के तीसरे दिन सुबह कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देश विदेश से पधारे हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान साधना कर मानव कल्याण एवं विश्व शांति की कामना की। श्री रामचंद्र मिशन आश्रम की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने तथा मिशन के आदि गुरु लालाजी महाराज की 153 वीं जयंती पर आयोजित बसंत उत्सव के अवसर पर दाजी ने समापन पर साधकों को प्रेम, करुणा और सेवा की भावना विकसित करने का संदेश दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ध्यान क्या है पहले हमें यह समझना है। जिस वाहन से हम अंतिम प्रज्ञा तक पहुंच सकते हैं उसका नाम ध्यान है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि प्रतिदिन ध्यान करें, ईर्ष्या त्यागें, और अपने हृदय को दिव्य प्रेम से भरें। उन्होंने बताया कि ध्यान से सहनशक्ति और सही समझ विकसित होती है। आज के ध्यान सत्र में ददरौल,कांट, भावलखेड़ा, और सिंधौली विकासखंडों के लगभग 100 से अधिक ग्राम प्रधान शामिल हुए और ध्यान साधना की। आयोजन को सफल बनाने में मिशन के सचिव उमाशंकर बाजपेई, कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत,ए.के. गर्ग, राज गोपाल अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल,सुयश सिन्हा,कृष्णा भारद्वाज, ममता सिंह, उमेश श्रीवास्तव, संजय मिश्रा,माया सिंह डा.प्रसन्न कुमार, डा. एच के सिंह,डा. अभिनव सक्सेना के एम त्रिपाठी, सहित अनेक अभ्यासियों योगदान रहा।

## केंद्रीय मंत्री और महापौर ने दाजी से की मुलाकात किया ध्यान

शाहजहांपुर। श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में चल रहे बसन्त उत्सव में मिशन से जुड़े देश विदेश के हजारों अभ्यासियों ने पुण्यधरा पर पहुंचे और ध्यान साधना कर आध्यात्मिक उन्नति और विश्व शांति की कामना की। इसी के साथ शहर के गणमान्य लोग भी आश्रम पहुंच रहे हैं। प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद के बाद केंद्रीय मंत्री और पीलीभीत के सांसद जितिन प्रसाद ने आश्रम पहुंच कर दाजी से मुलाकात की और रामचंद्र मिशन की बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस मौके पर दाजी ने आश्रम की पचास वर्षों की यात्रा का फोटो संकलन मंत्री को भेंट किया। मंत्री जितिन प्रसाद के साथ मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, संजय सहगल, भूपेंद्र सिंह, माधो गोपाल अग्रवाल मौजूद रहे। नगर निगम की महापौर अर्चना वर्मा ने भी दाजी से मुलाकात की और सामूहिक ध्यान सत्र में ध्यान साधना की। आश्रम परिसर में सुमन अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। महापौर अर्चना वर्मा ने सामूहिक ध्यान सत्र दाजी के सानिध्य में ध्यान साधना की।

# डिफेंडर जर्मनप्रीत सिंह ने पूरे किए 150 अंतर्राष्ट्रीय मैच

## हॉकी इंडिया ने दी बधाई



एजेंसी

नई दिल्ली,। हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के विश्वसनीय डिफेंडर जर्मनप्रीत सिंह को भारत के लिए 150 अंतरराष्ट्रीय मैच (कैप) पूरे करने पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट चरण में खेले जा रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 के तीसरे मुकाबले में स्पेन के खिलाफ मैदान पर उतरते ही हासिल की। पंजाब के अमृतसर जिले के राजधान गांव से ताल्लुक रखने वाले जर्मनप्रीत सिंह ने अपनी सजग रक्षण कला, संयम और खेल की समझ के दम पर भारतीय टीम में खुद को एक मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने 2018 में नीदरलैंड में आयोजित पुरुष हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, जहां भारत उपविजेता रहा था। यहीं से उनके सफल अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत हुई। उनके करियर का एक स्वर्णिम क्षण तब आया जब उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। यह उपलब्धि भारतीय हॉकी के इतिहास में विशेष मानी जाती है और इससे टीम में उनकी अहमियत और मजबूत हुई। जर्मनप्रीत सिंह कई बड़ी सफलताओं का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने मस्कट (ओमान) में आयोजित पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में योगदान दिया, जबकि ढाका (बांग्लादेश) में आयोजित इसी प्रतियोगिता में भारत के तीसरे स्थान पर रहने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा वह बर्मिंघम में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी रहे। हाल के वर्षों में उन्होंने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक, चेन्नई 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी, चीन 2024 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और राजगीर (बिहार) 2025 पुरुष हॉकी एशिया कप में भी भारत की विजयी मुहिम का हिस्सा बनकर अपनी निरंतरता साबित की है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने जर्मनप्रीत को बधाई देते हुए कहा कि 150 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करना उनके समर्पण, अनुशासन और लगातार बेहतरीन प्रदर्शन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जर्मनप्रीत टीम की रक्षण पंक्ति में स्थिरता और आत्मविश्वास लाते हैं और भविष्य में भी उनसे ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि जर्मनप्रीत की यात्रा खेल के उच्चतम स्तर पर उनके संघर्ष और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। 150 कैप तक पहुंचना न केवल उनके लिए बल्कि भारतीय हॉकी के लिए भी गर्व का क्षण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह आगे भी भारतीय जर्सी में कई यादगार प्रदर्शन करेंगे।

# देश का खेल बजट 3700 करोड़, यूपीए सरकार से 5 गुणा अधिक : अनुराग सिंह ठाकुर

एजेंसी



धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश राज्य वॉलीबाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जा रही प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि किया। वहीं कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में वॉलीबॉल संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ मौके पर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि मैदान में पसीना बहाने वाले युवा ही प्रदेश और देश का भविष्य संवारते हैं। उन्होंने नई पीढ़ी को खेलों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा हिमाचल को खेलों के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2014 में दायित्व संभालने पर देश का खेल बजट 800 करोड़ था, और आज देश का खेल बजट 3700 करोड़ है, जोकि यूपीए सरकार के खेल बजट से लगभग 5 गुणा अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश में खेल क्रांति लाने के लिए अपनी खेल-खिलाड़ी हित की नीतियों के माध्यम से वचनबद्धता दोहराई है। प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के खिलाड़ियों द्वारा पदक जीतने पर या ना जीत पाने पर दोनों परिस्थितियों में मिलते हैं। खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हैं। आज जब देश 2036 ओलंपिक मेजबानी के लिए तैयारी कर रहा है तो ऐसे में हमारी प्रदेश सरकार को भी इस दिशा में आगे बढ़ना होगा। प्रदेश में खेलों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ प्रदेश में विभिन्न खेलों में प्रशिक्षकों की नियुक्तियां अति आवश्यक है। हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ भी अपनी ओर से विभिन्न खेलों में प्रशिक्षकों की नियुक्ति पर गंभीरता पूर्वक कार्य कर रहा है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा स्टेट चैंपियनशिप से खिलाड़ियों को आगे कैंप और सिलेक्शन के चरणों में मौका मिलता है। उधर पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का आधार है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेलों की ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देती हैं और उन्हें नशे व अन्य सामाजिक कुरीतियों से दूर रखती हैं।

उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूती मिलेगी और युवा राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाएंगे।

मिनी हॉफ मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और अपनी ऊर्जा व खेल भावना से वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सिरसा: राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका: कुलपति

सिरसा। चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू) सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय की सशक्त नींव उसके विद्यार्थी होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देने, अपनी दक्षता बढ़ाने और प्रत्येक कार्य में निपुण बनने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. विजय कुमार मंगलवार को विश्वविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के बाद खिलाडिय़ों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की नींव को मजबूत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और हमें 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित होना चाहिए। कुलपति ने टीम भावना के साथ खेलने, विश्वविद्यालय का प्रत्येक स्तर पर गौरव बढ़ाने तथा स्वयं को शारीरिक रूप से फिट रखते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। सीडीएलयू के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा जताई कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहें और अन्य युवाओं को भी खेलों से जोडक़र जागरूक करें। खेल प्रतियोगिताओं की 800 मीटर दौड़ में रमनदीप कौर प्रथम, रचना द्वितीय तथा किरण ने तृतीय स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग की 800 मीटर दौड़ में अमनदीप ने पहला, दयानंद ने दूसरा तथा सुनील कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस मौके पर डीन छात्र कल्याण प्रो. राजकुमार, प्रो. ईश्वर मलिक, प्रो. पंकज शर्मा, प्रो. अशोक शर्मा, प्रो. मोहम्मद काशिफ किदवई, प्रो. राम मेहर दीक्षित, प्रो. अशोक मलिक, डॉ. सविता ढांडा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

### एफआईएच मेन्स प्रो लीग के होबार्ट चरण में स्पेन ने शूटआउट में भारत को 4-3 से हराया

होबार्ट,। एफआईएच मेन्स प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट चरण में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को स्पेन के खिलाफ कड़े मुकाबले में शूटआउट में 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर छूटा था, जिसके बाद विजेता का फैसला शूटआउट से हुआ। भारतीय टीम अब 25 फरवरी को होबार्ट चरण के अपने अगले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी।

भारत ने 19वें मिनट में बढ़त बनाई जब कप्तान हार्दिक सिंह ने शानदार टर्न लेते हुए मनींदर सिंह को पास दिया और मनींदर ने बेहतरीन टोमहॉक शॉट के जरिए गेंद जाल में पहुंचा दी। इससे पहले स्पेन ने शुरुआती मिनटों में आक्रामक खेल दिखाया और चौथे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन भारतीय गोलकीपर मोहित ने शानदार बचाव किया। पहले हाफ में स्पेन को कई मौके मिले, लेकिन भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम को बढ़त बनाए रखने में मदद की। अमित रोहिदास और जुगराज सिंह को पेनल्टी कॉर्नर पर मौके मिले, लेकिन स्पेनिश गोलकीपर लुइस कालजाडो ने अहम बचाव किए।

तीसरे क्वार्टर में स्पेन ने लगातार दबाव बनाया और बैक-टू-बैक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, जिन्हें मोहित ने शानदार तरीके से रोका। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों को ग्रीन कार्ड के कारण एक-एक खिलाड़ी कम होने का सामना करना पड़ा। भारत के संजय को 45वें मिनट में ग्रीन कार्ड मिला। मैच के 59वें मिनट में भारतीय रक्षा पंक्ति की एक चूक भारी पड़ गई और ब्रूनो फॉन्ट ने शानदार गोल कर स्पेन को बराबरी दिला दी। अंतिम क्षणों में स्पेन को लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन भारतीय डिफेंस ने उन्हें विफल कर दिया और मुकाबला 1-1 से समाप्त हुआ।

शूटआउट में अभिषेक और हार्दिक सिंह के प्रयास चूक गए, जिसका फायदा उठाते हुए स्पेन ने 4-3 से जीत दर्ज की। इस हार के बावजूद भारत को एक अंक मिला।

### आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप का पूरा कार्यक्रम घोषित, 12 जून से इंग्लैंड में होगा आगाज

नई दिल्ली,। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 के पूरे कार्यक्रम की घोषणा कर दी। टूर्नामेंट का 10वां संस्करण 12 जून से 5 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुल 12 टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह अब तक का सबसे बड़ा महिला टी20 विश्व कप होगा।मेजबान इंग्लैंड 12 जून को उद्घाटन मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा। 13 जून को मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर आयरलैंड और स्कॉटलैंड के बीच ऑल-यूरोपीय मुकाबला खेला जाएगा। 20 जून को हेडिंग्ले मैदान पर इंग्लैंड और स्कॉटलैंड आमने-सामने होंगे। यह पहला अवसर होगा जब दोनों टीमें इंग्लैंड की धरती पर किसी आईसीसी प्रतियोगिता में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

हाल ही में नेपाल में आयोजित आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर के जरिए बांग्लादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड ने टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। अब ये चारों टीमें गत चैंपियन न्यूजीलैंड, 2009 की पहली विजेता इंग्लैंड, 2016 की चैंपियन वेस्टइंडीज, मौजूदा एकदिवसीय विश्व कप विजेता भारत और छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ खिताबी दौड़ में शामिल होंगी।

नीदरलैंड की टीम पहली बार आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेगी और अपने अभियान की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। बांग्लादेश ने क्वालीफायर टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए जगह बनाई थी। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने कहा कि महिला टी-20 विश्व कप 2026 के कार्यक्रम की घोषणा वैश्विक खेल आयोजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि आईसीसी महिला क्रिकेट में भागीदारी विस्तार, उच्च प्रदर्शन ढांचा, आयोजन और प्रसारण मानक, पुरस्कार राशि, मीडिया वितरण और व्यावसायिक साझेदारियों के माध्यम से निरंतर निवेश कर रहा है, ताकि इस खेल को विश्वभर में अधिक पहचान और लोकप्रियता मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में आयोजित महिला क्रिकेट विश्व कप ने रिकॉर्ड तोड़े और नई प्रेरणा दी, और आईसीसी जून-जुलाई में होने वाले इस टूर्नामेंट में उसी गति को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 5 जुलाई को लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। ग्रुप ए: ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नीदरलैंड। ग्रुप बी: वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड।

# एजी हिमाचल और हरियाणा टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में

## उत्तर क्षेत्रीय भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा बैडमिंटन प्रतियोगिता

एजेंसी



प्रयागराज। एजी हिमाचल प्रदेश और एजी हरियाणा ने उत्तर क्षेत्रीय भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा बैडमिंटन प्रतियोगिता में टीम स्पर्धा के फाइनल में जगह बना ली है।

अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कांप्लेक्स (मेयोहाल) में मंगलवार से शुरू हुई प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में एजी हिमाचल ने उत्तराखंड को 3-2 से हराया। एकल मुकाबले में कार्तिक जिंदल ने विक्रांत चावत को 21-8, 21-11 से, संदीप ने विजय धोतिया (हिमाचल) को 21-10, 21-12 से दातुल चौहान (हिमाचल) ने अभिषेक अग्रवाल (उत्तराखंड) को 21-16, 21-15 से हराया। युगल में कार्तिक जिंदल और दातुल चौहान ने अभिषेक अग्रवाल व रोहित पटवारी को 21-18, 21-16 से एवं उत्तराखंड के विक्रांत चावत व संदीप की जोड़ी ने विजय धोतिया व उदय रंजन को 21-14, 21-14 से हराया। दूसरे सेमी फाइनल में एजी हरियाणा ने दिल्ली को 3-0 से पराजित किया। एकल में सुमित शर्मा ने हिमांशु शर्मा को 21-12, 21-12 से, रवि ने विजय शर्मा को 21-7, 21-9 से और युगल में रवि व तुषार की जोड़ी ने हिमांशु शर्मा व तुषार शर्मा की जोड़ी को 21-19, 21-19 से पराजित किया। क्वार्टर फाइनल में एजी उत्तराखंड ने एजी यूपी को 3-2 से हराया। एकल में यूपी के ऋषि पल्लब राय ने उत्तरांखड के विक्रांत चावत को 21-16, 21-15, यूपी के अंकित पटेल ने संदीप को 21-13, 21-16 से, अभिषेक अग्रवाल (उत्तराखंड) ने अजय यादव (यूपी) को 24-22, 21-8 से, युगल में उत्तराखंड के विक्रांत चावत व संदीप ने यूपी के ऋषि पल्लब राय व अजय यादव की जोड़ी को 21-17, 21-19 से और अभिषेक अग्रवाल व रोहित रतवारी (उत्तराखंड) ने अंकित पटेल व विकल्प तिवारी (यूपी) को 21-7, 21-15 से हराया। द्वितीय क्वार्टर फाइनल में हरियाणा ने पंजाब 3-2 से हराया। एकल में सुमित शर्मा (हरियाणा) ने गौरव देशवाल (पंजाब) को 21-17, 21-16, रवि (हरियाणा) ने रविजोत सिंह (पंजाब) को 21-15, 21-10 से, साहिल कटारिया (पंजाब) ने गुरबख्श (हरियाणा) 21-9, 21-10 से, युगल में गौरव देशवाल व सतिंदर मलिक (पंजाब) ने रवि व तुषार भेराचिया (हरियाणा) को 21-16, 21-10 से हराया। सुमित शर्मा व आनंद तिवारी (हरियाणा) ने साहिल कटलारिया व रविजोत सिंह (पंजाब) को 21-17, 18-21, 21-18 से हराया। तीसरे क्वार्टर फाइनल में दिल्ली ने जम्मू कश्मीर को 3-0 से हराया। एकल में राजीव शर्मा ने दिनेश को 21-18, 21-15 से हिमांशु शर्मा ने राम जय शर्मा 21-10, 21-14 से और युगल में हिमांशु शर्मा व तुषार शर्मा की जोड़ी ने राम जय शर्मा व अजीत तोमर की जोड़ी को 21-15, 21-14 से हराया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी व ओलम्पियन अभिन्न श्याम गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

### सितंबर में फिर आमने-सामने होंगे फ्लॉयड मेवेदर और मैनी पैकियाओ, लास वेगास के स्फीयर में ऐतिहासिक रीमैच

लॉस एंजिलिस । दिग्गज मुक्केबाज़ फ्लॉयड मेवेदर जूनियर और मैनी पैकियाओ ने अपने चर्चित 2015 मुकाबले के रीमैच पर सहमति जता दी है। दोनों महान खिलाड़ी 19 सितंबर को लास वेगास में एक बार फिर आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला लास वेगास के अत्याधुनिक वेन्यू स्फीयर में आयोजित किया जाएगा और इसे नेटफ्लिक्स पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

करीब 49 वर्ष के मेवेदर ने हाल ही में नौ साल के प्रतिस्पर्धी संन्यास को समाप्त करने की घोषणा की थी। वहीं 47 वर्षीय पैकियाओ भी चार साल के अंतराल के बाद दोबारा रिंग में लौटे हैं। दोनों मुक्केबाज़ों ने अभी तक रीमैच के लिए वज़न वर्ग और राउंड की संख्या की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

### मूनी और गार्डनर के दम पर ऑस्ट्रेलिया की जीत, पहले वनडे में भारत 6 विकेट से हारा

ब्रिस्बेन। महिला वनडे विश्व कप जीतने के बाद अपना पहला एकदिवसीय मुकाबला खेल रही भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 6 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। एलन बॉर्डर फील्ड पर खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 70 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का कप्तान हरमनप्रीत कौर का फैसला भारत के लिए उल्टा साबित हुआ। अतिरिक्त उछाल का फायदा उठाते हुए मेजबान गेंदबाजों ने भारतीय शीर्ष क्रम को जल्दी झटका दिया। प्रतिका रावल खाता खोले बिना आउट हो गईं, जबकि शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स भी सस्ते में पवेलियन लौट गईं। स्मृति मंधाना ने 68 गेंदों में 58 रन की पारी खेलकर टीम को संभालने की कोशिश की और हरमनप्रीत कौर (53) के साथ 48 रन की साझेदारी की। हालांकि मंधाना के आउट होते ही भारतीय पारी लड़खड़ा गई। दीप्ति शर्मा भी ज्यादा देर नहीं टिक सकीं।

# बीड़-बिलिंग में 26 फरवरी से अंतरराष्ट्रीय माउंटेन बाइकिंग प्रतियोगिता, 8 देशों के प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

एजेंसी



धर्मशाला,। पैराग्लाइडिंग के लिए विश्वस्तर पर विख्यात बीड़ बिलिंग घाटी एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने को तैयार है। इस बार मौका है यूसीआई अंतरराष्ट्रीय माउंटेन बाइकिंग प्रतियोगिता का जोकि यहां 26 से 28 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता यूनाइटेड साइक्लिंग कंसलटेंट तथा बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता को साइक्लिंग फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया, इंडियन ओलंपिक काउंसिल से बाकायदा सैद्धांतिक मान्यता मिल चुकी है। प्रतियोगिता में जापान, मलेशिया, थाईलैंड, कज़ाख़िस्तान, इंडोनेशिया सहित कुल आठ देशों के प्रतिभागियों के अलावा आईटीबीपी, भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। यह जानकारी मंगलवार को बैजनाथ में आयोजित पत्रकार वार्ता में बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा, प्रतियोगिता के तकनीकी निदेशक नमन बिज, सुरक्षा विशेषज्ञ सुरेश ठाकुर तथा सरंक्षक सुरेश ठाकुर ने एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि यह पहला मौका है कि हिमाचल प्रदेश की जिला कांगड़ा की इस घाटी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की साइकिलिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को क्रॉस कंट्री, क्रॉस कंट्री एलिमिनेटर, शॉर्ट ट्रैक और डाउनहिल जैसे टास्क दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। खास बात यह है कि इस प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर आयोजित किया जाएगा जिसमें डॉप टेस्ट की प्रक्रिया प्रतियोगिता से पहले अपनाई जाएगी।

इससे पहले बीड़ बिलिंग में हैल रेस और एमटीबी साइकलिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। प्रतियोगिता निदेशक नमन बिज ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 फरवरी को सुबह 9 बजे फ्लैग ऑफ कर बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा करेंगे जबकि समापन समारोह में प्रदेश युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा विजेता प्रतिभागियों को विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक किशोरी लाल की मौजूदगी में पुरस्कृत करेंगे।

# आईटी सेक्टर की आंधी में उड़ा शेयर बाजार

## बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी




नई दिल्ली, । कमजोर ग्लोबल संकेत, आईटी सेक्टर के शेयरों में जोरदार बिकवाली, रुपये की कमजोरी और क्रूड ऑयल की कीमत में आई तेजी के कारण घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी बढ़ती चली गई। हालांकि दोपहर 1:30 बजे के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे इन दोनों सूचकांकों की स्थिति में निचले स्तर से मामूली सुधार भी हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.28 प्रतिशत और निफ्टी 1.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज दिनभर के कारोबार में आईटी सेक्टर में सबसे अधिक 4.74 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह रियल्टी इंडेक्स भी आज दो प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क गया। इसके अलावा बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स भी गिरावट का शिकार होकर लाल निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस, मेटल, हेल्थ केयर, एफएमसीजी और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 465.81 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 469.19 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.38 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,367 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,422 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,802 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 143 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,937 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 835 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,102 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 8 शेयर बढ़त के साथ और 22 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 17 शेयर हरे निशान में और 33 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# पत्नी व सास, ससुर को नशीला पदार्थ देकर दामाद करोड़ों के जेवरात चोरी कर फरार

- पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर की कार्यवाही की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नहटौर।** एक दामाद ने अपनी पत्नी व सास ससुर को खाने में नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया ,तथा रात में घर में रखी एक लाख की नगदी,900 ग्राम सोने के जेवर तथा 40 किलो चांदी सहित करीब सवा दो करोड़ की चोरी कर फरार हो गया। मामले का पता चलते ही पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की । पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।



जानकारी लेती पुलिस

रिश्तों की गर्माहट और भरोसे की डोर पर टिका एक परिवार इन दिनों गहरे सदमे में है। नगर के मोहल्ला डाखाना जनूबी (जामा मस्जिद) निवासी सरार्फा व्यापारी संतोष वर्मा पुत्र कृष्ण गोपाल वर्मा ने अपने ही दामाद पर नशीला पदार्थ खिलाकर घर और दुकान से करोड़ों रुपये के सोना-चांदी व नकदी ले जाने का आरोप लगाया है। घटना ने न सिर्फ एक घर को झकझोर दिया है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा किया है कि कहीं हमारे रिश्तों की नींव में दरारें तो नहीं पड़ रहीं।तहरीर के अनुसार व्यापारी की पुत्री स्वाति वर्मा का विवाह 8 अक्टूबर 2024 को आर्य समाज रीति से नवीन कुमार पुत्र कौशल निवासी कुम्हारपुरा थाना हल्दौर के साथ हुआ था और दामाद को घर-जमाई के रूप में रखा गया। परिवार का कहना है कि पहले भी वसूली की रकम को लेकर मतभेद रहे, लेकिन घर बसाए रखने की सोच में बात संभाल ली गई। आरोप है कि 25/26 फरवरी 2026 की रात भोजन में नशीला पदार्थ मिलाकर परिवार को बेहोश कर दिया गया। सुबह दरवाजा बाहर से बंद मिला, दुकान की अलमारी खुली थी और घर अस्त-व्यस्त। परिवार का दावा है कि पुश्तैनी सोना, दुकान का सोना-चांदी और नकदी गायब मिली–जिसकी कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। परिजनों का कहना है कि सबसे बड़ी चोट संपत्ति की नहीं, भरोसे की है। जिसे अपना समझा, उसी पर यह आरोप परिवार की आवाज में यही टीस सुनाई देती है। समाज में रिश्तों के बदलते समीकरणों पर यह घटना एक संवेदनशील आईना भी बन गई है।मामले में थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है और तथ्यों के आधार पर जांच की जा रही है। आवश्यक साक्ष्य जुटाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी का पक्ष अभी सामने नहीं आ सका है। जांच करने पर पता चला कि घर से करीब 400 ग्राम पुश्तैनी सोना, दुकान का लगभग 500 ग्राम सोना, करीब 40 किलो चांदी और एक लाख रुपये नकद गायब हैं। चोरी गए माल की अनुमानित कीमत लगभग सवा दो करोड़ रुपये बताई गई है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में स्वाट टीम, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड को भी बुलाया गया। टीमों ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपी की गतिविधियों का पता लगाया जा सके। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

जल्द ही पूरे प्रकरण का खुलासा करने का दावा किया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कि जिस दामाद को परिवार ने घर में स्थान दिया, उसी ने विश्वासघात कर लाखों नहीं बल्कि करोड़ों की चोरी को अंजाम दे डाला। पुलिस के लिए यह मामला चुनौतीपूर्ण बन गया है।

## गुटखा–पान मसाला ओवरचार्ज आम जनता की जेब पर बड़ा प्रहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जनपद में गुटखा और पान मसाला की कालाबाजारी अब चिंता का विषय बन गई है। निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से कहीं अधिक दाम वसूलकर उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है। उदाहरण के लिए, कमला पसंद के 154 रुपये वाले पैकेट 230 रुपये में बिक रहे हैं, वहीं पांच रुपये और चार रुपये के पैकेट भी बाजार में ज्यादा कीमत पर थमाए जा रहे हैं। इस स्थिति से आम लोगों की आर्थिक परेशानियां बढ़ रही हैं। सूत्रों के अनुसार, बहादुरगंज, केरूगंज, लाल इमली चैराहा, दलेलगंज और पक्का पुल क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूटर और दुकानदार मनमानी दरें लागू कर खुलेआम ओवररेट बिक्री कर रहे हैं।

उपभोक्ताओं ने शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन अभी तक प्रशासनिक हस्तक्षेप नहीं दिखा। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2026 के केंद्रीय बजट में पान मसाला पर 40 प्रतिशत कर वृद्धि लागू की जाएगी। हालांकि, कर लागू होने से पहले ही व्यापारी भारी मात्रा में स्टॉक जमा कर कीमतों में अप्रत्याशित और मनमाना इजाफा कर चुके हैं। इससे स्पष्ट है कि कर





वृद्धि से पहले ही उपभोक्ताओं पर भार डालने की रणनीति अपनाई गई है। स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी जांच और कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो ओवररेट वसूली का यह सिलसिला और गहराएगा। अब सवाल यह है कि जिम्मेदार विभाग इस खुले बाजार में जारी आर्थिक अनियमितता पर कब संज्ञान लेकर ठोस कदम उठाएगा।

## अवकाश के दिनों में मदरसा खोला तो होगी कड़ी कार्रवाईः डीएमओ

**शाहजहांपुर।** जनपद के मान्यता प्राप्त मदरसों में अवकाश घोषित होने के बावजूद शिक्षण कार्य जारी रखने की शिकायतें मिलने पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने सभी मदरसा प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मदरसे केवल उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा घोषित अवकाश के अनुसार ही संचालित किए जाएँ। सिंह ने कहा कि अगर अवकाश के दौरान कोई मदरसा खुला पाया जाता है या इसकी सूचना मिलती है, तो संबंधित प्रबंधक और प्रधानाचार्य के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परिषद द्वारा जारी अवकाश कैलेंडर सभी मान्यता प्राप्त मदरसों के लिए बाध्यकारी है और इसका पालन न करना शासनादेश की अवहेलना के बराबर माना जाएगा। इस तरह के मामलों में विभाग स्पष्टीकरण तलब कर सकता है और आवश्यकता पड़ने पर मान्यता संबंधी कार्रवाई भी की जा सकती है। सिंह ने सभी प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि वे परिषद की समय-सारणी और अवकाश सूची का अक्षरशः पालन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे मामलों में विभागीय स्तर पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## नरसी का भात प्रसंग और नारद–विश्वमोहिनी कथा से भक्ति–रस का आलोक

**शाहजहांपुर।** मुमुक्षु आश्रम परिसर में श्रीरामकथा के तीसरे दिन कथा व्यास संत विजय कौशल महाराज ने नरसी का भात प्रसंग सुनाकर श्रोताओं के नेत्र अश्रुपूरित कर दिए। कथा के अनुसार कृष्णभक्त नरसी मेहता अत्यंत निर्धन थे और अपनी बेटी नानीबाई के



भात भरने में असमर्थ थे। समाज के व्यंग्य और उपहास के बावजूद, नरसी ने पूरी निष्ठा से भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण किया। उनकी अटूट भक्ति से भगवान स्वयं एक धनी सेठ के रूप में प्रकट हुए और नानीबाई के भात का पूरा इंतजाम किया। इस हृदयस्पर्शी प्रसंग को सुन श्रोतागण भावविभोर हो गए। इसके बाद कथा में देवर्षि नारद और भगवान विष्णु की कथा का वर्णन हुआ। नारद के अहंकार और विष्णु के रूपांतरण की कथा ने श्रोताओं को आध्यात्मिक संदेश से अवगत कराया। कथा के अंत में बाबा भोलेनाथ मेरी नैया तो उबारो भजन पर भक्त आह्लादित होकर नृत्य करने लगे।

तीसरे दिन के मुख्य यजमान डॉ. के. के. शुक्ला एवं मधुरानी शुक्ला थे। कथा का समापन प्रभु श्रीराम की आरती से हुआ और प्रसाद वितरण कमलेश त्रिवेदी एवं मधुलिका त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद, अनंत स्वामी सर्वेश्वरानंद, अनंत स्वामी अभेदानन्द, स्वामी गंगेश्वरानंद, राजीव कृष्ण अग्रवाल,ए बी सिंह, अशोक अग्रवाल, रुद्रपुर से विष्णु बंसल एवं राजेन्द्र गोयल, वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र सिंघल, डॉ. अमीर सिंह यादव, प्रबंध समिति के सचिव प्रो. अवनीश मिश्र, प्राचार्य प्रो. आर. के. आजाद, उपप्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल, हरीश चंद्र श्रीवास्तव, मेजर अनिल मालवीय, प्रो. देवेंद्र सिंह, डॉ. आदर्श पांडेय, डॉ. रमेश चंद्रा, डॉ. प्रतिभा सक्सेना, डॉ. पवन गुप्ता, शिवओम शर्मा सहित भक्तों की बड़ी संख्या उपस्थित रही।

## लोनिवि के जेई से मारपीट करने में दो आरोपियों को भेजा जेल

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग में तैनात जेई से कार्यालय में घुसकर कालर पकड़ने वाले दो आरोपियों ने पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर कोर्ट में पेश कर दिया है। जहां से न्यायालय ने दोनों को जेल भेज दिया गया है। डायमंड रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के निर्माण विभाग का कार्यालय है। यहां पर सरोज कुमार वर्मा जूनियर इंजीनियर है। बुधवार को मड़ैयान कली प्रधान अजय कश्यप, प्रतिनिधि संदीप कुमार ने जेई से कार्यालय में कालर पकड़कर बाहर निकालकर मारपीट की थी। कार्यालय में शोर शराबा की आवाज सुनकर कार्यालय में तैनात कर्मचारी मौके पर आ गए थे। यह देख जेई के साथी धरने पर बैठ गए थे। जहां उन्होंने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़ गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गुस्साएं साथियों को शांत कराया था। गुरूवार को पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर कोर्ट में पेश कर दिया। जहां ने न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

## हादसे में मासूम सहित पांच लोग घायल

**बिलासपुर।** हाईवे स्थित बाईपास पर देर रात दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने की भिड़ंत में एक तीन वर्षीय मासूम समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल की हालत नाजुक होने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। उत्तराखंड के किच्छा निवासी रामप्रसाद सिंह बुधवार रात अपनी पत्नी जागेश्वरी सिंह और तीन वर्षीय पुत्र मयंक के साथ बाइक से मुरादाबाद से वापस अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वे नैनीताल हाईवे स्थित नया गांव बाइपास के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक अन्य तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर खून फैल गया। हादसे में रामप्रसाद के परिवार के अलावा दूसरी बाइक पर सवार लोग राजवीर और जितेंद्र कुमार भी घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर घटना स्थल पर स्थानीय ग्रामीणों समेत राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत निजी वाहन की मदद से घायलों को एक नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल जितेंद्र कुमार को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं आया है। अगर कोई तहरीर प्राप्त होती है तो जांच उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।

## वाहनों पर कार्रवाई, 6 डंपर सीज

**रामपुर।** जनपद में सड़क सुरक्षा एवं राजस्व प्रवर्तन को सख्ती से लागू करते हुए विशेष अभियान चलाया गया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के दौरान अजीतपुर चौकी क्षेत्र में कुल 6 डंपर वाहनों को सीज किया गया, जिसमें जांच में पाया गया कि इनमें से 2 डंपर ओवरलोड, जबकि 4 डंपर टैक्स बकाया एवं बिना वैध फिटनेस प्रमाणपत्र के संचालित हो रहे थे।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की गला घोटकर हत्या

- परिजनों में कोहराम, पति समेत चार पर मुकदमा, दो गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता की कथित रूप से गला घोटकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भाई की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर निवासी साबिर शाह ने अपनी पुत्री मुस्कान की शादी लगभग ढाई वर्ष पूर्व थाना कॉठ के मोहल्ला ईदगाह रोड नई बस्ती निवासी नदीम पुत्र सलीम के साथ की थी। परिजनों का आरोप है कि शादी में सामर्थ्य से अधिक दान-दहेज देने के बावजूद कुछ



मृतका मुस्कान का फाइल फोटो

समय बाद से ही पति, सास और ननद द्वारा मुस्कान का उत्पीड़न शुरूकर दिया गया।मृतका ने अपने परिजनों को दहेज की अतिरिक्त मांग और प्रताड़ना की जानकारी दी थी। इस संबंध में कई बार बिरादरी की पंचायत भी बैठी, लेकिन आरोप है कि ससुराल पक्ष की मांगें कम नहीं हुईं। परिजनों का कहना है कि लगातार बढ़ती प्रताड़ना के बीच बुधवार को मुस्कान की गला घोटकर हत्या कर दी गई। मृतका के भाई मलवा ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना उन्हें नहीं दी गई। पुलिस से जानकारी मिलने पर जब वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे तो ससुराल पक्ष के लोग घर से फरार हो चुके थे, जिससे संदेह और गहरा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पोस्टमार्टम के दौरान ससुराल पक्ष का कोई भी सदस्य उपस्थित नहीं हुआ।गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव मायके पक्ष को सौंप दिया गया। जैसे ही मुस्कान का शव फरीदनगर पहुंचा, परिजनों और रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। मृतका की एक वर्ष की मासूम बच्ची भी है, जो अब मां के साए से वंचित हो गई। देर शाम गमगीन माहौल में विवाहिता को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

## परिवार रजिस्टर की नकल के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

- ग्राम प्रधान समेत दर्जनों ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी को सौंपा शिकायती पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नहटौर।** ग्राम पंचायत अंबरपुर जफर (धनुपुरा मच्छमार) में तैनात पंचायत सचिव पर परिवार रजिस्टर की नकल देने के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगा है। इस संबंध में ग्राम प्रधान फरीन परवीन सहित दर्जनों ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों ग्रामीणों को एसआईआर फॉर्म भरने के लिए परिवार रजिस्टर की नकल की आवश्यकता पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत सचिव मोहन कुमार नकल जारी करने के बदले प्रति व्यक्ति 150 रुपये से लेकर 600 रुपये तक की राशि वसूल रहे हैं, जबकि निर्धारित सरकारी शुल्क इससे कम है। शिकायतकर्ताओं में तहाजुद्दीन, अलाउद्दीन, मोमीन, राशिद अली, मौ. अकरम, मौ. उमर, मौ. जुनैद, अकबर अली, रुखसार, वकीला सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं। उनका आरोप है कि जब उन्होंने निर्धारित शुल्क पर नकल उपलब्ध कराने का आग्रह किया तो सचिव ने कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार किया।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव की कार्यशैली से गांव में असंतोष का माहौल है और आमजन को अनावश्यक आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है।मुख्य विकास अधिकारी से शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने पर संबंधित सचिव के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ग्रामीणों का शोषण न हो सके।

## बजरंग दल के तीन कार्यकर्ता बरी

- अदालत ने सभी आरोपों से किया दोषमुक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** कांठ क्षेत्र में जनवरी 2024 में दर्ज गौ-हत्या के मामलों में गिरफ्तार किए गए बजरंग दल के तीन कार्यकर्ताओं मोनू बिश्नोई, रमन चौधरी और राजीव चौधरी को अदालत ने सुनवाई के उपरांत सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया है। न्यायालय के निर्णय के बाद तीनों कार्यकर्ता ससम्मान रिहा होकर अपने-अपने घर लौट आए।

पहला मामला 15 जनवरी 2024 को दर्ज किया गया था। इसके बाद 22 जनवरी को संबंधित धाराओं में एक और केस दर्ज किया गया। 31 जनवरी 2024 की शाम पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया और न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले के दौरान बजरंग दल के स्थानीय कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन कर निष्पक्ष जांच की मांग की थी। परिजनों का कहना था कि आरोप निराधार हैं और उनके साथ अन्याय हुआ है। लंबी कानूनी प्रक्रिया और जांच-पड़ताल के बाद न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में तीनों को दोषमुक्त करार दिया। फैसले के बाद संगठन से जुड़े कार्यकताओं और समर्थकों ने इसे सत्य की जीत बताया।इस प्रकरण के बाद क्षेत्र में पुलिस कार्रवाई और जांच प्रक्रिया को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय स्तर पर यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि यदि आरोपी दोषमुक्त पाए गए हैं तो गिरफ्तारी और मुकदमे के दौरान हुई सामाजिक और मानसिक क्षति की भरपाई कैसे होगी। फिलहाल न्यायालय के निर्णय के बाद तीनों कार्यकर्ता अपने परिवारों के बीच लौट आए हैं। क्षेत्र में इस फैसले को लेकर विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं।

## रालोद की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल ने किया संगठन सशक्त करने का आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** रुहेलखंड क्षेत्र के जनपद मुरादाबाद में स्थित मानसरोवर पैराडाइज होटल (दिल्ली रोड) में युवा राष्ट्रीय लोकदल की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया। जिसमें कांठ क्षेत्र से बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष, प्रखर वक्ता रविंद्र सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत सिंह एडवोकेट विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुज सिंह एडवोकेट ने की तथा कार्यक्रम का आयोजन युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव राहुल बालियान एवं संचालन धीरेंद्र सिरोही के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम मुख्य



अतिथि रविंद्र सिंह पटेल ने चौधरी चरण सिंह चौक मुरादाबाद में भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। एवं संघटनात्मक बैठक में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल, संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर किया गया। चौधरी चरण सिंह अमर रहें। सरदार पटेल अमर रहें डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे एवं ह्लचौधरी अजीत सिंह अमर रहेंह्व के गगनभेदी नारों के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह चीमा जी ने प्रदेश अध्यक्ष का बुके एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल ने कहा कि युवा ही देश और प्रदेश की असली ताकत हैं।

## शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर मंथन

### जनप्रतिनिधियों व शिक्षकों का उन्मुखीकरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नहटौर।** बेसिक शिक्षा को और अधिक प्रभावी एवं परिणाममुखी बनाने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से नहटौर डिग्री कॉलेज के विवेकानंद सभागार में ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि एवं शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, शत-प्रतिशत नामांकन, उपस्थिति बढ़ाने और शैक्षिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने जैसे विषयों पर विस्तार से मंथन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार बेसिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में संसाधनों की कमी नहीं रहने दी जाएगी और प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि शिक्षकों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास से ही शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव संभव है। उन्होंने क्षेत्र के विद्यालयों के विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने के प्रयासों, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजनाओं तथा विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नियमित मॉनिटरिंग, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय व्यवस्था और खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों से विद्यालयों की भौतिक सुविधाओं, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, बाउंड्रीवाल तथा नामांकन अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया। उपस्थित शिक्षकों ने भी अपने सुझाव रखे और विद्यालयों में नवाचार अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और अभिभावकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शोभा रानी, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, सुखवीर सिंह, हेमराज सिंह, अभिषेक भटनागर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, ग्राम प्रधान और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उदित चौधरी ने की, जबकि संचालन शिक्षक राम अवतार सिंह ने किया।

कार्यक्रम का समापन शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## होली पर्व पर 4 सेक्टरों में बंटा क्षेत्र

**कांठ।** होली और दुल्हैंडी के त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए तहसील क्षेत्र को 4 सेक्टर में विभाजित कर एसडीएम ने मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए हैं और सभी मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र पर रंग के जुलूस एवं शांति व्यवस्था का पूरा ध्यान रखेंगे इसके लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। एसडीएम कांठ संत दास पवार ने तहसीलदार कांठ को अपने संपूर्ण क्षेत्र एवं कस्बे में सक्रिय रहकर थाना कांठ पुलिस के संपर्क में रहेंगे। इसके अलावा नायब तहसीलदार कांठ को अपने क्षेत्र में और नगर में भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा नायब तहसीलदार को छजलैट क्षेत्र में होली एवं दुल्हंदी के त्योहार पर सतर्कता भारत ने की ड्यूटी लगाई है और ब्लॉक क्षेत्र में सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण की ड्यूटी लगाई गई है।

वह थाना छजलैट पुलिस के संपर्क में रहेंगे एसडीएम ने सभी चारों मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए हैं कि वह होली व दुल्हैंडी पर निकलने वाले रंगों के जुलूस और शांति व्यवस्था पर पूरी तरह नजर रखेंगे, जिससे कहीं क्षेत्र में किसी तरह की कोई घटना घटित ना हो सके। एसडीएम संत दास पवार ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है। इस पर सभी मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहे।

## घर में ईंट पत्थर चलाने पर तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**कांठ।** थाना क्षेत्र के लदावली निवासी एक युवक के घर पर वहीं के रहने वाले दबंग ने ईंट पत्थर चला दिये। आरोप है कि मारपीट की। इसके साथ ही धमकी दी है। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। छजलैट क्षेत्र गांव लदावली निवासी रामराज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 फरवरी की शाम को वह अपने गन्ने की ट्रॉली भरकर खेत से आये थे तभी पीछे से गांव के ही निवासी एक युवक व दो महिलाओं ने उसके घर में ईंट पत्थर चला दिये। आरोप है कि घर के अंदर घुस आया और मारपीट की। पीड़ित युवक ने छजलैट पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने रामराज की तहरीर पर उपेन्द्र व पत्नी मीनाझी, और महिला भूरी देवी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया है।

# सीएम योगी का जापान दौरा : यूपी सरकार व यामानाशी के बीच ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक पर ऐतिहासिक समझौता

## यामानाशी प्रांत में यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो में मुख्यमंत्री योगी ने दिया निवेश का आमंत्रण

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। जापान दौरे पर गए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। उप्र सरकार ने जापान के यामानाशी प्रांत के साथ ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत भारतीय छात्रों को जापान में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने यामानाशी में आयोजित यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो में प्रदेश की नई विकास नीति और निवेश संभावनाओं को वैश्विक उद्योग जगत के सामने प्रमुखता से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने शासन की कार्यशैली को रिएक्टिव (टद्गथदप्द्बफ्द्ग) से बदलकर प्रोएक्टिव (घ्ध्थदप्द्बफ्द्ग) बनाया है और यही परिवर्तन आज प्रदेश की तेज आर्थिक प्रगति का आधार बना है।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश व यामानाशी के बीच ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके तहत उत्तर प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के छात्र जापान में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और इस तकनीक को प्रदेश की इंडस्ट्री, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ऊर्ज़ा क्षेत्र में लागू किया जाएगा। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में कई जी2जी (गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट) और जी2बी (गवर्नमेंट टू बिजनेस) स्तर की बैठकों में भाग लिया, जहां भारतीय दूतावास के सहयोग से जापानी उद्योग समूहों से व्यापक संवाद हुआ। उन्होंने यामानाशी प्रशासन को सक्रिय पहल कर निवेश संवाद को आगे बढ़ाने के लिए विशेष धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने रोबोटिक्स को भविष्य की प्रमुख तकनीक बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट में रोबोटिक्स के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की व्यवस्था की है। हमें विश्वास है कि उत्तर प्रदेश और यामानाशी के बीच सहयोग भारत-जापान संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जाएगा और ऊर्ज़ा आत्मनिर्भरता तथा तकनीक को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है, जहां प्रकृति की विशेष कृपा है। भारत की सबसे उर्वर भूमि, सर्वाधिक जल संसाधन, विशाल मानव संसाधन और आध्यात्मिक-सांस्कृतिक विरासत उत्तर प्रदेश को विशेष पहचान देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है और पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय तथा अर्थव्यवस्था तीन गुना करने में सफलता मिली है। आज उत्तर प्रदेश भारत की सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री योगी ने शासन व्यवस्था में आए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले समस्याओं पर प्रतिक्रिया देने वाली व्यवस्था थी, जबकि अब उत्तर प्रदेश ने प्रोएक्टिव गवर्नेंस मॉडल अपनाया है। निवेश आकर्षित करने, उद्योगों को सुविधा देने, नई तकनीक अपनाने और वैश्विक साझेदारी बढ़ाने की दिशा में सरकार लगातार पहल कर रही है। इसी सोच के साथ उत्तर प्रदेश का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान की यात्रा पर आया है ताकि संभावनाओं को अवसर में बदला जा सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यामानाशी प्रांत के राज्यपाल एवं उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जापान सरकार और यामानाशी प्रशासन ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल को उनके विशिष्ट क्षेत्रों को नजदीक से समझने और उद्योग जगत से सीधे संवाद का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है। योगी ने उपस्थित इंडस्ट्री लीडर्स तथा भारतीय समुदाय के लोगों का भी स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिसंबर 2024 में यामानाशी के राज्यपाल उत्तर प्रदेश आए थे और उसके बाद दोनों सरकारों के बीच निरंतर संवाद, फॉलो-अप तथा प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान से यह सहयोग नई दिशा में आगे बढ़ा। उन्होंने कहा कि बिजनेस डेलीगेशन के अध्ययन और रिपोर्ट के बाद आज राज्यपाल के आमंत्रण पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल यामानाशी पहुंचा है, जहां सहयोग को ठोस रूप मिला है।

मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक इस अवसर पर यामानाशी प्रांत के राज्यपाल कोटारो नागासाकी, उपराज्यपाल जुनिचि इशिदरा उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', जापान में भारत की राजदूत नगमा मलिक समेत यूपी सरकार के प्रतिनिधिमंडल के अधिकारीगण, यामानाशी के इंडस्ट्री लीडर्स तथा भारतीय समुदाय से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# प्रत्येक छात्रा अपने कौशल, उपलब्धियों और कॅरियर लक्ष्यों को पेशेवर ढंग से करें प्रस्तुत : डॉ. अनामिका बाजपेयी

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ । नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर, लखनऊ में आज ल्लबियोंड आर्डिनरी स्ट्रक्चर्ड डिसीजन मेकिंग एंड कॅरियर स्ट्रेटजी फॉर इमर्जिंग वूमेन स्कॉलर्सङ्क विषय पर विशेष अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता अमेरिका से डॉ. अनामिका बाजपेयी फाउंडर डायरेक्टर वेदांता सेंटर फॉर अकादमिक एंड प्रोफ़ेशनल मेंटरशिप एक्सीलेंस (वी केप मेंटरशिप) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का स्वागत भाषण महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षिका प्रो. मंजुला उपाध्याय ने दिया तथा मंच संचालन डॉ. विनीता सिंह ने किया।



इस आयोजन को सफल बनाने में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) तथा मिशन शक्ति टीम का विशेष योगदान रहा। सत्र में मार्गदर्शन, शिक्षिकाओं का अनुभव, कौशल विकास और कॅरियर निर्माण की रणनीतियों पर गहन चर्चा हुई और छात्राओं के साथ प्रत्यक्ष संवाद हुआ जिसमें उन्होंने अपने जीवन-लक्ष्यों को साझा किया। किसी छात्रा ने वैज्ञानिक संप्रेषण को अपनाने की इच्छा जताई, किसी ने औषधि कंपनियों में चिकित्सकीय लेखन को अपना लक्ष्य बताया और न्यायालयिक विज्ञान, जैव-प्रौद्योगिकी, जैव-चिकित्सा स्नातकोत्तर कार्यक्रम, एफ.एस.एल. प्रयोगशालाएँ, अनुसंधान कार्यक्रम तथा मोबाइल न्यायालयिक इकाइयां को अपने भविष्य का मार्ग बताया। साथ ही लक्ष्य की स्पष्टता, वित्तीय स्वतंत्रता, जीवनवृत्त निर्माण, नेटवर्किंग और सहयोग जैसे विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

डॉ. अनामिका बाजपेयी ने सत्र में यह भी प्रेरणा दी गई कि प्रत्येक छात्रा को अपना लिंक्डइन प्रोफ़ाइल बनाना चाहिए ताकि वे अपने कौशल, उपलब्धियों और कॅरियर लक्ष्यों को पेशेवर ढंग से प्रस्तुत कर सकें और वैश्विक स्तर पर नेटवर्किंग एवं सहयोग के अवसर प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. संगीता कोतवाल, आईक्यूएसी संयोजक द्वारा किया गया।

# बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के बलिया के ठिकानों पर दूसरे दिन भी आयकर की कार्रवाई जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ/बलिया। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह के परिजनों व उनके सहयोगियों के यहां बलिया में तीन स्थानों पर दूसरे दिन गुरुवार को भी आयकर विभाग की कार्रवाई जारी रही। विधायक के पैतृक आवास से लेकर लखनऊ के आवास सहित अन्य ठिकानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई से जिले से लेकर प्रदेश के राजनीतिक गालियारों तक हलचल बनी हुई है। विधायक उमाशंकर योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के नजदीकी रिश्तेदार हैं। इस कार्रवाई को लेकर मंत्री दिनेश प्रताप और



बसपा प्रमुख मायावती नाराजगी जता चुकी हैं। बुधवार को सुबह से शाम तक लखनऊ समेत बलिया में बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के पैतृक गांव खनवर समेत अन्य ठिकानों पर छापे की कार्रवाई हुई थी। उमाशंकर सिंह उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी के इकलौते विधायक हैं। लखनऊ में आयकर विभाग के छापे की कार्रवाई बुधवार को देर शाम समाप्त हो गई, जबकि बलिया में गुरुवार को भी छापे की कार्यवाही जारी है। यह छापा उमाशंकर सिंह के पैतृक गांव खनवर स्थित आवास, करीबी भूपेंद्र सिंह के बुलाकी दास के मठिया गांव स्थित आवास और एक अन्य करीबी संजय सिंह, दौलतपुर में प्रवीण सिंह के आवास समेत के यहां पड़ा है। विधायक के ठिकानों से अब तक बड़ी मात्रा में कैश और अन्य सामान मिलने की खबर है लेकिन विभाग ने अभी तक अधिकृत रूप से इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को बलिया में विधायक के गांव खनवर में अधिकारी शादी के स्टीकर लगी कई गाड़ियों के साथ बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के आवास पर पहुंचे थे। स्थानीय पुलिस भी उनके साथ थी। अधिकारियों ने विधायक के पैतृक गांव खनवर स्थित आवास को चारों ओर से घेर लिया और किसी के आने-जाने पर रोक लगा दी थी। कैंसर रोग से पीड़ित उमाशंकर सिंह के पुत्र युकेश सिंह की आयकर के छापे को लेकर प्रतिक्रिया सामने आयी है। गुरुवार को फ़ेसबुक पर उन्होंने लिखा कि हम लोग आयकर विभाग की टीम का सहयोग कर रहे हैं। मेरे पिता उमाशंकर सिंह भी अपनी चिकित्सकीय आवश्यकताओं को देखते हुए सहयोग कर रहे हैं। वे समय से दवाएं भी ले रहे हैं। दरअसल, चिकित्सकीय वजहों से उमाशंकर सिंह लखनऊ के अपने आवास में आइसोलेशन में हैं, जबकि विधायक के भाई रमेश सिंह और उनके पिता और पूरा परिवार पैतृक गांव वाले घर पर मौजूद हैं।

# ईंट मारकर भाभी की हत्या, छत से कूदकर भागा आरोपित



जागरण मोर्चा कार्यालय

बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत जनपद में एक देवर ने अपनी भाभी की ईंटों से पीट-पीट कर हत्या कर दी। दो साल पहले ही महिला की शादी हुई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। घटना खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के सांकरोद गांव की है, जहां बुधवार की देर शाम साहिल नाम के एक व्यक्ति ने अपनी भाभी चंचल के सिर में ईट मारकर हत्या कर दी। साहिल अपने तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था, जिसने अपने बड़े भाई नवीन की पत्नी की हत्या की है। घटना के समय नवीन अपनी दुकान पर था। नवीन की शादी 2 वर्ष पहले चंचल के साथ हुई थी जिसको चार माह की बच्ची भी है। गांव निवासी मनोज ने बताया है कि साहिल शराब के नशे में था। किसी बात को लेकर उसका अपनी भाभी से विवाद हो गया। विवाद में शाहिल ने भाभी के सिर में ईंट मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर कैंतुरा ने बताया कि देवर ने अपनी भाभी की हत्या की है। जिसको गिरफ्तार कर लिया है। मृतक चंचल का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बहुजन विरोधी सपा का कांशीराम की जयंती को पीडीए दिवस के रुप में मनाना नाटकबाजी : मायावती

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आज समाजवादी पार्टी (सपा) की ओर से बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती को पीडीए दिवस के रूप में मनाने की घोषणा पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। मायावती ने इसे नाटकबाजी बताते हुए सपा को दलित और बहुजन विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि वोटों के लालच में ऐसा किया जा रहा है। बसपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने गुरुवार सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी एक बयान में सपा का चाल, चरित्र और चेहरा दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं बसपा विरोधी बताते हुए कहा कि सपा का इतिहास बहुजन समाज के संतों, गुरुओं, महापुरुषों के अनादर, अपमान व तिरस्कार का रहा है। इसलिए बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती पर समाजवादी पार्टी का पीडीए



दिवस मनाना राजनीतिक नाटकबाजी के सिवाय कुछ भी नहीं है। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि सपा का बदला व्यवहार इन उपेक्षित वर्गों के वोटों का स्वार्थ है। अन्य विरोधी पार्टियां भी इन वर्गों के वोटों के स्वार्थ की खातिर ऐसे ही दिखावा करती हैं। उन्होंने कहा कि 1993 में सपा व बसपा के गठबंधन में दलित एवं अन्य कमजोर वर्गों पर अत्याचार रोकने की पहली शर्त थी, लेकिन इसके बावजूद तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने अपना रवैया नहीं बदला था और फिर बसपा को 1 जून 1995 को सरकार से अपना समर्थन वापस लेना पड़ा था। इसके अगले दिन लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड कराकर मेरे ऊपर जो जानलेवा हमला कराया गया।

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि सपा को सत्ता में बैठाने वाले कांशीराम के सम्मान में बसपा सरकार में कासगंज को जिला मुख्यालय का द़र्जा देकर कांशीराम नगर जिला बनाया गया, जो अखिलेश यादव के गले के नीचे नहीं उतरा और सपा सरकार बनते ही नाम बदल दिया गया। यह बहुजन समाज के साथ विश्वासघात है। इसी तरह उर्दू-फारसी अरबी यूनिवर्सिटी और सहारनपुर के सरकारी अस्पताल का नाम भी सपा सरकार ने ही बदला था।

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि सपा का रवैया मुस्लिम विरोधी भी रहा है। कांग्रेस की तरह ही सपा सरकारों में भी सांप्रदायिक दंगों में भारी जान-माल की हानि से लाखों परिवार प्रभावित हुए। सपा ने कांशीराम को जीते-जी सम्मान देना तो दूर उनके देहांत के बाद एक दिन का भी राजकीय शोक तक घोषित नहीं किया। सपा बहुजन समाज को जवाब दे । इसलिए सपा के इन सब दलित विरोधी व जातिवादी कृत्यों को ध्यान में रखकर बहुजन समाज के लोगों को हमेशा सावधान रहना चाहिये, यही बसपा की अपील है।

उल्लेखनीय है कि बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक और दलित नेता मान्यवर कांशीराम की जयंती हर साल 15 मार्च को मनाई जाती है।

## पुलिस मुठभेड़ में दो नकबजन गिरफ्तार तीन लाख नकद व असलहा बरामद

बरेली,। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में शाही थाना पुलिस ने नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए गुरुवार को पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तीन लाख रुपये से अधिक नकद, अवैध तमंचे और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। मुठभेड़ में एक आरोपित पैर में गोली लगने से घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। थाना शाही क्षेत्र के कस्बा स्थित मोहल्ला आजमनगर में बीती पांच-छह फरवरी की रात को चांद बाबू के घर ताला तोड़कर चोरी की घटना हुई थी। चोर घर से सोने-चांदी के आभूषण और 28 हजार रुपये नकद ले गए थे। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। थाना शाही के प्रभारी राजेश कुमार बैंसला ने बताया कि पुलिस टीम के साथ बीती रात बुधवार को क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि वारदात में शामिल आरोपित इमरान अपने साथी तौफीक के साथ चोरी के जेवर बेचकर मिले रुपये लेकर दिल्ली भागने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बीएसएनएल चौराहे के पास घेराबंदी की। इस बीच बैंक सवार दो युवकों को आता देख पुलिस के रुकने के इशारा किया लेकिन दोनों भागने लगे। पीछा करने पर शाही-मिर्ज़ापुर रोड स्थित श्मशान के पास उनकी बाइक फिसल गई और दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। इसमें इमरान के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसके साथ इमरान निवासी आजमनगर समेत दबोच लिया गया। आरोपित इमरान पर पहले से 13 और तौफीक पर आठ मुकदमे दर्ज हैं। बरामद नकदी चोरी के जेवर बेचकर प्राप्त की गई है। मामले में अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# छात्रवृत्ति व्यवस्था में बदलाव, अब कोई पात्र छात्र नहीं रहेगा वंचित : नरेंद्र कश्यप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**18 मंडलों में बनेंगे दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, सेवाएं होंगी सुलभ**

**दिव्यांग छात्राओं के लिए ई-ट्राईसाइकिल योजना से बढ़ेगी सुगमता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को अपने मंत्री आवास, 11 एनडीएमआर विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ में विभागीय उपलब्धियों एवं वर्ष 2026-27 के सामान्य बजट के संबंध में विस्तृत प्रेस वार्ता की।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के सामान्य बजट में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को ऐतिहासिक बढ़ोतरी दी गई है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का बजट इस वर्ष 3402 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है, जबकि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का बजट बढ़ाकर 2140 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

मंत्री कश्यप ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 से प्रदेश में एक भी पात्र छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहा है। यह प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले छात्रवृत्ति वितरण 31 मार्च को वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन होता था, लेकिन योगी सरकार ने व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए वर्ष 2025 में 25 सितंबर से ही छात्रवृत्ति वितरण प्रारंभ कर दिया। अब तक लगभग 20 लाख छात्र-छात्राओं को समयपूर्व छात्रवृत्ति वितरित की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री के निर्णय से छात्रवृत्ति के लिए अभिभावकों की आय सीमा 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये कर दी गई है, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा। पूर्वदशम छात्रों को मिलने वाली



छात्रवृत्ति राशि 2250 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये किए जाने की भी घोषणा की गई है। वर्ष 2026-27 में लगभग 38 लाख विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिलने की संभावना है।

मंत्री कश्यप ने बताया कि पिछड़े वर्ग की गरीब बेटियों के लिए संचालित शादी अनुदान योजना के तहत वर्ष 2026-27 में 210 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पूर्व में यह योजना केवल बीपीएल आय सीमा (ग्रामीण 46 हजार और शहरी 56 हजार रुपये) तक सीमित थी, जिसे बढ़ाकर अब ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में एक लाख रुपये वार्षिक आय तक कर दिया गया है। इससे अधिक पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिल सकेगा।

प्रदेश में संचालित 102 पिछड़ा वर्ग छात्रावासों के रखरखाव के लिए पहली बार 5 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, ताकि छात्रावासों में आधारभूत सुविधाओं का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त ट्रिपल सी एवं 'ओ' लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के लिए भी बजट की व्यवस्था की गई है, जिससे ओबीसी वर्ग के युवा सरकारी नौकरियों के लिए सक्षम बन सकें।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री कश्यप ने बताया कि दिव्यांगजन पेंशन राशि 1000 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 15 सौ रुपये प्रतिमाह होने जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व यह राशि मात्र तीन सौ रुपये थी, जिसे योगी सरकार ने चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर अब पांच गुना तक पहुंचा दिया है। पेंशन मद में 1400 करोड़ रुपये से अधिक की व्यवस्था की गई है।

प्रदेश के सभी 18 मंडलों में दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र (डीआरसी) स्थापित करने का निर्णय भी कैबिनेट द्वारा लिया गया है, जिसके लिए 7 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। इन केंद्रों के माध्यम से दिव्यांगता की प्रारंभिक पहचान, उपचार एवं उपकरण उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

दिव्यांग छात्राओं की सुविधा के लिए 60 करोड़ रुपये की नई योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत उन्हें ई-ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण एवं मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण योजनाएं पूर्ववत संचालित रहेंगी।


मंत्री कश्यप ने बताया कि चित्रकूट स्थित दिव्यांग विश्वविद्यालय, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 500 करोड़ रुपये है, अब राज्य सरकार के अधीन आ चुका है। इससे प्रदेश में दिव्यांगजनों की उच्च शिक्षा एवं बौद्धिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी।

जागरण मोर्चा
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित ।
सम्पादक
योगेश कुमार वर्मा
मो0- 7579849555,9627739857
E-mail:
www.jagranmorchadaily@gmail.com
RNI.No.-UPHIN/2022/82743
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

# नेपाल-भारत के बीच हुए जैविक विविधता संरक्षण संबंधी द्विपक्षीय समझौता पर हस्ताक्षर

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल और भारत के बीच जैविक विविधता संरक्षण संबंधी द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।



भारतीय दूतावास की तरफ से गुरुवार को जानकारी दी गई कि नई दिल्ली में नेपाल के वन तथा वातावरण मंत्री माधवप्रसाद चौलागाईं और भारत के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की उपस्थिति में यह करार हुआ। समझौते पर नेपाल की ओर से राजदूत डॉ. शंकरप्रसाद शर्मा तथा भारत की ओर से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव तन्मय कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दोनों देशों के उच्च पदस्थ अधिकारी भी उपस्थित थे।

नेपाल वन मंत्रालय के प्रवक्ता डॉ. महेश्वर ढकाल ने बताया कि नेपाल और भारत संयुक्त राष्ट्र अंतर्गत जैविक विविधता सहित विभिन्न पर्यावरण संरक्षण संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधियों के पक्षकार राष्ट्र हैं। दोनों देशों की साझा सीमा से जुड़े क्षेत्रों में संरक्षित क्षेत्र और जैविक कॉरिडोर मौजूद हैं, जहां हाथी, गैंडा और बाघ सहित कई वन्यजन्तु स्वतंत्र और निर्बाध रूप से सीमा पार आवागमन करते हैं। इस समझौते के माध्यम से दोनों देश संरक्षित क्षेत्रों के प्रबंधन, जैविक विविधता संरक्षण, वन्यजन्तु अपराध नियंत्रण, साझा रणनीति अपनाने तथा क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों की क्षमता विकास में समन्वय और सहयोग बढ़ाने की अपेक्षा कर रहे हैं। वन मंत्री चौलागाईं के अनुसार यह समझौता सीमा पार क्षेत्रों में वन्यजन्तु चोरी-शिकार और अवैध व्यापार के नियंत्रण, अध्ययन-अनुसंधान और निगरानी को सुदृढ़ करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर जनचेतना और क्षमता विकास में भी सहायक होगा। समझौते के कार्यान्वयन से सीमा क्षेत्रों में नियमित गश्ती और बैठकों के आयोजन, अनुभव और ज्ञान के आदान-प्रदान, श्रेष्ठ प्रथाओं के विकास और विस्तार तथा वन्यजन्तु एवं अवैध व्यापार संबंधी सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे दोनों देशों की जैविक विविधता संरक्षण को मजबूती मिलेगी। नेपाल की ओर से इस समझौते के क्रियान्वयन के लिए केंद्र स्तर पर मंत्रालय तथा उसके अधीन वन तथा भू-संरक्षण विभाग और राष्ट्रीय निकुञ्ज तथा वन्यजन्तु संरक्षण विभाग कार्य करेंगे। स्थानीय स्तर पर संबंधित प्रदेशों के वन तथा वातावरण मंत्रालय, संरक्षित क्षेत्र और डिविजनल वन कार्यालय समन्वय और सहयोग करेंगे।

# मतदान से ठीक पहले पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा परिवार सहित सिंगापुर पहुंचे

एजेंसी

काठमांडू। पूर्व प्रधानमंत्री तथा नेपाली कांग्रेस के पदच्युत पार्टी अध्यक्ष शेर बहादुर देउवा आगामी प्रतिनिधि सभा चुनाव से पहले सिंगापुर रवाना पहुंच गए हैं। पांच बार के प्रधानमंत्री और दस वर्षों तक पार्टी के लगातार अध्यक्ष रहे देउवा खुद को पार्टी अध्यक्ष पद से हटाए जाने के कारण नाराज चल रहे थे। इसीलिए चुनाव प्रचार के लिए आग्रह किए जाने के बावजूद वो कभी अपने निवास से बाहर नहीं निकले। मतदान से एक हफ्ते पहले अचानक से सिंगापुर चले जाने से यह स्पष्ट हो गया है कि वो अब मतदान भी नहीं करने वाले हैं। देउवा के साथ सिंगापुर गए उनके सहयोगी भानु देउवा ने गुरुवार को सिंगापुर पहुंच कर फ़ेसबुक पर यह जानकारी दी है। उनके अनुसार देउवा बुधवार देर रात 11 बजे काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल से सिंगापुर एयरलाइंस के विमान एसक्यू 441 उड़ान से सिंगापुर गए। भानु देउवा ने बताया कि वे उपचार के लिए परिवार के सदस्यों के साथ रवाना हुए हैं। शेर बहादुर देउवा के साथ उनके



बेटे जयवीर, उनकी बहू और निजी सहयोगी भानु देउवा सिंगापुर गए हैं। उनकी पत्नी तथा पूर्व विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउवा इस समय भारत के मध्य प्रदेश में हैं।

नेपाली कांग्रेस के 15 जनवरी को हुए विशेष महाधिवेशन के बाद गगन थापा के नेतृत्व में नई कार्यसमिति का चुनाव हुआ था। नेपाल के निर्वाचन आयोग की ओर से थापा नेतृत्व वाली समिति को आधिकारिक मान्यता दिए जाने के बाद से देउवा पार्टी और राजनीतिक गतिविधियों से पूरी तरह निष्क्रिय रहे हैं। इससे पहले 8 और 9 सितंबर को आयोजित जेन-जी आंदोलन के दौरान घायल होने के बाद भी देउवा उपचार के लिए सिंगापुर गए थे। हालांकि, नेपाल में राजनीतिक हालात में सुधार होने के बाद शेर बहादुर देउवा ने काठमांडू से वापस आकर पार्टी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई, लेकिन विशेष महाधिवेशन से उनको पद से हटाने का निर्णय करने के बाद नाराज होकर निष्क्रिय हो गए। पार्टी ने उन्हें इस बार उम्मीदवार भी नहीं बनाया। उनकी इच्छा थी कि वो आखिरी बार चुनाव लड़े।

# साउथ स्टार कपल विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने तेलुगु परंपरा से लिए फ़ेरे

उदयपुर। अरावली की वादियों के बीच गुरुवार को साउथ फिल्म इंडस्ट्री के चर्चित सितारे विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना विवाह सूत्र में बंध गए। दोनों ने पारंपरिक तेलुगु रीति-रिवाज से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फ़ेरे लिए। शाम को कोडावा परंपरा के अनुसार विशेष रस्में निभाई जानी हैं। शादी के बाद दूल्हे पक्ष के परिजनों ने होटल के बाहर मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी साझा की।

सुबह से ही विवाह स्थल पर उत्सवी माहौल रहा। अरावली की पहाड़ियों से घिरे लक्ज़री होटल को गुलाब, आर्किड और ट्यूलिप जैसे विदेशी फूलों से सजाया गया। मंडप को कच्चे केले के तनों और बड़े हरे पत्तों से पारंपरिक दक्षिण भारतीय शैली में सुसज्जित किया गया, जिसने समारोह को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। वेदियों के चारों ओर पीले और लाल रंग के फूलों की झालरों ने आध्यात्मिक वातावरण रचा।

विवाह से पहले रश्मिका मंदाना के माता-पिता ने दूल्हे के परिवार का पारंपरिक स्वागत किया। उन्होंने नारियल, पान के पत्ते, फल, मिठाइयां तथा हल्दी-कुमकुम भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इसके बाद विजय देवरकोंडा की माता माधवी देवरकोंडा ने रश्मिका को परिवार की पारंपरिक चूड़ियां पहनाकर उन्हें अपने परिवार की बहू के रूप में स्वीकार किया। यह भावुक क्षण उपस्थित परिजनों के लिए विशेष रहा।

रश्मिका कर्नाटक के कोडवा समुदाय से संबंध रखती हैं, जबकि विजय तेलुगु हिंदू परिवार से आते हैं। इसी सांस्कृतिक विविधता को सम्मान देते हुए विवाह समारोह को दो अलग-अलग परंपराओं में संपन्न किया जा रहा है। गुरुवार सुबह तेलुगु विधि से फ़ेरे हुए और शाम को कोडावा रीति से पारंपरिक अनुष्ठान होंगे।



विवाह समारोह में केवल करीबी मित्रों और परिवारजनों को आमंत्रित किया गया। उपस्थित प्रमुख मेहमानों में तेलुगु अभिनेता-निर्देशक राहुल रविंद्रन, फिल्म निर्माता-निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा, अभिनेत्री आशिका रंगनाथ, निर्देशक तरुण भास्कर, अभिनेत्री ईशा रेब्बा और स्टाइलिस्ट श्रव्या वर्मा शामिल रहे। सभी ने बुधवार को आयोजित हल्दी और मेहंदी समारोह में भी भाग लिया था। समारोह में नो फोन पॉलिसी लागू रही, जिससे आयोजन की निजता बनी रही।

हल्दी और मेहंदी की रस्में बुधवार को संपन्न हुई थीं, जिनकी झलक दोनों कलाकारों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की थी। पीले परिधानों में सजे दूल्हा-दुल्हन की तस्वीरें वायरल हुईं।

शादी के उपलक्ष्य में शाम को डीजे नाइट का आयोजन भी रखा गया है। इसके लिए प्रसिद्ध डीजे गणेश रंगनाथन उदयपुर पहुंच चुके हैं। वे देश-विदेश के कई हाई-प्रोफाइल आयोजनों में प्रस्तुति दे चुके हैं।

उदयपुर हाल के वर्षों में सेलिब्रिटी वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। इससे पूर्व क्रिकेटर हार्दिक पंड्या और नुपूर सेनन सहित अन्य चर्चित हस्तियों ने भी यहां भव्य समारोह आयोजित किए थे। अरावली की प्राकृतिक सुंदरता, झीलों का आकर्षण और शाही होटल्स की भव्यता इसे विवाह के लिए खास बनाती है। चार दिनों से उदयपुर में मौजूद यह स्टार कपल 23 फरवरी को अपने वेडिंग डेस्टिनेशन पर पहुंचा था। विवाह पूर्व की पारंपरिक रस्में 23 और 24 फरवरी को जारी रहीं।

# अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 100 नेपाली नागरिकों को स्वदेश भेजे जाने की तैयारी

एजेंसी

काठमांडू। अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 100 से अधिक नेपाली नागरिकों को एक साथ स्वदेश भेजने की तैयारी की है। वाशिंगटन डीसी स्थित नेपाली दूतावास ने संबंधित व्यक्तियों की नागरिकता और पहचान का प्रमाणीकरण कर लिया है। दूतावास की तरफ से जानकारी दी गई है कि अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें तत्काल काठमांडू भेजने की योजना बनाई थी,



लेकिन तकनीकी कारणों से प्रक्रिया में कुछ दिनों की देरी हो रही है। सूची में शामिल अधिकांश लोग वे युवक हैं, जो मेक्सिको के रास्ते अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश किए थे।

वाशिंगटन डीसी स्थित नेपाली दूतावास के एक अधिकारी ने बताया कि नागरिकों के दस्तावेजों का प्रमाणीकरण दूतावास की नियमित जिम्मेदारी है। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन की सूची के आधार पर दूतावास ने उनकी नेपाली नागरिकता की पुष्टि कर दस्तावेज वापस भेज दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिनकी नागरिकता प्रमाणित हो चुकी है, वे अब नेपाल लौटेंगे। चूंकि, अधिकांश अवैध प्रवासियों के पास पासपोर्ट नहीं है, इसलिए उन्हें 'एकतर्फी यात्रा अनुमति पत्र' जारी किए जाने के बाद ही विमान से भेजा जाना है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल संभालने के बाद आव्रजन नीति में कड़ी सख्ती की गई है। आंकड़ों के अनुसार जनवरी में ही 80 नेपाली नागरिक डिपोर्ट किए गए थे, जबकि फरवरी तक यह संख्या बढ़कर 101 हो गई है। ट्रम्प प्रशासन के कार्यभार संभालने के बाद से अब तक लगभग 800 से अधिक नेपाली नागरिकों को डिपोर्ट किया जा चुका है।







